www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 5 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक-330 | पृष्ठ-10 | मूल्य-3.00 रुपए




मित्रों के फायदे के लिए किसानों के हित रौंद... 02
■ शहर के सच्चे हीरो है सफाई मित्र : नगर आयुक्त
■ नगर निगम तथा एचडीएफसी बैंक के बीच... 04
■ शहबाज शरीफ ने ली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद...
■ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी हो रही लगातार ... 07
हुमा कुरैशी ने अपनी खूबसूरत तस्वीरों ... 10

## सार संक्षेप

### एनआईए करेगी बेंगलुरु कैफे विस्फोट मामले की जांच



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर्नाटक सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। सूत्रों ने सोमवार को ये जानकारी दी। सूत्रों ने इस बात की भी पुष्टि की है कि एनआईए पहले ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चुकी है। राज्य पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर एनआईए के अधिकारी पूरे मामले की जांच करेंगे।

### छह बार के तृणमूल विधायक तापस रॉय ने पार्टी छोड़ी




**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस में दरारें तब और बढ़ गईं जब छह बार के पार्टी विधायक तापस रॉय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय के कमरे से बाहर आने के बाद अपने इस्तीफे की पुष्टि की, जिन्हें उन्होंने प्रोटोकॉल के अनुसार अपना इस्तीफा सौंपा। तापस रॉय ने पुष्टि की कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित तृणमूल कांग्रेस के सभी संगठनात्मक पदों से भी इस्तीफा दे दिया है।

### गुजरात में अर्जुन मोढ़वाडिया ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** गुजरात में कांग्रेस के एक बड़े नेता अर्जुन मोढ़वाडिया ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। पत्र में उन्होंने राम मंदिर उद्घाटन समारोह में कांग्रेस के शामिल नहीं होने के फैसले को अपने इस्तीफे का कारण बताया है।

### नफे सिंह राठी हत्याकांड में दो शार्पशूटर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** आईएनएलडी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी हत्या मामले में हरियाणा और दिल्ली पुलिस ने अपनी संयुक्त कार्रवाई से दो शार्टशूटरों को पकड़ लिया है। कथित तौर पर ये दोनों ही शूटर इस हत्याकांड में शामिल थे। आरोपियों की पहचान सौरव और आशीष के रूप में हुई है। दोनों कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े हुए थे। सूत्रों के मुताबिक, दोनों को हरियाणा पुलिस एसटीएफ और स्पेशल सेल ने गोवा से पकड़ा है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में सड़क दुर्घटना, 4 की मौत




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब उनका वाहन सड़क से फिसल कर नीचे खाई में गिर गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने 25 साल पुराना फैसला पलटा

# नोट लेकर वोट दिया तो माननीयों पर मुकदमा चलेगा

**नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)।** सांसदों और विधायकों को वोट के बदले रिश्वत लेने के मामले में मुकदमे से मिली राहत छिन सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस छूट पर अपनी असहमति जताई है और साल 1998 में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में सांसदों-विधायकों को आपराधिक मुकदमे से छूट देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ ने इस मामले पर अपना फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश के अलावा संविधान पीठ में जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेपी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे।

**पीठ के सभी जज एकमत**

फैसला सुनाते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पीठ के सभी जज इस मुद्दे पर एकमत हैं कि पीवी नरसिम्हा राव मामले मे दिए फैसले से हम असहमत हैं। नरसिम्हा राव मामले में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों को वोट के बदले नोट लेने के मामले में अभियोजन (मुकदमे) से छूट देने का फैसला सुनाया था। चीफ जस्टिस ने कहा कि माननीयों को मिली छूट यह साबित करने में विफल रही है कि माननीयों को अपने विधायी कार्यों में इस छूट की अनिवार्यता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है। पीवी नरसिम्हा राव मामले में दिए फैसले की जो व्याख्या की गई है, वो संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है।

**5 अक्तूबर को सुरक्षित रखा था फैसला**

संविधान पीठ ने 1998 के झामुमो रिश्वतकांड पर दिए अपने फैसले पर पुनर्विचार के संबंध में सुनवाई पूरी कर बीते साल 5 अक्तूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्र सरकार ने वोट के मामले में मिले विशेषाधिकार का विरोध किया था।

### सीजेआई की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ ने सुनाया अपना फैसला



'संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 में रिश्वत से छूट का प्रावधान नहीं है क्योंकि रिश्वतखोरी आपराधिक कृत्य है और ये सदन में भाषण देने या वोट देने के लिए जरूरी नहीं है।'




- सुप्रीम कोर्ट का सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार
- केंद्र सरकार ने मुकदमे से छूट के विरोध में दी थी दलील

### *सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर किया पुनर्विचार*

*झारखंड की विधायक सीता सोरेन पर साल 2012 में राज्यसभा चुनाव में वोट के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। इस मामले में उनके खिलाफ आपराधिक मामला चल रहा है। इन आरोपों पर अपने बचाव में सीता सोरेन ने तर्क दिया था कि उन्हें सदन में कुछ भी कहने या किसी को भी वोट देने का अधिकार है और संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत उन्हें विशेषाधिकार हासिल है। जिसके तहत इन चीजों के लिए उनके खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। इस तर्क के आधार पर सीता सोरेन ने अपने खिलाफ चल रहे मामले को रद्द करने की मांग की थी।*

### 'आप' को दफ्तर खाली करने को कहा

*सुप्रीम कोर्ट से आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने आप को दिल्ली की कोर्ट की जमीन पर बना अपना दफ्तर खाली करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के मद्देनजर 15 जून तक की मोहलत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान हैरानी जताते हुए कई महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायाधीश ने कहा कि ताज्जुब की बात है कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट को ये जमीन ये बंगला लौटाई जाए, क्योंकि ये हाईकोर्ट के पूल में है।*




# अब उपेंद्र रावत ने चुनाव लड़ने से किया इनकार



- बाराबंकी से भाजपा ने बनाया था उम्मीदवार
- अश्लील वीडियो वायरल होने पर लिया फैसला

**नई दिल्ली, 4 मार्च (देशबन्धु)।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार उपेंद्र सिंह रावत ने कथित अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उपेंद्र रावत ने निर्दोष साबित होने तक सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ने की बात भी कही। उपेंद्र सिंह रावत अभी बाराबंकी सीट से भाजपा के सांसद हैं और उन्हें पार्टी की तरफ से फिर से यहीं से उम्मीदवार बनाया गया था। उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को अपने पोस्ट में लिखा, 'मेरा एक एडिटेड वीडियो वायरल किया जा रहा है, जो डीपफेक एआई तकनीक द्वारा जनरेटेड है, जिसकी एफआईआर मैंने दर्ज करा दी है, इसके संदर्भ में मैंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से निवेदन किया है कि इसकी जांच करवायी जाए। जब तक मैं निर्दोष साबित नहीं होता सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा।' आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तरफ से जारी 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में उपेंद्र रावत का भी नाम शामिल है। उन्हें बाराबंकी से पार्टी ने उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। लेकिन, नाम की घोषणा होने के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर उनका एक कथित अश्लील वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद वह विवादों में घिर गए।

### पवन सिंह पहले ही कर चुके हैं इनकार

इससे पहले भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया था। भाजपा ने उन्हें पश्चिम बंगाल की आसनसोल सीट से टिकट दिया था। लेकिन, पवन सिंह ने टिकट के ऐलान के 24 घंटे के अंदर ही चुनाव नहीं लड़ने का मन बना लिया।

# 'झूठी गारंटियों का झोला' लेकर घूम रहे मोदी : राहुल

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

- मोदी की नीयत युवाओं को रोजगार देने की नहीं
- सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली

**शिवपुरी, 4 मार्च (देशबन्धु)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों पद खाली हैं लेकिन सरकार इन पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है और युवाओं को सिर्फ धोखा दिया जा रहा है। श्री गांधी ने कहा कि केंद्र सरकार खुद कह रही है कि उसके विभिन्न विभागों में कई लाख पद खाली हैं। देश के युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाली मोदी सरकार का इस दिशा में कदम नहीं उठाने से साफ हो गया है कि उनकी नियत रोजगार देने की नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी 'झूठी गारंटियों का झोला' लेकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा देश के युवाओं एक बात नोट कर लो। श्री मोदी की नीयत ही रोजगार देने की नहीं है।



### मप्र में यात्रा का तीसरा दिन

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मध्य प्रदेश में सोमवार को तीसरा दिन था। शिवपुरी में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने दो मार्च को मध्य प्रदेश में प्रवेश किया था। तीसरे दिन की यात्रा की शुरुआत राहुल गांधी ने शिवपुरी से की थी।

## दिल्ली सरकार का 76,000 करोड़ का बजट पेश

# महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपए

### वित्त मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की

**नई दिल्ली, 4 मार्च (देशबन्धु)।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आप सरकार का 76 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने अपने पहले बजट भाषण में गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता देने और मुफ्त तथा उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

बजट की मुख्य विशेषताओं में से एक 'बिजनेस ब्लास्टर' कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए 15 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो वर्तमान में विशेष रूप से स्कूलों में संचालित होता है। इसका उद्देश्य नए स्टार्टअप के लिए शुरुआती फंडिंग प्रदान करना है। इसके अलावा, आतिशी ने महिलाओं को सशक्त बनाने और उनका समर्थन करने के लिए 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' के लिए दो हजार करोड़ रुपये के पर्याप्त आवंटन की घोषणा की। इसके तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र की प्रत्येक महिला को प्रति माह एक हजार रुपए मिलेंगे। बिजली के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने कहा कि 24 घंटे मुफ्त बिजली देने के बावजूद दिल्ली की सभी बिजली कंपनियां मुनाफे में हैं। आगामी वित्त वर्ष के लिए बिजली क्षेत्र के लिए 3,353 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है। आतिशी ने पुष्टि की कि आवश्यक संसाधनों तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करते हुए सभी दिल्लीवासियों को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी मिलता रहेगा, जिससे 17 लाख उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

- 20 हजार लीटर मुफ्त पानी मिलता रहेगा
- 21.57 फीसदी शिक्षा के लिए आवंटित



**11 हजार नई कक्षाओं का निर्माण किया**

शिक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए दिल्ली की वित्त मंत्री ने बुनियादी ढांचे में सुधार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, आजादी के बाद से 2014-15 तक सरकारी स्कूलों में 24 हजार कक्षाएं उपलब्ध थीं, लेकिन नौ साल के भीतर अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 11 हजार नई कक्षाओं का निर्माण किया है। बजट में कुल व्यय का 21.57 प्रतिशत शिक्षा के लिए आवंटित किया गया है।

# पहलवानों की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट करेगा सुनवाई






**नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)।** दिल्ली हाईकोर्ट पहलवान बजरंग पुनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पहलवानों ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव को गैर-कानूनी घोषित किए जाने की मांग की है। पहलवानों ने अपनी याचिका में कहा कि इस चुनाव में खेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए गए नियमों का उल्लंघन हुआ है। सुनवाई के लिए याचिका न्यायाधीश सचिन दत्ता के समक्ष सूचीबद्ध है। याचिका में दलील दी गई है कि 21 दिसंबर को हुए चुनाव में खेल मंत्रालय के नियमों की अवहेलना की गई है। इसके साथ ही फेडरेशन से मांग की गई है कि जब तक मामले का निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक सभी प्रकार की गतिविधियों पर विराम लगाया जाए। महासंघ के कार्यों का हवाला देते हुए याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ताओं के अलावा कई एथलीटों को महासंघ के कारण नुकसान उठाना पड़ा है, खासकर पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के प्रभाव की वजह से। गत वर्ष जंतर-मंतर पर पहलवानों ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। पहलानों ने आरोप लगाया था कि बृजभूषण ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कई महिला पहलवानों का यौन शोषण किया है। याचिका में अब डब्ल्यूएफआई पर विरोध करने वाले एथलीटों को चुप कराने और उन्हें दरकिनार करने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है, जिससे उनकी अंतरराष्ट्रीय भागीदारी की संभावनाएं प्रभावित हो रही हैं। पहलवानों ने खेल मंत्रालय और तदर्थ समिति के निर्देशों की लगातार अनदेखी करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 'आदतन अपराधी' करार दिया है।

**भारतीय कुश्ती महासंघ चुनाव को गैर-कानूनी घोषित करने को लेकर लगाई याचिका**

# भाजपा की दूसरी सूची के लिए 8 को बैठक

**नई दिल्ली, 4 मार्च (देशबन्धु)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारो की पहली सूची बीते शनिवार को जारी कर दी है। इसके बाद बची हुई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कब होगी,इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। हालांकि सूत्रों की माने तो भाजपा चुनाव समिति की दूसरी बैठक 8 मार्च को होने जा रही है। माना जा रहा है कि बैठक के एक-दो दिन बाद सूची जारी कर दी जाएगी। इस सूची में भी तकरीबन 200 उम्मीदवारों के नाम हो सकते है। चर्चा है कि भाजपा अपनी दूसरी सूची में एनडीए के घटक दलों को ध्यान में रखते हुए बाकी बचे अपने उम्मीदवारें की घोषणा करेगी। बतादें कि भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए में शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट), अपना दल (सोनेलाल), आल झारखंड स्टूडेंट यूनियन,नागा पीपुल्स फ्रंट नागालैंड, पट्टाली मक्कल काची, तमिल मनीला कांग्रेस, यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल और महाराष्टवादी गोमांतक पार्टी समेत कुल तकरीबन 35 से ज्यादा दल शामिल हैं। सूत्र बता रहे हैं कि दूसरी सूची में और ज्यादा मौजदा सांसदों या उम्मीदवारों का नाम काटा जा सकता है।



- दूसरी सूची में हो सकते हैं करीब 200 उम्मीदवारों के नाम
- पहली सूची में 195 उम्मीदवारो के नाम थे शामिल

# जयंत की पार्टी आरएलडी ने दो सीटों पर उतारे उम्मीदवार

- बागपत से डॉ राजकुमार सांगवान को बनाया उम्मीदवार
- बिजनौर सीट से चंदन चौहान को टिकट दिया

**नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)।** जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी ने लोकसभा की दो सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। इसमें बिजनौर सीट से चंदन चौहान को टिकट दिया है, वहीं, बागपत सीट से डॉ राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। विधान परिषद के लिए एक उम्मीदवार का एलान किया है. योगेश चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। बागपत को आरएलडी का गढ़ माना जाता है। बागपत जिले में विधानसभा की 3 सीटें हैं. साल 2012 में 2 सीट पर बीएसपी और 1 सीट पर आरएलडी जीती थी, वहीं 2017 में 2 सीट पर बीजेपी और 1 सीट पर आरएलडी को जीत मिली थी।

**आग्रह** *एसबीआई ने समय सीमा बढ़ाने की लगाई गुहार*

# चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 30 जून तक मांगा समय

**नई दिल्ली, 4 मार्च (एजेंसियां)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट से चुनावी बॉन्ड की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों चुनावी बॉन्ड स्कीम को रद्द कर दिया था। साथ ही कोर्ट ने एसबीआई को चुनावी बॉन्ड की जानकारी चुनाव आयोग को देने को कहा था। दरअसल, एसबीआई ही चुनावी बॉन्ड जारी करता था।**

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने 15 फरवरी 2024 को चुनावी बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक और आरटीआई का उल्लंघन करार देते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सीजेआई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की बेंच ने एसबीआई को अप्रैल 2019 से अब तक मिले चंदे की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने के लिए कहा था। कोर्ट ने चुनाव आयोग से 13 मार्च तक यह जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा था।




- सुप्रीम कोर्ट ने 6 मार्च की दी थी समय सीमा
- चुनावी बॉन्ड स्कीम को कर दिया था रद्द

एसबीआई ने अपने आवेदन में कोर्ट से कह कि 12 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक विभिन्न पार्टियों को चंदे के लिए 22217 चुनाव बॉन्ड जारी किए गए हैं। भुनाए गए बांड को प्रत्येक चरण के आखिरी में अधिकृत शाखाओं द्वारा सीलबंद लिफाफे में मुंबई मुख्य शाखा में जमा किए गए थे। एसबीआई ने कहा कि दोनों सूचना साइलो की जानकारी इकट्ठा करने के लिए 44,434 सेटों को डिकोड करना होगा। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय 3 हफ्ते का समय पूरी प्रोसेस के लिए पर्याप्त नहीं है।

### एसबीआई से मिलते थे चुनावी बॉन्ड

चुनावी बॉन्ड स्कीम के जरिए चंदा ऐसे राजीनीतिक दल हासिल कर सकते थे, जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत रजिस्टर्ड हैं और जिन्हें पिछले लोकसभा या विधानसभा चुनाव में एक प्रतिशत से अधिक वोट मिले हों। इसके तहत कोई भी नागरिक, कंपनी या संस्था किसी पार्टी को चंदा दे सकती थी। ये बॉन्ड 1000, 10 हजार, 1 लाख और 1 करोड़ रुपए तक के हो सकते थे।

# देश

**उवाच**

"भारतीय जनता पार्टी बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। उनके समय में कर्नाटक में क्या-क्या हुआ, उन्हें आईना देखना चाहिए। अगर भाजपा कर्नाटक को नुकसान पहुंचा रही हैं, तो वे देश और खुद को नुकसान पहुंचा रही है।

-डीके शिवकुमार,कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 09.0 |
| मुंबई | 25.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 21.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 25.0 |

# मित्रों के फायदे के लिए किसानों के हित रौंद रही केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह पूंजीपति मित्रों को फायदा देने के लिए हर कदम उठा रही है लेकिन किसानों के हितों

■ **मोदी सरकार पर लगाया किसानों की अनदेखी करने का आरोप**

को लगातार रौंदा जा रहा है। खड़गे में कहा कि अपने चुनिंदा पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए मोदी सरकार ने किसानों के हितों की लगातार बलि दी है। जब देश का अन्नदाता किसान बंपर फसल पैदा कर निर्यात करना चाहता है तब मोदी सरकार गेंहू, चावल, चीनी, प्याज, दाल आदि के निर्यात पर बैन लगा देती है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अपने पूरे कार्यकाल में भाजपा ने ऐसा ही किया है। जिसका परिणाम यह हुआ है कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में जो कृषि निर्यात 153 प्रतिशत बढ़ा था, वह भाजपाई राज में केवल 64 प्रतिशत ही बढ़ा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार की एमएसपी तथा दोगुनी आमदनी की गारंटी तो फर्फी निकली ही किसान विरोधी भाजपा ने हमारे 62 करोड़ किसानों की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब जब किसान अपना हक मांग रहे हैं तो मोदी सरकार उनसे दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने अभिवादन में जन



**संप्रग सरकार में जो कृषि निर्यात 153 प्रतिशत बढ़ा था वह भाजपाई राज में 64 प्रतिशत ही बढ़ा : मल्लिकार्जुन खड़गे**

समूह को मेरे परिवार के सदस्यों कह कर संबोधित करने पर तंज करते हुए कहा है कि समाज के पीड़ित लोग नहीं बल्कि जिन्हें खुद वह भ्रष्टाचारी और पूंजीपति बताते हैं, वे ही उनके परिवार के सदस्य हैं।

वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि मणिपुर में महिलाएं पीड़ित हैं, दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन कर रहे हैं, बेरोजगारी चरम पर है और युवा आए दिन आत्महत्या कर रहे हैं, उन सबकी बजाय मोदी के परिवार के सदस्य वे हैं, जिन्हें उनकी सरकार भ्रष्टाचारी करार देती है।

कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी. वेणुगोपाल ने कहा कि क्या मणिपुर की महिलाओं को मोदी के परिवार में जगह मिलेगी। क्या प्रधानमंत्री दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को अपना परिवार कहेंगे। रोज आत्महत्या करने को मजबूर बेरोजगार युवाओं के बारे में क्या, प्रधानमंत्री उन्हें अपना परिवार क्यों नहीं कहते। कांग्रेस नेता ने कहा कि हकीकत यह है कि सरकार केवल प्रधानमंत्री के करीबियों के लिए काम करती है,जघन्य अपराधों के आरोपियों को बचाती है और ऐसे नेताओं को शामिल करती है जिन्हें वे खुद भ्रष्ट करार देते हैं। वो है मोदी का असली परिवार।

## उज्जैन आएगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**उज्जैन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पांच मार्च को उज्जैन नगरी में पहुंचेगी। यात्रा का आगमन मक्सी रोड से होगा। उज्जैन आगमन के बाद राहुल गांधी सबसे पहले महाकाल मंदिर जाकर भगवान महाकालेश्वर को पूजन करेंगे। मंगलवार को राहुल गांधी युवा अधिकार रैली के रूप में महाकाल चौराहा से गुदरी, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, सराफा, सतीगेट, कंठाल, नई सड़क, दौलतगंज, मालीपुरा होते हुए देवासगेट चौराहा तक रोड शो करेंगे। वे वाहन में सवार रहकर जनता का अभिवादन स्वीकारते हुए आगे बढ़ेंगे। रोड शो के समापन पर देवासगेट चौराहे पर राहुल गांधी सभा को संबोधित करेंगे। सभा के बाद यात्रा के साथ राहुल गांधी बड़नगर मार्ग की तरफ आगे बढ़ेंगे। यात्रा का रात्रि विश्राम इंगोरिया में रहेगा।



## जम्मू-कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : शाह

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री



अमित शाह ने कहा है कि कि जम्मू कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। अनुच्छेद-370 को निरस्त किए जाने और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाने में मदद मिली है। एक अन्य पोस्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में आतंकवादी घटनाएं और असैनिकों की मौतों की संख्या घटी है तथा साथ ही सुरक्षा बलों के मारे जाने की घटनाओं में भी कमी आई है।

# हथियारों के आयात पर निर्भरता हो सकती है घातक साबित : राजनाथ

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश हथियारों या प्लेटफार्मों के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि यह रणनीतिक रूप से घातक हो सकता है और मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए अनेक कदम उठा रही है। सिंह ने सोमवार को यहां मानेकशॉ सेंटर में डेफकनेक्ट 2024 के दौरान उद्योग जगत, उद्यमियों, इनोवेटर्स और नीति निर्माताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता के बिना, भारत वैश्विक मुद्दों पर अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रखी जा सकती है जब हथियार और उपकरण हमारे अपने लोगों द्वारा भारत में बनाए जाएं। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं और परिणाम सकारात्मक हैं। जहां 2014 में हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपए था, वहीं आज यह एक लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और लगातार बढ़ रहा है। हमारे लगातार प्रयासों से यह बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय




■ **डेफकनेक्ट 2024 के दौरान आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

किए गए हैं, जिसमें रक्षा पूंजी खरीद बजट का 75 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के लिए निर्धारित करना भी शामिल है। सिंह ने रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला जिसमें भारत में निर्मित या निर्मित होने वाले प्रमुख प्लेटफार्मों और उपकरणों की सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची को अधिसूचित करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र को एक मंच प्रदान करने के लिए कानून-व्यवस्था, स्वस्थ और कुशल कार्यबल, कानून का शासन तथा अनुसंधान और विकास पारिस्थितिकी तंत्र जैसे कई पहलुओं की आवश्यकता है।

## रक्षा उत्पादन विभाग को दिया सुझाव

राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग को यह भी सुझाव दिया कि आने वाले वर्षों में हमें आयात की जाने वाली वस्तुओं की एक छोटी नकारात्मक सूची लानी चाहिए और पूर्ण आत्म-सम्मान हासिल करने के लिए उस सूची को खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार तथा वाणिज्य एक-दूसरे पर निर्भर हैं और निजी क्षेत्र को फलने-फूलने के लिए एक मंच की आवश्यकता है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### जम्मू में वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सोमवार को एक वाहन के खाई में गिरने से चार लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना रामसू इलाके में पोगल मालीगाम में उस समय हुई जब वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गयी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया। मृतकों की पहचान अब्दुल वहीद, मोहम्मद अयूब बाली, अदबुल रशीद व अन्नायतुल्ला के रूप में की गई है।

### भारत-नेपाल सीमा पर मूर्तियों संग तस्कर गिरफ्तार

**बनबसा/नैनीताल।** चंपावत पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी कर लाई जा रही 10 लाख रुपए मूल्य की हिंदू देवी, देवताओं की मूर्ति के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। चंपावत के पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के अनुसार भारत-नेपाल सीमा पर शारदा बैराज के पास बनबसा-शारदा चैकी पुलिस की अगुवाई में मानव तस्करी निरोधक बल (एएचटीयू) और विशेष अभियान समूह (एसओजी) टीम की ओर से संयुक्त जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान नेपाल से आ रहे यूपी 14 केटी 0757 कैंटर को रोक कर जांच की गयी तो उसमें से 10 लाख रुपये मूल्य की भारतीय देवी देवताओं की मूर्ति बरामद हुई।

### महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटना में दो किशोरों की मौत

**सतारा।** महाराष्ट्र में सतारा जिले के कास गांव में सोमवार को तेज रफ्तार वाहन के सड़क डिवाइडर से टकरा जाने से दो किशोरों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पांच किशोर कार में सवार होकर कास गांव जा रहे थे और जब वे वुड्स रिजॉर्ट के पास पहुंचे, तो चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और उसकी डिवाइडर से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई व चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### मप्र में पांचवी-आठवी बोर्ड पैटर्न परीक्षा कल से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की जा रही पांचवीं-आठवीं कक्षाओं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा छह मार्च से शुरू हो रही है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा विद्यार्थियों के सुलभ आवागमन की दृष्टि से परीक्षा के लिए नजदीकी स्कूलों में 11 हजार 986 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक बताया कि परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि ये परीक्षा केंद्र स्कूलों से कम से कम दूरी पर हों।

# शीतकालीन छुट्टियों के बाद कश्मीर के स्कूल फिर से खुले

**श्रीनगर,** 4 मार्च (एजेंसियां)। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में तीन महीने से अधिक की शीतकालीन छुट्टियों के बाद कश्मीर घाटी में स्कूल सोमवार को फिर से खुल गए जिसके कारण छात्र एवं छात्राओं में



खासा उत्साह देखा गया। प्रदेश में 28 नवंबर को शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूल एक मार्च को खुलने वाले थे, हालांकि, भारी बारिश के कारण शीतकालीन अवकाश तीन मार्च तक बढ़ा दिया गया था। कुपवाड़ा के सीमावर्ती इलाकों में भारी बारिश और हिमपात के बाद जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) की ओर से हिमस्खलन की चेतावनी जारी करने के मद्देनजर स्कूल बंद रहे। कुपवाड़ा जिला प्रशासन ने कहा कि केरन, बुडनम्बल, जुमागुंड, कुमकाडी, माछिल और करनाह सब-डिवीजन के ऊपरी इलाकों में स्कूल पांच मार्च, 2024 तक बंद रहेंगे। प्रदेश में सोमवार को तेज धूप के बीच छात्र एवं छात्राएं स्कूल लौटे।

स्कूल की ड्रेस पहने छात्र-छात्राएं बहुत खुश नजर आए और स्कूल बसों में चढ़ने के लिए छात्रों को श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में सड़क के किनारे इंतजार करते देखा गया। कुछ छात्र अपने माता-पिता के साथ स्कूल पहुंचने के लिए पैदल चलते दिखाई दिए। श्रीनगर के मॉलिंसन स्कूल की शाजिया बशीर ने कहा कि सर्दी की छुट्टियों के बाद दोस्तों और शिक्षकों से मिलने के लिए फिर से स्कूल आकर मैं बहुत खुश हूं। मैंने परीक्षाओं की तैयारी कर ली है, जो 13 मार्च से शुरू होंगी।

**बिहार विधान परिषद की 11 सीटों का चुनाव कार्यक्रम का ऐलान**

# चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करेंगे नीतीश

**पटना,** 4 मार्च (देशबन्धु)। बिहार विधान परिषद के कुल 11 सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने वाला है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एमएलसी चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी करने के बाद अब इसको लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है।

■ **जदयू कोटे से एमएलसी की दो सीटें**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी कार्यकाल समाप्त हो रहा है ऐसे में वे विदेश दौरे पर जाने से पहले मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही विदेश दौरे पर जाने वाले हैं ऐसे में विदेश जाने से पहले नीतीश मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल कर देंगे। नीतीश कुमार का आगामी 6 मई तक कार्यकाल है। जदयू कोटे से एमएलसी की दो सीटें हैं। एक पर तो खुद मुख्यमंत्री नामांकन करेंगे जबकि दूसरी सीट के लिए जेडीयू की तरफ



से कोई मुस्लिम चेहरा हो सकता है। बता दें कि बिहार विधान परिषद में निर्वाचित 11 सदस्यों का कार्यकाल मई के पहले सप्ताह में पूरा हो रहा है।

**एक सीट के लिए 21 वोट की होगी जरूरत**

विधान परिषद की एक सीट पर जीत के लिए विधानसभा के 21 सदस्यों के वोट की जरूरत होगी। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से एनडीए आसानी से छह सीटों पर जीत हासिल कर लेगा। वहीं विपक्ष को पांच सीटों पर जीत के लिए 105 विधायकों के वोट की दरकार होगी। विधान परिषद की खाली होने वाली इन सीटों पर चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधान परिषद के जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने वाला है उसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन, जदयू नेता संजय कुमार झा, कांग्रेस नेता प्रेमचंद्र मिश्रा, हम नेता संतोष कुमार सुमन, भाजपा नेता मंगल पांडेय, राजद नेता रामचंद्र पूर्वे, जदयू नेता खालिद अनवर व रामेश्वर महतो और भाजपा नेता संजय पासवान शामिल हैं। राजधानी पटना के गांधी मैदान में 3 मार्च को आरजेडी ने जनविश्वास महारैली का आयोजन किया था. इस रैली में आरजेडी के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जमकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जुबानी हमला किया. इसके साथ ही लालू यादव ने पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर डाला. लालू के इस टिप्पणी के बाद ही सियासी गर्माहट बढ़ गई और अब भाजपा आरजेडी पर पलटवार करती नजर आ रही है. साथ ही लालू यादव की आपत्तिजनक टिप्पणी पर गांधी मैदान थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

## 21 मार्च को आएगा चुनाव परिणाम

चुनाव आयोग के तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक, विधान परिषद की रिक्त होने वाली सीटों पर नामांकन की आखिरी तिथि 11 मार्च तक की गई है। उसके अगले दिन यानी 12 मार्च नामांकन की जांच होगी। इसके दो दिन बाद 14 मार्च को नामांकन वापिस लिए जाएंगे और 21 मार्च को इसके लिए चुनाव की तारीख तय की गई है। इसी दिन देर शाम तक चुनाव परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

# पूरा देश मोदी का परिवार : रविशंकर

**पटना,** 4 मार्च (देशबन्धु)। तीन मार्च को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास महारैली का आयोजन हुआ। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि नरेंद्र मोदी हिन्दू नहीं हैं। लालू ने यह भी कहा कि जब आपकी माताजी का देहांत हुआ था तब आपने बाल और दाढ़ी क्यों नहीं छिलवाया जबकि हर हिन्दू अपनी मां के शोक में केस दाढ़ी मुंडवाता है। लालू के इस बयान पर भाजपा लगातार हमलावर है। लालू के इस बयान से भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद भी हैरान हैं। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कौन हिन्दू है और कौन हिन्दू नहीं है लालू का यह ज्ञान देखकर हम भी आश्चर्यचकित हैं। रविशंकर ने कहा कि लालू कुछ तो शर्म कीजिए। आगे उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय बहुत बड़ा है उसके अंतर्गत पूरा देश है। ये लालू प्रसाद क्या समझेंगे। जिनका सिर्फ एक ही मकसद है मैं, मेरी पत्नी मेरा परिवार और बेटा-बेटी में कंप्टीशन कल देंखे ना मंच पर क्या कर रहे थे। रविशंकर ने कहा कि नरेंद्र मोदी इस पूरे देश को अपना परिवार कहते हैं। लालू का स्तर यही हो गया है उन्होंने जब बात कही तो मोदी ने बड़ा हृदय दिखाते हुए कहा कि मेरा परिवार देश के 140 करोड़ लोग है।



■ **प्रधानमंत्री पर लालू यादव के बयान पर दी प्रतिक्रिया**

रविशंकर ने पूछा कि क्या लालू प्रसाद अपने परिवार से बाहर किसी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं लालू को चुनौती देता हूं कि अपने परिवार से बाहर किसी यादव को बिहार का डिप्टी सीएम बनाकर दिखाए या किसी यादव को डिप्टी सीएम बनाए जाने की घोषणा करे। रविशंकर ने कहा कि लालू यादव के इस बयान की बहुत भर्त्सना करता हूं लालू जी कम से कम कुछ तो स्तर रखा होता जो मंच पर पूरे परिवार को दिखा रहे थे और मोदी जी का परिवार पूछ रहे थे तो मोदी जी का परिवार देश की 140 करोड़ जनता है। लालू पर हमला बोलते हुए भाजपा सांसद ने कहा जिस व्यक्ति ने इस देश में तुष्टिकरण की राजनीति की। जिस व्यक्ति ने पूरे बिहार को पीएफआई और आतंकवादियों का केंद्र बनाया।

## देश की सेवा की बात करते हैं प्रधानमंत्री

जन विश्वास यात्रा में लालू ने दिल्ली पर कब्जा करने की बात कही थी इस पर रविशंकर ने कहा कि चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला भी तो कब्जा की बात थी ना..जमीन दो नौकरी लो वो भी रेलवे पर कब्जा की बात थी। जो कब्जा की बात करते हैं उनकों बोलने दीजिए नरेंद्र मोदी देश की सेवा की बात करते हैं।

## शेखपुरा में हथियार के साथ चार गिरफ्तार

**शेखपुरा,** 4 मार्च (एजेंयिसां)। बिहार में शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर भारी संख्या में हथियार और कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि सूचना मिली थी कि बरबीघा-मेहूस सड़क पर हथियारों की बड़ी डील होने वाली है। उन्होंने बताया कि इस सूचना के आधार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बरबीघा थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। चौधरी ने बताया कि बराबीघा से मेहूस जाने वाली सड़क पर कार्रवाई के लिए पुलिस टीम तैनात की गई। इस दौरान चार व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में दिखे। एक व्यक्ति के हाथ में थैला था और अन्य व्यक्ति उससे बात कर रहे थे। पुलिस ने उन लोगों को घेरा तो वे भागने की कोशिश करने लगे।

## श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**नई दिल्ली** 4 मार्च (एजेंयिसां)। एस पी एम कॉलेज पंजाबी बाग में श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय रघुवीर नगर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनेकता में एकता वाली भारतीय संस्कृति की झलक भी साफतौर पर देखने को मिला। हरयाणवी लोक नृत्य, पंजाबी लोक नृत्य, संस्कृत नाटक, एकलगीत एवं काव्यावली आदि कार्यक्रमों ने लोगो को मंत्र मुग्ध कर दिया. बदलते भारत की तस्वीर में आज शिक्षा का बड़ा महत्व है। भारत में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब शिक्षा में रामायण और महाभारत जैसे महान ग्रंथ को शामिल करने की वकालत भी की जा रही है। कुछ ऐसा ही वक्तव्य हिंदूवादी विचारधारा को प्रमुखता से रखने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने दिए.



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय द्वारा पावन पर्व प्रबोधिनी नामक पत्रिका का लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में सत्यप्रकाश जी मंगल और मुख्य वक्ता के रूप में सर्वोच्य न्यायालय के अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय उपस्थित रहे। अश्वनी उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में हिन्दू संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब आज के समय की विशेष मांग है कि अब शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव किए जाए। विद्यालय प्रबंधन समिति मे रविंद्र गुप्ता अध्यक्ष, भूपेंद्र गाँधी, के एन पांडेय, रवि शंकर तिवारी, राकेश कोचर, कीमती लाल, धर्मपाल गर्ग एवं अमित सतीजा उपस्थित रहे।

**तैयारी** *श्रीनगर में प्रधानमंत्री मोदी की रैली को लेकर प्रशासन ने कसी कमर*

# रैली में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 4 मार्च (देशबन्धु)। प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी की सात मार्च की श्रीनगर की रैली को लेकर प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता और नेता उत्साहित हैं। इसी प्रकार कश्मीरी उनकी रैली को लेकर कई उम्मीदें लगाए बैठे हैं। जबकि प्रदेश भाजपा एक लाख की भीड़ को बख्शी स्टेडियम तक खींच लाने का टारगेट लिए हुए है तो सुरक्षाबल इतनी भीड़ को थामने की तैयारियों को लेकर चिंतित है। जानकारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार कश्मीर का दौरा करने वाले हैं, कश्मीर इंक ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए आगामी पीएम की यात्रा पर अपनी उम्मीदें लगा रखी हैं। पीएम मोदी सात मार्च को श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में एक मेगा रैली को संबोधित करने वाले हैं, जिससे स्थानीय व्यापारिक समुदाय में उम्मीदें बढ़ गई हैं, जिन्हें उम्मीद है कि यह यात्रा उनके आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगी। जम्मू-कश्मीर होटलियर्स क्लब के अध्यक्ष मुश्ताक छाया ने प्रधानमंत्री की यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यापार जगत में आशाएं और अपेक्षाएं बढ़ी हैं, जिन्हें उम्मीद है कि पीएम मोदी स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं करेंगे। जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि उन्हें 7 मार्च को बख्शी स्टेडियम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।




■ **सात मार्च को आयोजित होगी मैगा रैली**

भाजपा के जम्मू-कश्मीर प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने बताया कि रैली में एक लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हम इस मेगा इवेंट के लिए अपनी तैयारियों और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि भाजपा के कश्मीर संभाग प्रभारी सुनील शर्मा ने यहां जिला अध्यक्षों की एक बैठक की अध्यक्षता की। वे कहते थे कि चर्चा इस सभा के लिए उपस्थिति के आंकड़ों के इर्द-गिर्द घूमती रही, यह सुनिश्चित किया गया कि विभिन्न क्षेत्रों के लोग भाग ले सकें और पार्टी नेताओं को लोगों को जुटाने के लिए कहा गया। अल्ताफ के बकौल, यह एक मेगा रैली होगी और इसमें जम्मू कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग शामिल होंगे। लोग बड़ी संख्या में आएंगे और पीएम मोदी को सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर उमड़ेंगे। अल्ताफ का कहना था कि आज पार्टी के महासचिव और जम्मू कश्मीर प्रभारी तरूण चुघ रैली को लेकर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि कश्मीर में लोगों में उत्साह है, जहां भाजपा कभी अलोकप्रिय थी। ठाकुर ने कहा कि अब गरीबों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर कोई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करता है। इस बीच, पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह रैली 2024 के लिए जम्मू-कश्मीर में भाजपा के लिए चुनाव प्रचार की शुरुआत का प्रतीक होगी। उन्होंने कहा कि तैयारी चल रही है, जिसमें कश्मीर के सभी कोनों से आने की उम्मीद है।

# आप सरकार का बजट राम राज्य से प्रेरित : अरविंद केजरीवाल

■ आतिशी द्वारा पेश किया गया दिल्ली का पहला बजट ■ योजना से करीब 45 से 50 लाख महिलाओं को होगा फायदा

**नई दिल्ली**,4 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है और आम आदमी पार्टी (आप) का शासन राम राज्य से प्रेरित है। केजरीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में उठाया गया शायद विश्व का सबसे बड़ा कदम है। इस योजना के तहत प्रत्येक वयस्क महिला को 1,000 रुपए प्रति माह दिया जाएगा।

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी द्वारा विधानसभा में बजट पेश किये जाने के बाद, केजरीवाल ने कहा कि यह एक बहुत अच्छा बजट है जिसमें हर तबके के लोगों और प्रत्येक क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। आतिशी द्वारा पेश किया गया यह पहला बजट है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना, महिला सशक्तीकरण के लिए शायद विश्व का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। हम लोकसभा चुनावों के बाद इसे लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में करीब 67 लाख महिला मतदाता हैं। आयकर भुगतान करने वाली महिलाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाली महिलाओं को इसके दायरे से बाहर कर सकते हैं। मुझे लगता है कि इससे (योजना से) करीब 45 से 50 लाख महिलाओं को फायदा होगा। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बजट परिव्यय में कमी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हमें करों के केंद्रीय पूल से एक पैसा भी नहीं मिलता है। पहले, हमें 325 करोड़ रुपए मिलते थे लेकिन अब वह भी बंद हो गया है।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली सरकार का बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष के 78,800 करोड़ रुपए के मुकाबले 76,000 करोड़ रुपये है।



यह एक बहुत अच्छा बजट है जिसमें हर तबके के लोगों और प्रत्येक क्षेत्र का ध्यान रखा गया है : अरविंद केजरीवाल

## आतिशी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा

*नई दिल्ली। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपए के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपए दिए जाएंगे। आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने बिजनेस ब्लास्टर्स योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपए आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी। दिल्ली सरकार के बजट का आकार वित्त वर्ष 2022-23 में 75,800 करोड़ रुपए और इससे पिछले वित्त वर्ष में 69,000 करोड़ रुपए था।*

### बजट का प्रावधान

- निगम को 8000 करोड़ से अधिक का बजट
- खेल के लिए 118 करोड़
- स्वास्थ्य के लिए 6215 करोड़ का प्रावधान
- मोहल्ला क्लीनिक के लिए 2212 करोड़
- दवाइयों के लिए 658 करोड़
- निर्माणाधीन अस्पतालों के लिए 400 करोड़
- बिजली के लिए 3353 करोड़
- जल बोर्ड को 7195 करोड़
- इलेक्ट्रिक बसों के लिए 510 करोड़
- मेट्रो के लिए 500 करोड़
- कोर्ट परिसर के लिए 100 करोड़
- 2025 तक 8 नए फ्लाई ओवर बनेंगे
- मुख्यमंत्री सड़क योजना, मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाइट योजना के लिए 175 करोड़
- 360 गांवों में सड़कों के लिए 900 करोड़

## स्वास्थ्य व शिक्षा पर बजट आवंटन कम किया : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि 2015 के बजट के बाद से अरविंद केजरीवाल सरकार देश में सबसे अच्छे बजट में से एक देने का दावा कर रही है, जिसमें बाजार विकास पर बड़े दावों के अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों के लिए सबसे बड़ी हिस्सेदारी दर्शाती है। अनधिकृत कॉलोनियों में विकास के दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि दिल्ली सरकार के बजट ने दिल्लीवासियों को विकास के मामले में बार-बार निराश किया है और इस साल का बजट भी दिल्ली को निराश कर देगा।

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि बजट 2024 एक राजनीतिक बजट है जो दिल्ली की सभी महिलाओं को 1000 प्रति माह देने की घोषणा लाया है, लेकिन सरकार यह बताने में विफल रही है कि पिछले 4 वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों और विकलांगों को पेंशन क्यों नहीं दे रही है। केजरीवाल सरकार ने इस साल स्वास्थ्य और शिक्षा पर बजट आवंटन कम कर दिया है, बजट में नए स्कूल या अस्पताल लाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।



वित्त मंत्री आतिशी ने दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी का दावा किया है, लेकिन दूसरी तरफ उनके द्वारा दिखाए गए बजट आंकड़ों में अनुमानित राजस्व संग्रह में भारी कमी देखी गई है। पिछले साल दिल्ली का कुल बजट रु. 73760 करोड़ रुपए का था एवं राजस्व 63374 करोड़ था।

## सार संक्षेप

### धीरज शर्मा बने इंडिया यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय संयोजक



**नई दिल्ली।** इंडिया यूथ फ्रंट के दिल्ली स्थित मुख्यालय पर हुई बैठक में इंडिया गठबंधन के सभी पार्टियों के यूथ इकाई ने सर्वसम्मत से एनसीपी पवार गुट के युवा नेता धीरज शर्मा को इंडिया यूथ फ्रंट आईवाईएफ का राष्ट्रीय संयोजक चुना गया है। इस अवसर पर कांग्रेस, एनसीपी पवार गुट, सपा, आरजेडी, आप, लेफ्ट, मुस्लिम यूथ लीग, पीडीपी, एआईवाईएफ, डीवाईएफआई सहित सभी पार्टियां मौजूद रहीं। धीरज शर्मा ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने और मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं इंडिया गठबंधन का आभार व्यक्त करता हुं। मैं युवाओं, किसानों, महिलाओं और बेरोजगारों का इंडिया गठबंधन की आवाज बनूंगा एवं भाजपा द्वारा 140 करोड़ जनता को भ्रमित करने की झूठी गारंटी को बेनकाब कर आगामी चुनाव में भाजपा की हार को सुनिश्चित करने के लिए दिन रात काम करूंगा। उन्होंने बताया कि मार्च में हरियाणा में किसानों और नौजवानों के समर्थन से विशाल रैली का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद यूपी, कर्नाटक समेत पूरे देश में युवाओं किसानों के समर्थन से युवा विशाल रैली करके सरकार पर हल्ला बोल करेंगे। बेरोजगारी, महंगाई, जैसे मुद्दों को लेकर पूरे देश में आईवाईएफ बड़ा प्रदर्शन करेगा। मोदी और बीजेपी की युवाविरोधी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए पूरे देश में बूथ स्तर तक टीम बनाई जाएगी।

### नायका ने किया 'ब्यूटी बार' कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन नायका ब्यूटी बार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्राहकों को गहन और व्यक्तिगत सौंदर्य अनुभव प्रदान किए। सौंदर्य के प्रति विशेष रुझान रखने वालों को खास सौगात देते हुए, ब्यूटी बार की यह नवीनतम रेंज विभिन्न ग्लोबल और डोमेस्टिक ब्यूटी ब्रैंड्स की पेशकश करती है, जिसमें लैंकोमे, हुडा ब्यूटी, यवेस सेंट लॉरेंट, सोल डी जनेरियो, के ब्यूटी, बेड हेड, एएचसी और एल्फ कॉस्मेटिक्स शामिल हैं। प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट अनुभा डावर द्वारा आयोजित मास्टरक्लास में 100 से अधिक सौंदर्य प्रेमियों को भाग लेने का अवसर मिला। मेकअप आर्टिस्ट अनुभा ने एक कॉकटेल ग्लैम लुक तैयार किया है, जिसे दिन से लेकर रात तक कैरी किया जा सकता है। उन्होंने मॉडल की त्वचा को चमकदार बेस देने के लिए तैयार करना शुरू किया, जिसके लिए उन्होंने ईएलएफ कॉस्मेटिक्स सी-ब्राइट पुट्टी प्राइमर यूनिवर्सल शीर के साथ हुडा ब्यूटी फॉक्सफिल्टर करेक्टर का उपयोग किया। ग्राहकों द्वारा सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले बार्स तथा प्रोडक्ट्स के बारे में बोलते हुए, नायका के प्रवक्ता ने कहा कि नायका अपने महत्वपूर्ण ग्राहकों के लिए सौंदर्य की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ब्रैंड्स, प्रोडक्ट्स और ट्रेंड्स की पेशकश नए और दिलचस्प फॉर्मेट्स में करने में विश्वास रखता है।

### जल्द सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली।** जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी उन दो क्यूरेटिव याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार एवं मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 2023 में कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इन्कार कर दिया था।

## बजट में निगम के हिस्से में नहीं हुई कोई बढ़ोतरी: राजा इकबाल सिंह



**नई दिल्ली**, 4 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा पेश किए अपने बजट में दिल्ली नगर निगम को बजट में मात्र 8423 करोड रुपए दिए हैं पिछले साल भी करीब इतनी ही राशि दी थी। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि हमने देखा है कि कर्मचारियों अधिकारियों को 2 महीने और पेंशन भी 2 महीने देरी से मिल रही है यह बकाया करीब-करीब 2000 करोड रुपए है। अगर दिल्ली सरकार को पेंशन और वेतन समय से देना है तो 2000 करोड रुपए की आवश्यकता अधिक थी लेकिन दिल्ली सरकार के बजट से दिल्ली नगर निगम के डेढ़ लाख कर्मचारियों को निराशा हाथ लगी है। क्योंकि इस साल भी उन्हें वेतन और पेंशन के लिए परेशान होना पड़ेगा।

### केजरीवाल के रामराज्य में अपनों के लिए घोटाले व जनता के लिए वनवास होगा : कपूर



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार के अपनी 2024-25 बजट को रामराज्य बजट कहना उनके सस्ती 9 साल से मुसलिम तुष्टीकरण, भ्रष्टाचार घोटालों, विकास बाधित करने के आरोपों में घिरी केजरीवाल सरकार द्वारा आज अचानक रामराज्य बजट की कल्पना करना दर्शाता है की वह देश में राम मंदिर निर्माण के बाद प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में चल रही राजनीतिक समर्थन की हवा से बौखला चुके हैं और उसी लिए रामराज्य बजट जैसा शब्द चुरा कर बोला है। कपूर ने कहा है कि केजरीवाल द्वारा रामराज्य करना एक फिल्म गीत की याद दिलाता है...देखो ए बेईमानों (दिवानों) तुम यह काम ना करो राम का नाम बदनाम ना करो।

## एंबियंस मॉल की छत का बड़ा हिस्सा गिरा

**नई दिल्ली**,4 मार्च (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के ब्लू सफायर मॉल में हुई घटना के बाद सोमवार को दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज में नेल्सन मंडेला मार्ग स्थित एंबियंस मॉल की छत का हिस्सा रविवार देर रात भरभराकर गिर गया। यह हादसा माल के तीसरे फ्लोर पर हुआ। गनीमत यह रही कि यह हादसा सुबह नहीं हुआ। रविवार सुबह अवकाश के चलते हजारों लोग मॉल में आए थे। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के चलते सोमवार सुबह मॉल को अस्थाई तौर पर बंद रखा गया। पुलिस ने अपने स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। दक्षिणी पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि रात करीब पौने एक बजे माल के तीसरे फ्लोर पर सेंट्रल हाल में रखरखाव का काम किया जा रहा था। इसी बीच फार सीलिंग की साइड का हिस्सा अचानक टूट गया। इससे सारी सीलिंग भरभराकर नीचे गिर गई।

## दिल्ली में दूर होगी जाम की समस्या

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। नई सड़कों व फ्लाईओवर के निर्माण तथा पुराने के रखरखाव के लिए बजट में 1768 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। दिल्ली वालों के लिए बड़ी राहत की बात यह है कि इस वर्ष छह नए फ्लाईओवर तैयार होकर शुरू होने जा रहे हैं। इसमें दो डबल डेकर फ्लाईओवर भी शामिल हैं। जिनमें ऊपर के भाग में मेट्रो चलेगी और नीचे के भाग में वाहन चलेंगे और इसके नीचे भूतल पर भी वाहन चलेंगे।



ऐसे फ्लाईओवर शहीद मंगल पांडेय मार्ग पर भजनपुरा के पास और आजादपुर कॉरिडोर के पास बन रहे हैं। पिछले सालों में यह पहला साल होगा जिसमें इतने बड़े स्तर पर फ्लाईओवर और अंडरपास शुरू होंगे और जनता को जाम से राहत मिल सकेगी।

## दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया




**नई दिल्ली**,4 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आज दिल्ली के सभी 14 संगठनात्मक जिलों में नारी शक्ति वंदन दौड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत शाहदरा जिले के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने महिलाओं के इस दौड़ में भाग लेकर सभी का हौसला बढ़ाया। विभिन्न स्थानों पर हुई शक्तिवंदन दौड़ में मुख्य रूप से भाजपा सांसद प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, मनोज तिवारी, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज एवं प्रवीण खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र चंदोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं लता गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्षा ऋचा पांडेय मिश्रा, प्रदेश मंत्री सोना कुमारी एवं मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर एवं वैशाली पोद्दार आदि भी उपस्थित रहे। यमुना स्पोर्ट्स कॉम्पेल्स में आयोजित दौड़ में सभी को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 सालों में महिला शक्ति को जो बढ़ावा दिया है, वह अदभुत है क्योंकि जब हम 26 जनवरी की परेड देखते हैं और इस बार के कार्यक्रम में 70 फीसदी महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि 2014 में आर्मड फोर्स में महिला अधिकारी सिर्फ 3000 थी।




■ सीटू एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने में मदद करने वाले वकील हसन के घर को ढ़ाहने के खिलाफ डीडीए हेडक्वार्टर पर प्रदर्शन किया। फोटोः इम्तियाज खान

कार्यक्रम — *बेटियों को भी बेटों के समान पढ़ाई के अवसर देने की अपील*

## मेयर ने निगम प्राथमिक स्कूल जनता को किया समर्पित

**नई दिल्ली,4 मार्च (देशबन्धु)। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने आज बवाना की जेजे कॉलोनी में नवनिर्मित निगम प्राथमिक विद्यालय भवन जनता को समर्पित किया। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि नरेला देहात का इलाका है। यहां सबसे ज्यादा विकास की आवश्यकता है। हम निगम विद्यालयों में हर सुविधा एवं सहूलियत देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह नरेला क्षेत्र का 175 वां स्कूल है ।**

जोकि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं आम आदमी पार्टी का मानना है कि आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए हमें शिक्षा को प्राथमिकता देनी है। दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों और शिक्षा मॉडल की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। दिल्ली सरकार का उत्कृष्ट शिक्षा मॉडल हम निगम विद्यालयों में भी लागू करेंगे। आम आदमी पार्टी के एक साल के कार्यकाल में यह दूसरा विद्यालय भवन है,जिसका हमने उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों की तर्ज पर निगम विद्यालयों में पुस्तकालय, व्हाइट बोर्ड और अच्छे डेस्क का प्रबंध किया जा रहा है।

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने विद्यालय में उपस्थित स्थानीय नागरिकों से आव्हान किया।



नरेला देहात का इलाका है, यहां सबसे ज्यादा विकास की आवश्यकता है। हम निगम विद्यालयों में हर सुविधा एवं सहूलियत देने के लिए प्रतिबद्ध हैं : डॉ. शैली ओबरॉय

### तीन मंज़िला नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालय भवन

जेजे कॉलोनी बवाना के इस नवनिर्मित विद्यालय भवन में 12 कमरे हैं। इनमें 6 कक्षा कक्ष,1 नर्सरी कक्ष,1 कंप्यूटर कक्ष,1ऑफिस कक्ष,1 स्टाफ कक्ष,1 पुस्तकालय,1 साइंस कक्ष और प्रत्येक तल पर बालक एवं बालिकाओं के लिए टॉयलेट ब्लॉक बनाए गए हैं। यहां पर आसानी से 250 से 300 बच्चे पढ़ पाएंगे। प्रत्येक तल पर पीने के पानी की व्यवस्था की गई है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines दिनांक: 01.03.2024

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82241030A | टीडीएम1 (एडीओ-ट्रैस्टुजुमाब एम्तानसीन) इंजेक्शन 100 मिलीग्राम | 120 Nos. | 25.03.2024 |

निविदा शर्तेः- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 689/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 791/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 27.04.2022 के अनुसार मृतक स्व0 परमानन्द पुत्र रामभूल शर्मा नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान तहसील जेवर व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 18.11.2021 को हो चुकी है जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| भाईपुर ब्रहमनान | 500 | स्व0 परमानन्द पुत्र रामभूल शर्मा नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान तहसील जेवर व गौतमबुद्धनगर | श्रीमती शकुन्तला | 80 वर्ष | पत्नी |
| | | | रेवती प्रसाद | 52 वर्ष | पुत्र |
| मेन्दीपुर बांगर | 1236 1240 1241 1271/2 1288 | | शिवहरी | 62 वर्ष | पुत्र |
| | | | सतीश कुमार शर्मा | 42 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्रीमती सरोज | 51 वर्ष | पुत्री |
| | | | श्रीमती आशा | 46 वर्ष | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 438/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021 दिनांक 20.09.2021 के अनुसार मृतक स्व0 राजवीर शर्मा पुत्र बूछा शर्मा नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान तहसील जेवर व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 05.11.2019 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| भाईपुर ब्रहमनान | 632 | स्व0 राजवीर शर्मा पुत्र बूछा शर्मा नि0 ग्राम भाईपुर ब्रहमनान तहसील जेवर व गौतमबुद्धनगर | श्रीमती केलावती | 70 वर्ष | पत्नी |
| | | | रेखा देवी | 38 वर्ष | पुत्री |
| | | | सरिता देवी | 35 वर्ष | पुत्री |
| | | | चंचल शर्मा | 28 वर्ष | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अधिसूचना

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में सेवाओं की अत्यावश्यकता के कारण मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति।

20.03.2024 को या उससे पहले विभिन्न श्रेणियों (कुल 06 रिक्तियों) के लिए दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे में मासिक पारिश्रमिक के आधार पर पुनर्नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। दिनांक 20.03.2024 को पुनर्नियुक्ति के लिए अधिकतम ऊपरी आयु सीमा 64 1/2 वर्ष है। कर्मचारी को हटाया गया/बर्खास्त किया गया/अनिवार्य सेवानिवृत्त अनुशासनात्मक कार्रवाई या लंबित सतर्कता मामलों के परिणामस्वरूप या समीक्षाधीन और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फिर से नियुक्त किया जा रहा है, सुरक्षा के तहत कवर किया गया संबंधित सेवानिवृत्ति योजना/सुरक्षा कर्मचारियों के लिए गारंटीकृत रोजगार के लिए उदार सक्रिय सेवानिवृत्ति योजना (LARSGESS) पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र नहीं हैं।

अधिक जानकारी के लिए और आवेदन डाउनलोड करने के लिए हमारी वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in> हमारे बारे में> डिवीजन> दिल्ली> कार्मिक> दिल्ली डिवीजन पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की फिर से नियुक्ति (कुल 06 एनओ रिक्तियों) और www.nr पर जाएं। indianrailways.gov.in> समाचार और भर्ती > भर्ती > अधिसूचना। 684/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

गाजियाबाद नगर की असली हीरो सफाई मित्र हैं जिनके कारण शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर हो रही है जिनका ध्यान रखना गाजियाबाद नगर निगम की प्राथमिकता है। इसी क्रम में समय-समय पर इनका स्वास्थ्य चेकअप कैंप भी लगाया जाता है तथा उनके परिवारजन का भी हाल-चाल जाना जाता है।

विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त

## करोड़ों के जीएसटी फर्जीवाड़े में शामिल 25 हजार के ईनामी ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। कागजों पर 3500 से अधिक फर्जी कंपनी और फर्म बनाकर 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के 25 हजार के इनामी आरोपी ने सोमवार को सूरजपुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की तीन टीमें उसकी तलाश में दबिश दे रही थीं। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से कुर्की का वारंट जारी हो चुका था। कुर्की के डर से आरोपी ने आत्मसमर्पण किया है। इस मामले में अब तक 29 आरोपी जेल गए हैं और पांच आरोपियों की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया है। कई अन्य वांछित की तलाश में पुलिस की दबिश जारी है। एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि करोड़ों के जीएसटी फर्जीवाड़े में फरार चल रहे हरियाणा के हिसार निवासी कुणाल मेहता उर्फ गोल्डी ने सोमवार दोपहर सूरजपुर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कुणाल अपने साथियों के साथ पिछले पांच वर्षों से फर्जी फर्म जीएसटी नंबर सहित तैयार कर फर्जी बिलों का उपयोग करने के बाद जीएसटी रिफंड लेकर सरकार को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचा रहा था। कुणाल के घर की कुर्की का आदेश न्यायालय से जारी हुआ था। इस मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों के घरों की कुर्की पुलिस कर चुकी है। कई अन्य की कुर्की आगामी दिनों में करने की तैयारी है। कुणाल ने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड का दुरुपयोग करके कंपनी खोली थी।

# शहर के सच्चे हीरो है सफाई मित्र : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने योजना बनाते हुए शहर हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के लिए टीम का मोटिवेशन बढ़ाने के लिए प्रत्येक माह सफाई मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम की शुरुआत की है। गाजियाबाद नगर निगम के सभी जोन के अंदर सफाई मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें हर वार्ड का एक व्यक्ति जो उत्कृष्ट कार्य करता है उसको सम्मानित किया गया, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर वासियों से भी सफाई मित्रों का सम्मान करने तथा उनके किए जा रहे कार्यों में सहयोग करने के लिए भी अपील की जा रही है। नगर आयुक्त ने कहा कि गाजियाबाद नगर की असली हीरो सफाई मित्र हैं जिनके कारण शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर हो रही है जिनका ध्यान रखना गाजियाबाद नगर निगम की प्राथमिकता है। इसी क्रम में समय-समय पर




■ शहर के पांचों जोन में आयोजित हुए सफाई मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम

इनका स्वास्थ्य चेकअप कैंप भी लगाया जाता है तथा उनके परिवारजन का भी हाल-चाल जाना जाता है, स्वच्छ भारत मिशन की टीम तथा गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों ने मिलकर सभी जोन के अंदर सफाई मित्र सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया हर वार्ड का ऐसा सफाई मित्र जो उत्कृष्ट कार्य करता है उसको जोनल प्रभारी द्वारा माला पहनकर सम्मानित भी किया गया तथा प्रशस्ति पत्र भी दिया गया इस प्रकार के कार्य से अन्य कार्य करने वाले भी मोटिवेट होंगे तथा शहर हित में कार्य करेंगे। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी चर्चा की प्रत्येक जोंन में जोनल प्रभारी की उपस्थिति में सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया अन्य सफाई मित्रों को भी बेहतर कार्य करने के लिए मोटिवेट किया गया। नगर आयुक्त के नेतृत्व में यह कार्य लगातार जारी रहेगा तथा प्रत्येक माह बेहतर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्र को सम्मानित किया जाएगा इसी क्रम में सभी वार्डों में कार्य कर रहे सफाई मित्रों को सम्मानित किया गयाद्य कई क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सफाई मित्रों का सम्मान किया गया तथा कार्यक्रम में प्रतिभा किया जो की सराहनीय है। नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से भी शहर की स्वच्छता में सहयोग करने के लिए अपील की गई है।

## नगर निगम तथा एचडीएफसी बैंक के बीच हुआ करार

**गाजियाबाद,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम तथा एचडीएफसी बैंक के बीच गाजियाबाद 311 ऐप तथा संपत्ति कर सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन को लेकर एमओयू साइन हुआ। एचडीएफसी के क्लस्टर हेड आशीष भाटिया ने एग्रीमेंट को साइन किया उसके बाद नगर आयुक्त द्वारा एग्रीमेंट साइन किया गया। कार्यक्रम में गाजियाबाद नगर निगम के समस्त संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा एचडीएफसी बैंक की टीम भी मौके पर उपस्थित रही।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने कार्यक्रम की शुरूआत की। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए एमओयू साइन कराया गया, संपत्ति कर सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन से शहर वासी अपने संपत्ति कर का भुगतान सरलता से कर सकेंगे साथ ही संपत्ति टैक्स से जुड़े अन्य कार्य भी सरलता से हो सकेंगे इसके लिए सॉफ्टवेयर का अपग्रेडेशन करते हुए इंटीग्रेटेड किया गया है, तथा गाजियाबाद 311 ऐप को तैयार कर लिया गया है जिसके लिए एमओयू की कार्रवाई भी पूर्ण की जा चुकी है तथा शहर हित में गाजियाबाद नगर निगम बेहतर कार्य कर रहा है, कार्यक्रम में उपस्थित एचडीएफसी का प्रतिनिधित्व मंडल तथा नगर निगम की टीम द्वारा भव्यता से कार्यक्रम को सफल बनाया। 'गाजियाबाद 311 ऐप पर नगर आयुक्त द्वारा विस्तार से अपने विचार रखे गए' नगर आयुक्त द्वारा एचडीएफसी के कार्यों की सराहना करते हुए गाजियाबाद 311 ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसमें नगर निगम संबंधित लगभग 66 समस्याओं का किस प्रकार समाधान होगा विस्तार से बताया गया गाजियाबाद 311 एप न केवल शहर वासियों के लिए ही लाभकारी सिद्ध होगा बल्कि निगम अधिकारियों के लिए भी मॉनिटरिंग व अन्य कार्यों में सहयोग करेगा। 'गाजियाबाद



■ 311 ऐप तथा प्रॉपर्टी टैक्स सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन के लिए हुआ एमओयू साइन

नगर निगम की सर्विसेज संबंधित' अधिकांश संदर्भ से गाजियाबाद 311 ऐप को जोड़ा गया है जिसमें 'उद्यान, डेरी, पार्किंग ट्रेड लाइसेंस, स्ट्रीट लाइट, म्यूटेशन, कैटल कैचिंग, पानी, बोरिंग, निर्माण, अतिक्रमण, सीवर समस्या, टैक्स तथा आई टी' के कार्यों से जोड़ा गया है जिसका प्रशिक्षण समस्त विभाग की टीम को दिया जा चुका है, 'गाजियाबाद 311 अप के माध्यम से' गाजियाबाद नगर निगम संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान भी हो सकेंगे जानकारी नगर आयुक्त द्वारा दी गई पेड़ों की कटिंग का कार्य, कटिंग के उपरांत सफाई होने का कार्य पार्कों की सफाई का कार्य बैंच की की व्यवस्था का कार्य, मालियों की उपस्थिति की जानकारी अवैध डेरी की शिकायत अवैध पार्किंग की शिकायत गाजियाबाद नगर निगम पार्किंग को की शिकायत डॉग समस्याएं पार्कों की स्ट्रीट लाइट चौराहे की लाइट या अन्य क्षेत्रों की लाइट पानी के लीकेज की समस्या गंदे पानी की समस्या हैंडपंप से संबंधित संदर्भ टैक्स जमा करने का सही तरीका, म्यूटेशन का कार्य व अन्य गाजियाबाद नगर निगम संबंधित कार्य युक्त अप के माध्यम से सरलता से हो सकेंगे, साथ ही स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ई वेस्ट में अन्य कार्य भी सरलता से होंगे तथा मॉनिटरिंग का कार्य भी आसान होगा।

## महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी में जुटा नगर निगम, नगर आयुक्त पहुंचे दूधेश्वर नाथ मंदिर

**गाजियाबाद,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आज दूधेश्वर नाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया और महाशिवरात्रि की तैयारियों का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने दूधेश्वर नाथ मन्दिर के महंत नारायण गिरी जी महाराज से मुलाकात की तथा वहां की व्यवस्थाओं के बारे में विशेष रूप से चर्चा की। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा महापर्व शिवरात्रि पर, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए महंत जी ने नगर आयुक्त को अवगत कराया गया, जिसके क्रम में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को कार्य करने के निर्देश दिए गए।



नगर आयुक्त ने मंदिर परिसर के निरीक्षण के साथ-साथ आसपास के मार्गों का भी जायजा लिया, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए लगभग 15 डस्टबिन की व्यवस्था, आठ गंगाजल टैंकरों की व्यवस्था, फूल माला से आवश्यक अनुसार सौंदर्य करण की व्यवस्था, उचित प्रकाश व्यवस्था, तथा पूरे समय स्वास्थ्य कर्मियों की व्यवस्था कराई गई है, नगर आयुक्त द्वारा बैरिकेटिंग की व्यवस्था विशेष रूप से करने के लिए निर्माण विभाग को निर्देश दिए हैं। पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने बताया कि महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार विशेष सफाई अभियान तथा सभी प्रकार की व्यवस्था गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है जो की प्रशंसनीय है। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा समस्त विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### सार संक्षेप

#### ब्रोकर से बना बड़ा बिल्डर, अब किया सुसाइड



**नोएडा।** नोएडा में एक बिल्डर पर ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। बिल्डर का नाम पवन भड़ाना (46) है। उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों ने बताया कि भड़ाना काफी दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। ये ड्रीम लैंड रियल स्टेट के मालिक थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज थे। कुछ समय पूर्व बिल्डर जेल से छूटकर जमानत पर आया था। थाना फेस -2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि सेक्टर 93 स्थित पार्श्वनाथ सोसाइटी में रहने वाले पवन भड़ाना (46 ) ने सोमवार सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके परिजनों ने उसे फंदे से उतार कर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया। वहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जमानत पर छूटने के बाद वह मौजूदा समय में सेक्टर 93 स्थित सोसाइटी में रह रहे थे।

#### पड़ोसियों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**नोएडा।** पड़ोसियों पर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति और पत्नी समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में छलेरा निवासी पूनम शर्मा ने बताया कि बीते दिनों सुबह नौ बजे के करीब वह घर पर काम कर रही थी। इसी दौरान पड़ोस की शिमलेश शर्मा, उसके पति विनोद शर्मा और पुत्र राहुल शर्मा मौके पर पहुंच गए। तीनों ने शिकायतकर्ता महिला के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की। पूनम ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने छत पर रखी हुई प्लाई को तोड़कर नीचे फेंक दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

#### पति से अलग रह रही महिला घर में मिली मृत

**नोएडा।** चोटपुर कॉलोनी निवासी महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में बेड पर पड़ा मिला है। महिला के गले पर चोट के निशान हैं। शव के पास दो ग्लास और कीड़े मारने वाला केमिकल भी मिला है। मामले की गुत्थी हत्या और आत्महत्या के बीच उलझी हुई है। अभी तक इस मामले में मृतका के परिजनों की ओर से शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद महिला की मौत का सही कारण निकलकर सामने आएगा। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि बदायूं निवासी पूजा देवी चोटपुर कॉलोनी में रहती थीं। घर की पहली मंजिल पर पूजा रहती थीं,अन्य मंजिल पर किरायेदार रहते हैं। पूजा का पति बदायूं निवासी वेदपाल उससे अलग रहता है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक्सपोर्ट कंपनी में काम करने वाली पूजा की एक महिला दोस्त ने रविवार को उसके मोबाइल पर कई बार कॉल की। बार-बार फोन करने पर भी जब उधर से कोई जवाब नहीं आया तो पूजा की दोस्त दोपहर 12 बजे के करीब उसके घर पहुंच गई। घर पर पूजा अपने बिस्तर पर बेसुध अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके मुंह से झाग निकल रहा था।

## नोएडा के विकास पर खर्च हो सकते है 7000 करोड़

**नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के विकास पर करीब 7 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। ये बजट प्रस्तावित है, इसे वित्तीय बोर्ड बैठक में पास कराया जाएगा। ये वित्तीय बजट 2024-25 का होगा। बोर्ड बैठक 10 मार्च या उसके बाद हो सकती है। इस बजट में सिविल, इलेक्ट्रिकल एंड मेंटेनेंस, हार्टिकल्चर, जमीन अधिग्रहण, न्यू नोएडा, जन स्वास्थ्य विभाग को शामिल किया गया है। इससे संबंधित एक बैठक सोमवार को

■ वित्तीय बजट की तैयारी, इसी सप्ताह होगी बोर्ड बैठक, 1000 करोड़ का होगा सिविल वर्क

बोर्ड रूम में की गई। इसमें विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बता दे नोएडा के विकास के लिए हर साल वित्तीय बजट पास किया जाता है। विगत वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ का बजट पास किया गया था। वहीं 2022-23 में 4880.62 करोड़ का बजट था। बैठक में आकलन किया गया विगत बजट में कितना पैसा खर्च किया गया। कितना राजस्व मिला। इसी का आकलन करते हुए 2024-25 का बजट बनाया जा रहा है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस बार सिविल यानी विकास कार्य पर करीब 1000 करोड़, उद्यान पर 100 करोड़, इलेक्ट्रिकल एंड मैनटेनेंस पर 300 करोड़ जल पर 150 करोड़ रुपए का बजट तय किया जा रहा है। इसके अलावा लैंड बैंक के लिए 1500 करोड़ और डीएनजीआईआर के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। वहां जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। वहीं नोएडा में विकसित की जा रही इंडस्ट्री के लिए आपसी सहमति के आधार पर किसानों को राशि दी जानी है। बजट में इसका प्रावधान किया गया है। ग्रामीण विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। विगत वित्तीय वर्ष में 141 करोड़ रुपए खर्च किए जाने थे। इस बार बजट को बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा अंशधारिता के आधार पर नोएडा एयरपोर्ट कंपनी को फंड रिलीज किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को करीब दो से ढाई घंटे तक मंत्रणा की गई।

**पीएम गति शक्ति तक मिलेगा 300 करोड़**

वहीं पीएम गति शक्ति के तहत नोएडा को 300 करोड़ रुपए मिलेगा। इसे फाइनल कर लिया गया है। इसमें डीएससी रोड पर निर्माणाधीन एलिवेटड को 150 करोड़, एक्सप्रेस वे पर प्रस्तावित दो अंडरपास के लिए 50-50 करोड़ और सेफ सिटी के तहत 50 करोड़ रुपए दिया जाएगा। ताकि योजनाओं को पूरा किया जा सके।

**इस सप्ताह के अंत में हो सकती है बोर्ड बैठक**

इस बजट को बोर्ड मेंबरों के सामने रखा जाएगा। जिसे पास किया जाएगा। बोर्ड बैठक चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में होगी। जिसमें तीनों यानी नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ शामिल होंगे। बता दे ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 1 मार्च को हो चुकी है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की बोर्ड 12 मार्च को प्रस्तावित है। ऐसे में नोएडा की बैठक 10 के बाद कभी हो सकती है।

## प्राधिकरण ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का अभियान लगातार जारी है। सोमवार को प्राधिकरण के सर्किल-10 अगुआई में ग्राम गुलावली में अवैध प्लाटिंग को हटाया गया। साथ ही जमीन के चारो ओर फेंसिंग करते हुए नोएडा प्राधिकरण की जमीन का बोर्ड लगाया गया। यहां कॉलोनाइजर अवैध रूप से प्लाअ काटकर लोगों को बेच रहे थे। प्राधिकरण ने चेतावनी दी कि दोबारा यहां प्लाटिंग की गई तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुलावली गांव के खसरा नंबर 794 प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार ये जमीन नियोजित है। जमीन का एरिया करीब 2000 वर्गमीटर है। इस जमीन पर अवैध रूप से प्लाट काटे जा रहे थे। यहां ईट लगाकर कई प्लाट काटे गए। इसकी जानकारी प्राधिकरण को मिली। इसके बाद यहां जेसीबी और भारी पुलिस बल के साथ नोएडा प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। लोगों ने प्राधिकरण की टीम का विरोध किया। कुछ लोग प्लाट के बीच में खड़े हो गए। हालांकि पुलिस के समझाने के बाद वो बाहर आ गए। प्राधिकरण ने बताया कि जमीन की कीमत करीब 5 करोड़ रुपए है। जिसे खाली कराया गया है। इससे पहले भी लगातार अभियान चलाकर जमीन को कब्जा मुक्त करा रहे है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की वह कालोनाइजरों के चक्कर में न फंसे। अन्यथा वो अपनी कमाई से हाथ धो बैठेंगे। प्राधिकरण से जानकारी लेने के बाद ही जमीन खरीदे।



■ 2000 वर्गमीटर जमीन पर हो रही थी प्लाटिंग, 5 करोड़ रुपए आंकी गई कीमत

## बोर्ड में जाएगा गोल्फ कोर्स निर्माण का काम

**नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-151ए में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स का काम पैसों की कमी व पूरी जमीन नहीं मिल पाने के कारण करीब चार महीने से इसका काम बंद पड़ा है। अब नोएडा प्राधिकरण अपने स्तर से पैसे लगाने का काम बोर्ड बैठक में लाने जा रहा है। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे के पास नोएडा प्राधिकरण गोल्फ कोर्स बनवा रहा है। इसके निर्माण के समय नोएडा प्राधिकरण ने तय किया था कि इसकी सदस्यता से जो पैसा आएगा, उसी को निर्माण कार्य पर खर्च किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने गोल्फ कोर्स के लिए सदस्यता अभियान की शुरुआत की। पहले चरण में करीब साढ़े नौ सौ लोगों को इसका सदस्य बनाया गया। इनके जरिए प्राधिकरण को करीब 49 करोड़ रुपए प्राप्त हुआ। खास बात यह है कि अक्तूबर तक प्राधिकरण ने इसके निर्माण पर करीब 52 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। पैसा अधिक खर्च हो जाने पर प्राधिकरण ने निर्माण कंपनी को पैसा देना बंद कर दिया जिसकी वजह से नवम्बर 2023 में इसका काम बंद हो गया। अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कंपनी काम शुरू करने के लिए प्राधिकरण में जमा करीब 9 करोड़ के बिल का भुगतान करने की मांग कर रही है। इसके अलावा कुछ किसानों ने

■ यहां निर्माण के लिए अतिरिक्त बजट को किया जाएगा पास

भी जमीन नहीं दी है। ऐसे में परियोजना के पूरे हिस्से में जमीन की कमी भी रूकावट बनी हुई है। अब करीब चार महीने से इसका काम बंद पड़ा है। जनवरी महीने में इसका काम शुरू करने के लिए अधिकारियों ने तीन डीजीएम की अध्यक्षता में एक समिति बनाई। तय किया गया कि सर्वे कर जरूरत के हिसाब से समिति निर्माण के लिए बजट जारी करवाएगी। लेकिन कुछ नहीं हुआ। ऐसे में अब प्राधिकरण ने तय किया है कि गोल्फ कोर्स का बचा काम सदस्यता शुल्क के भरोसे न रहकर अपने बजट से कराया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। अगले सप्ताह सोमवार-मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक कराने की तैयारी है।

## बरात में जा रही इको कार नहर में गिरी, तीन भाई-बहन सहित 4 की मौत

**बुलंदशहर,** 4 मार्च (देशबन्धु)। बीती रविवार की रात बरात में जा रही एक ईको कार हादसे का शिकार हो गई। कार नहर में गिर गई। हादसे में तीन भाई-बहन सहित चार की मौत हो गई, दो अन्य की तलाश जारी है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में बड़ा हादसा हुआ। यहां बरात में जा रही एक ईको कार हादसे का शिकार हो गई। कार सवार आठ लोग नहर में डूब गए। चार के शव मिल गए हैं।बाकि एक 5 वार्षिय बच्ची और 17 वार्षिय युवक की तलाश जारी। शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। जानकारी के अनुसार, ककोड़ थाना छेत्र के गांव शेरपुर से अलीगढ़ बरात में ईको कार से एक 5 वार्षिय बच्ची सहित महिलाएं व पुरुष जा रहे थे। रविवार रात को जैसे ही जहांगीरपुर थाना छेत्र के कपना गांव स्थित नहर के पुल पर पहुंची तो जर्जर पुल से कार बेकाबू होकर गिर गई।



हादसे में कार सवार 8 लोग नहर मै डूब गए। स्थानीय गोताखोर की मदद से रात को दो लोगो को सकुशल बाहर निकाल लिया गया और बाकि लोगो की तलाश की गई सोमवार की सुबह तीन लोगों के शव भी नहर से निकाले गए, इसके अलावा तीन की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल है। शेरपुर गांव निवासी रोबिन की रविवार को अलीगढ़ के पिसावा में शादी थी। इसी शादी में शामिल होने के लिए रोबिन का भतीजा मनीष (22) पुत्र देवीराम अपने परिवार के साथ ईको कार में जा रहा था। उसके साथ उसकी बहन कांता (24), अंजलि (20), बुआ का लड़का प्रशांत (18), भांजी (17) और कैलाश (42) व 5 वार्षिय बच्ची सहित 8 लोग सवार थे। नहर मै लगातार अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।जनपद पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी घटनास्थल पर रात से ही डेरा डाले हुए हैं और लगातार घटना की निगरानी कर रहे है। एनडीआरएफ ने रेस्क्यू कर चार लोगों के शवों को निकाल लिया है बाकी दो लोगी को खोजने के लिए एनडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू कर रही है। घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री व गौतम बुध नगर सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि पीड़ित परिजनों को केंद्र सरकार की तरफ से हर संभव मदद दी जाएगी। हम पीड़ित परिजनों के साथ है पुलिस प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू कर रही है और जल्द ही 5 वर्षीय बच्ची और 17 वर्षीय युवक को भी रेस्क्यू कर ढूंढ लिया जाएगा। घटना स्थल के निरिक्षण के दौरान क्या बोले सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह बिधायक ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि क्षेत्र की यह दुखद घटना है इसके लिए सरकार और हम पीड़ित परिजनों के साथ हैं बाकी के लोगों को भी जल्दी रेस्क्यू कर ढूंढ लिया जाएगा और मृतको के परिजनों को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा राज्य सरकार की तरफ से कर दी गई है। और सरकार की तरफ से बाकि जो भी मदद हो सकती है मृतकों के परिजनों को दी जाएगी और आगे से ऐसी दुखद घटना और ना हो उसके लिए सरकार प्रयासरत है।

# सरस मेले में हुई 13 करोड़ की खरीदारी

**नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण

■ आज दीदियों को अवॉर्ड देकर हुआ समापन

■ अब 2025 में दोबारा किया जाएगा आयोजन






विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस मेले के अंतिम दिन सोमवार को भारी संख्या में खरीदारों का जनसैलाब उमड़ा। जहां एक ओर लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की, वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों के व्यंजनों का स्वाद चखा। केंद्र सरकार का चौथा सरस आजीविका मेला सोमवार 4 मार्च को संपन्न हो गया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने कहा कि देश भर की बहनों ने सरस मेले के माध्यम से अपनी जिस हस्तशिल्प कला का प्रदर्शन किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं में आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की सोच सभी दीदियों को नए आयाम उपलब्ध कराना है। सरस में आकर मुझे सभी दीदियां अपनी लगती हैं। जिस प्रकार हम घर में एक-दूसरे का सहारा होते हैं, ठीक उसी प्रकार यहां भी हम एक-दूसरे के पूरक हैं। इस अवसर पर गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सरस मेला हमारे लिए नया अनुभव रहा है। आगे भी जिला प्रशासन इस प्रकार के आयोजनों बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाएगा। देश के विभिन्न राज्यों से आई दीदियों की प्रतिभा का हम भी जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार करेंगे। सरस मेले के सभी उत्पाद मजबूत एवं टिकाऊ हैं इसलिए इन उत्पादों की जितनी सराहना की जाए कम हे।

यहां केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की डिप्युटी सेक्रेट्री निवेदिता प्रसाद ने कहा सरस मेला ग्रामीण दीदियों को आगे बढ़ाने का एक प्लेटफॉर्म और प्रयास है। यहां के उत्पाद पूरी तरह भारतीय हैं। इन आयोजनों में कुटुम्बश्री और एनआईआरडीपीआर हमारे सहायक रहे हैं। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि पहली बार यहां करीब 3 करोड़ की सेल हुई थी, जो दूसरी बार में 5 करोड़ पर पहुंची, तीसरी बार यहां करीब 10 करोड़ की सेल हुई थी, मगर इस बार बंपर सेल 13 करोड़ से ऊपर पहुंची है।

इसके लिए उन्होंने न सिर्फ नोएडावासियों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर यहां हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, नेचुरल फूड आइटम्स, इंडिया फूड कोर्ट, मिलेट्स तथा स्टेट कोऑर्डिनेटर को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टेक्सटाइल उत्पाद में पं. बंगाल मंडल को प्रथम, पंजाब की रजिंदर कौर को द्वितीय तथा तमिलनाडु की शिवा संकरी को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में आंध्र प्रदेश की मेधांत वती को प्रथम, छत्तीसगढ़ की उर्मिला मरकम को द्वितीय तथा असम की जयश्री नाथ को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नेचुरल फूड आइटम्स में केरल की नेजा फोमस को प्रथम, उड़ीसा की झरना साहू को द्वितीय तथा जम्मू-कश्मीर की महज बीना को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

उवाच

स्कूल ने विभिन्न प्रयासों और प्रेरित शक्ति के साथ, उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद की और उन्हें उत्कृष्टता की ओर अग्रसर किया। शिक्षकों और सहकर्मी समूह, सभी ने उसे अपना स्थान ढूंढने और एक उद्देश्य प्राप्त करने में सहायता की। रास्ते में हर कदम पर शिक्षकों से मिली प्रेरणा ने उन्हें अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को साकार करने में सहयोग मिला।

एकमप्रीत सिंह, एमटेक अंतिम वर्ष छात्र, शारदा विश्वविद्यालय

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण बिल्डरों के साथ 3000 बायर्स को भी देगा लाभ

- बिल्डर्स परियोजनाओं में फंसे फ्लैट बॉयर्स को भी अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ देगा यीडा
- प्राधिकरण की 12 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव
- 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजे पर लगे ब्याज व जीरो पीरियड का मिलेगा लाभ
- 1 अप्रैल 2020 से 1 मार्च 2022 तक मिलेगा जीरो पीरियड का लाभ

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण की विभिन्न बिल्डर परियोजनाओं में फंसे फ्लैट बॉयर्स के लिए अच्छी खबर है। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ बॉयर्स को भी दिया जाएगा। जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को दिए जाने वाले 64/7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजे की धनराशि प्राधिरकरण में जमा कर बॉयर्स सीधे रजिस्ट्री करा सकते हैं। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी 12 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इससे फिलहाल 3000 बॉयर्स लाभांवित होंगे। वहीं बिल्डरों द्वारा बकाया धनराशि का 25 फीसदी जमा करने पर रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी। दरअसल बिल्डर-बॉयर्स मुद्दे को हल करने के लिए नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों के तहत यमुना प्राधिकरण बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 1 मार्च 2022 तक शून्य काल और किसानों को मुआवजे के रूप में दी जानी वाली 64/7 फीसदी अतिरिक्त धनराशि के ब्याज पर लगे जुर्माना को माफ करने आदि लाभ देने जा रहा है। बिल्डर के साथ फ्लैट बॉयर्स को भी इसका लाभ मिले यमुना प्राधिकरण ने इसका भी रास्ता निकाल लिया है। यीडा सिटी की जिन बिल्डर परियोजनाओं को ऑक्यूपेंसी (ओसी) और कम्पलीशन सर्टिफिकेट (सीसी) जारी हो चुका है, उनके बॉयर्स 64/7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजे की धनराशि प्राधिकरण में जमा कर रजिस्ट्री करा सकते हैं। ऐसे बॉयर्स को शून्य काल का लाभ भी दिया जाएगा। हालांकि इससे पहले यह देखा जाएगा कि सड़क, पहुंच मार्ग और जमीन पर कब्जा आदि बिंदुओं पर ध्यान दिया जाएगा।

प्राधिकरण का मानना है कि यदि बिल्डर को लाभ दिया जा रहा है तो उसका फायदा फ्लैट बॉयर्स को भी मिलना चाहिए। फ्लैट बॉयर्स के हितों का ध्यान रखते हुए यमुना प्राधिकरण आगामी 12 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव रखने जा रहा है। बता दें कि यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एसडीएस इंफ्राकॉन, ओमनिस डवलपर्स, एटीएस, ओरिस डवलपर्स, सुपरटेक लिमिटेड, सुपरटेक टाउनशिप, सनवर्ल्ड इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रीनबे इंफ्रास्ट्रक्चर व लॉजिक्स बुल्डस्टेड समेत 8 अन्य सबलेसी बिल्डरों की परियोजनाओं में 14 हजार बॉयर्स फंसे हैं। बिल्डरों पर 5012/05 करोड़ रुपए बकाया है। सिफारिशों को लागू कराने के लिए यमुना प्राधिकरण प्राधिकरण के चेयरमैन अनिल कुमार सागार बिल्डरों के साथ बैठक कर चुके हैं।

## यमुना प्राधिकरण के बजट में हो सकता है दोगुना बढ़ोत्तरी

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण बोर्ड बैठक 12 मार्च को अध्यक्ष व प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में होगी। बोर्ड बैठक में वित्तीय साल 2024-25 के बजट भी रखा जाएगा। प्राधिकरण आठ नए सेक्टर विकसित कर रहा है, इसके अलावा सेक्टरों के अंदर आंतरिक विकास कार्य और जमीन अधिग्रहण करेगा। माना जा रहा है कि इस साल प्राधिकरण के बजट में दोगुना बढ़ोत्तरी हो सकती है। पिछले साल प्राधिकरण ने 4000 करोड़ रूपये बजट का प्रावधान किया था। बोर्ड में बैठक में आवासीय सेक्टर 18 के 2300 आवंटियों को लाभ मिल सकता है। परसौल गांव में जमीन अधिग्रहण के कारण आवंटियों को भूखंड पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है, बोर्ड में 2300 भूखंड शिफ्ट करने का प्रस्ताव रखा जा सकता है। इसके लिए अलावा किसानों के लीजबैक, शिफ्टिंग और आबादी के पेरीफेरल के अंदर सात फीसदी आबादी का भूखंड देने संबंधित प्रस्ताव भी बोर्ड में रखा जा सकता है।

- प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 12 मार्च को, कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर लंगेंगे मुहर

## नोएडा एयरपोर्ट के पास विकसित होने वाले औद्योगिक सेक्टर- 10, जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

- म्याना, आकलपुर व मकसूदपुर गांव की 243. 96 हेक्टेयर जमीन की जाएगी अधिग्रहित
- लेदर, ईवी, हैंडीक्रॉफ्ट व प्लास्टिक समेत पांच औद्योगिक पार्क किए जाएंगे विकसित
- हजारों करोड़ रुपए का निवेश, हजारों लोगों को मिलेगा रोजगार

**किस गांव की कितनी ली जा रही जमीन**

आकलपुर – 45. 6953 हेक्टेयर
म्याना – 165. 2586 हेक्टेयर
मकसूदपुर – 33. 0063 हेक्टेयर

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बसाये जाने वाले औद्योगिक सेक्टर-10 के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। म्याना, आकलपुर व मकसूदपुर समेत तीन गांवों की 243.9602 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जाएगी। यहां लेदर, इलेक्ट्रिक व्हिकल, हैंडीक्रॉफ्ट व प्लास्टिक समेत पांच औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उम्मीद है कि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर अगले कुछ महीने में योजना लाई जाएगी। दरअसल नोएडा एयरपोर्ट के चलते राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां यीडा सिटी में निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं। चमड़ा निर्यात परिषद, अखिल भारतीय प्लास्टिक उद्योग संघ, हथकरघा हस्तशिल्प कल्याण संघ और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कल्याण ट्रस्ट ने भी जमीन उपलब्ध कराने की मांग की थी, ताकि उद्योग स्थापित किए जा सकें। इसको देखते हुए ही यमुना प्राधिकरण एयरपोर्ट के पास औद्योगिक सेक्टर-10 को विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इससे प्रभावित तीन गांवों आकलपुर, म्याना व मकसूदपुर का सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन कराने के बाद सोमवार को जमीन अधिग्रहण की धारा- 11 की अधिसूचना जारी कर दी गई। जमीन अधिग्रहण करने के बाद संबंधित उद्योगों की योजना लाई जाएगी। यह सेक्टर पूरी तरह से औद्योगिक होगा।

**नोएडा एयरपोर्ट के पास बसाये जाने वाले औद्योगिक सेक्टर-10 के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धारा-11 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यहां पांच अलग- अलग औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे : डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण।**

## एसडीएस बिल्डर के 586 आवंटियों का नक्शा पास करेगा यमुना प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण यीडा सिटी के सेक्टर-17 में एसडीएस बिल्डर की परियोजना में फंसे आवंटियों को बड़ी राहत देने जा रहा है। प्लॉट की रजिस्ट्री करा चुके 586 आवंटियों का नक्शा पास किया जाएगा,ताकि निर्माण शुरू किया सके। इससे संबंधित प्रस्ताव आगामी 12 मार्च को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। दरअसल एसडीएस बिल्डर पर यमुना प्राधिकरण का 655 करोड़ रुपए बकाया है।

इसके चलते परियोजना अधर में फंसी हुई है। आवंटियों की परेशानी को देखते हुए प्राधिकरण ने बीते साल अतिरिक्त मुआवजा राशि का सीधे प्राधिकरण को भुगतान कर आवंटियों को रजिस्ट्री कराने की राहत दी थी। हालांकि इसके लिए बिल्डर से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। अब तक 586 भूखंडों की रजिस्ट्री हो चुकी है, लेकिन प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास न किए जाने से आवंटी निर्माण शुरू नहीं कर पा रहे हैं। अब प्राधिकरण ने ऐसे आवंटियों का नक्शा पास करने का भी फैसला लिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मुहर लगने के बाद नक्शा पास करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। बोर्ड की मुहर लगने के बाद 586 आवंटी नक्शा पास करा अपना घर बना सकेंगे। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि एसडीएस बिल्डर के आवंटियों का नक्शा पास किए जाने से संबंधित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। नक्शा पास होने से आवंटी निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगे।

**आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव, नक्शा पास न होने से निर्माण कार्य नहीं कर पा रहे आवंटी**

### ओसिस बिल्डर के आवंटियों की भी शुरू होगी रजिस्ट्री

यीडा सिटी में ओसिस बिल्डर की परियोजना में फ्लैट बुक करा चुके आवंटियों के लिए भी राहत भरी खबर है। अब तक 1235 फ्लैटों का कम्प्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) जारी किया जा चुका है। जिनकी रजिस्ट्री जल्द शुरू की जाएगी। फ्लैट बॉयर्स को चाबी देने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में अगले कुछ दिनों में कार्यक्रम हो सकता है। इस दौरान ओसिस बिल्डर के 100 फ्लैटों की रजिस्ट्री हो सकती है।

## चीनी नागरिक ने भारतीय नागरिकों को लगाई चपत, नेपाल का नागरिक सहित तीन गिरफ्तार



- सौ करोड़ का साइबर फ्राड करने का आरोप
- भारतीय सिम का प्रयोग कर विदेश में भारतीयों के बनाते थे निशाना

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। बिसरख पुलिस ने साइबर ठगी के एक ऐसे मामले का भंडाफोड़ किया है, जिसका मास्टरमाइंड चीनी नागरिक है। आरोपी नेपाल के रास्ते नोएडा में अवैध तरीके से घुसपैठ किया था। पुलिस ने इसके एक साथी जो नेपाल का रहने वाला है और एक अन्य दादरी निवासी को भी गिरफ्तार किया है। देश की सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी इन आरोपियों से पूछताछ करेंगे। आरोपित पिछले एक साल में 100 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुके है। पुलिस का दावा है कि तीनों आरोपितों को तीन दिन की रिमांड पर लेकर गहरे राज उगलवाए जाएंगे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा सुनीति ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी माल के समीप से चीन के रहने वाले शू यूमिंग, नेपाल के रहने वाले अनिल थापा व ग्रेटर नोएडा के दादरी के रहने वाले विनोद उर्फअगस्त्या भाटी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला है कि चीन का रहने वाला आरोपित शू यूमिंग अवैध तरीके से नेपाल के रास्ते भारत आया था। अनिल थापा उसको लेकर भारत आया था। यहां उन लोगों ने एक गिरोह बनाया जिसमें स्थानीय विनोद भाटी को शामिल किया। उसकी मदद से आरोपित फर्जी आइडी पर सिम कार्ड खरीद कर उसको कुरियर के माध्यम से विदेश भेजते थे। कंबोडिया में बैठे आरोपितों के साथी भारतीय लोगों को फोन कर उनके साथ साइबर फ्राड करते थे। साइबर फ्रॉड करने के लिए भारत से ही युवाओं को भेजा जाता था। वहां जाने के बाद वह ठगी करने में शामिल हो जाते थे। आरोपितों ने नोएडा के सेक्टर 18 में कंसलटेंसी के नाम पर आफिस खोला था। यही बैठकर आरोपित ठगी की पूरी योजना तैयार करते थे। फर्जी आइडी पर खरीदे जाने वाले सिम को इसी आफिस में एकत्र किया जाता था, उसके बाद कुरियर के माध्यम से विदेश भेजा जाता था। आरोपित ग्रेटर नोएडा वेस्ट में भी आफिस खोलने की तैयारी कर रहे थे। आरोपितों के सहयोगी घनश्याम, गणेश, विष्णु, उमेश आचार्य की भूमिका की जांच पुलिस कर रही है। सभी नेपाल के रहने वाले है। इसके अलावा इमरान के भूमिका की जांच भी पुलिस कर रही है। आरोपियों के पास से चार पासपोर्ट, फर्जी आईडी पर लिए गए 531 सिम कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, नौ मोबाइल, 11435 नेपाली करेंसी, दो डालर, पांच दिराम, 150 थाईलैंड करेंसी, पांच युआन करेंसी चाइना, 2100 कंबोडिया करंसी व 94 हजार रुपये भारतीय रुपये के अलावा तीन चेक बुक, एक डायरी, एक नेपाली नागरिका पत्र, एक एयर इंडिया का टिकट, एक शंघाई होंगेकिआओ का बोर्डिंग पास, एक स्टांप मुहर, दस क्रेडिट कार्ड।

## शिक्षक संघ ने अपनी मांग को लेकर महानिदेशक को दिया ज्ञापन

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालय को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति एवं मध्यान्ह की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारी बनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है। विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है, परंतु टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आई डी के माध्यम से सिम कार्ड खरीद कर टैबलेट चलाने का दबाव बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा द्वारा समस्याओं के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा से कई बार वार्ता कर चुका है। वार्ता में केवल आश्वासन मिलता है, समाधान नहीं। शिक्षकों का कहना है की टैबलेट चलाने के लिए सीयूजी नंबर की व्यवस्था स्कूल आई डी के नाम पर की जाए, उपार्जित अवकाश दिए जाएं, शनिवार को भी अवकाश दिया जाए, अर्ध अवकाश की व्यवस्था की जाए। उपरोक्त सभी मांगों के लिए प्रदेश के समस्त विकास खण्डो की भांति ही जनपद गौतम बुद्ध नगर के चारों विकास खण्डों में सैकड़ो शिक्षकों द्वारा महानिदेशक के लिए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा ज्ञापन दिया गया। निर्णय लिया गया कि जब तक सीयूजी नंबर नहीं मिलेगा तब तक टैबलेट को प्रयोग नहीं किया जाएगा। अगला कदम प्रदेशीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री के गजन भाटी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलेराम नागर, जिला कोषाध्यक्ष हेमराज शर्मा, रविदास ब्लॉक अध्यक्ष रवि भाटी वेद प्रकाश, सतीश नगर, सुरेश नागर, महेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



- शिक्षकों को सूचना देने के लिए टैबलेट मिला, लेकिन सिमकार्ड नहीं मिला

## रेरा में सुनवाई के 48 घण्टे पहले तक अभिलेख हो सकेंगे अपलोड

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा द्वारा अपने वेब पोर्टल पर पक्षकारों द्वारा अभिलेख अपलोड किए जाने की समय-सीमा में परिवर्तन कर दिया गया है। अब कोई भी पक्षकार रेरा की पीठ में शिकायत की सुनवाई के लिए नियत तिथि के 48 घण्टे पूर्व तक ही अभिलेख अपलोड कर सकता है। रेरा की पीठ में शिकायत के सुनवाई की तिथि से 48 घण्टा पूर्व उससे सम्बन्धित अभिलेख अपलोड करने की सुविधा बन्द कर दी जाएगी। इस सम्बन्ध में उ.प्र. रेरा द्वारा 20 फरवरी, 2024 को आदेश जारी कर दिए गए हैं। संजय भूसरेड्डी अध्यक्ष उ.प्र. रेरा ने जानकारी दी है कि रेरा में शिकायतों की सुनवाई ई-कोर्टस के अनुसार की जाती है। पक्षकारों द्वारा वर्चुअल प्लेटफार्म से सुनवाई में हिस्सा लिया जाता है। उनके द्वारा अपने कथन की पुष्टि में अभिकथन तथा अभिलेख ई-कोर्टस पोर्टल पर ऑनलाइन फाइल किए जाते हैं। रेरा ने यह देखा कि पक्षकार सुनवाई के लिए नियत समय तक अभिलेख, आपत्तियां तथा प्रतिआपत्तियां अपलोड करते रहते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि नियत तिथि से पहले दूसरे पक्ष को इन नये अभिलेखों को पढ़ने तथा तैयारी करने का अवसर नहीं मिल पाता। रेरा की पीठों को भी इन अभिलेखों का अध्ययन करने का समय नहीं मिल पाता है। इन परिस्थितियों में दूसरे पक्ष द्वारा अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक और अवसर मांगा जाता है। कुल मिलाकर शिकायत के निस्तारण में विलम्ब होता है जबकि रेरा का उद्देश्य शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करके पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। रेरा के इस निर्णय से पक्षकारों को निर्धारित तिथि से पहले अपने केस को तैयार करने का समुचित अवसर मिलेगा और शिकायतों का समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित होगा।

## एकमप्रीत को शोध करने लिए मिला शत प्रतिशत छात्रवृत्ति

**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के एमटेक अंतिम वर्ष के छात्र एकमप्रीत सिंह को जर्मनी के मैक्स प्लैंक सोसाइटी इंस्टीट्यूट से शत प्रतिशत छात्रवृत्ति के साथ जैव प्रौद्योगिकी विषय में पीएचडी करेंगे। छात्रवृति के लिए देश भर से करीब 840 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें लगभग 30 छात्रों को छात्रवृत्ति मिली। विश्वविद्यालय को धन्यवाद देते हुए, एकमप्रीत सिंह ने बताया कि स्कूल ने विभिन्न प्रयासों और प्रेरित शक्ति के साथ, उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद की और उन्हें उत्कृष्टता की ओर अग्रसर किया। शिक्षकों और सहकर्मी समूह, सभी ने उसे अपना स्थान ढूंढने और एक उद्देश्य प्राप्त करने में सहायता की। रास्ते में हर कदम पर शिक्षकों से मिली प्रेरणा ने उन्हें अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को साकार करने में सहयोग मिला। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एकमप्रीत का समर्पण और जुनून वास्तव में चमक गया है। ऐसी असाधारण प्रतिभा को निखारने के लिए पूरे शारदा विश्वविद्यालय को बधाई शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति आपकी प्रतिबद्धता हमें गौरवान्वित किया।



- शारदा विवि में एमटेक अंतिम वर्ष के हैं छात्र, जैव प्रौद्योगिकी में करेंगे शोध

## नौकरी से निकाला तो मालिक की नाक तोड़ी

**दनकौर,** 4 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के मंडपा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा दो लोगों को नौकरी से निकालना भारी पड़ गया। सभी आरोपियों ने मिलकर उसपर जानलेवा हमला कर दिया गया। इस दौरान पीड़ित की नाक की हड्डी टूट गई और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंडपा गांव के रहने वाले अरशद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह स्पेयर पार्ट्स बेचने का कार्य करते हैं। उनका कहना है कि गांव के ही दो लोग उनकी दुकान पर नौकरी करते थे। आरोप है कि विगत काफी समय से आरोपी उनकी दुकान से कीमती सामान चोरी करते आ रहे हैं। मामले की जानकारी होने पर दोनों आरोपी को कुछ दिन पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर दोनों आरोपियों ने अन्य तीन लोगों के साथ मिलकर 28 फरवरी को पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया।

## लोकसभा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा का भाजपा कार्यालय पर हुआ स्वागत

- सभी का आभार प्रकट करते हुए बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख को पार्टी की रीतिनीति को जनजन तक पहुंचाने की अपील की



**ग्रेटर नोएडा,** 4 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का भव्य स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव संचालन समिति के द्वारा किया गया, जिसमें दादरी विधानसभा, नोएडा जेवर, सिकंदराबाद खुर्जा विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की। कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संचालन समिति संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणीत भाटी ने किया। लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं वरिष्ठ जनों का स्वागत आभार व्यक्त करता हूं, पार्टी के कार्यकर्ताओं के बल और देव तुल्य जनता के विश्वास पर एक बार फिर देश में नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाएंगे। इसके लिए घर घर से प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख पार्टी की रीतिनीति सरकार के किए गए विकास कार्यों के पत्रको को देकर भाजपा को विजयी बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि गौतमबुधनगर लोकसभा में 50 हजार करोड़ से अधिक जैसे ऐतिहासिक नोएडा एयरपोर्ट खुर्जा में पावर प्लांट, नोएडा एयरपोर्ट से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने कहा कि अबकी बार फिर तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री और अपने सांसद भी तीसरी बार देश की टॉप 3 बड़ी जीत दर्ज कराएंगे। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा, लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बड़ी जीत करे, उसके लिये हमें बूथ तंत्र पर विजय करना होगा, उसके लिए बूथ पर मीटिंग कर प्रचार प्रसार करें। सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा हम सब कार्यकर्ता एक महीने डेढ़ महीने तक इस चुनावी समर में लग जाएं। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने आये सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनावी बेला में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने बूथ जीतने के लिए बूथ समिति पन्ना प्रमुख बैठक करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी, पूर्व विधायक खुर्जा बिजेंद्र खटिक, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी, लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया, प्रणीत भाटी, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, मीनाक्षी सिंह, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग धर्मेंद्र कोरी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पूर्व जिलाध्यक्ष रकमसिंह भाटी, शिवओम आदि लोग मौजूद रहे।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा–201310
जिला गौतमबुद्व नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर– हजरतपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवटन संख्या–जे.ए.टी.012817, भूखण्ड संख्या–158/जे–14, क्षेत्रफल–70 वर्ग मीटर श्री मुरारी पुत्र श्री भूरा, निवासी–ग्राम–जैतपुर वैशपुर, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री मुरारी पुत्र श्री भूरा की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान श्री वीर सिंह पुत्र स्व0 श्री मुरारी, सर्वश्री करन सिंह, सतीश पुत्रगण स्व0 श्री मुरारी, श्रीमती राजेश पुत्री स्व0 श्री मुरारी, श्री सुधीर पुत्र स्व0 श्री धीर सिंह, श्रीमती बाला पत्नी स्व0 श्री धीर सिंह, श्रीमती प्रिती, श्रीमती प्रियंका पुत्रीगण स्व0 श्री धीर सिंह, सर्वश्री विशाल, पंकज, सागर पुत्रगण स्व0 श्री कमल सिंह, श्रीमती चंचल पत्नी स्व0 श्री कमल सिंह पौत्रगण/पुत्रबधु/पौत्रीगण स्व0 श्री मुरारी, निवासी–ग्राम–जैतपुर वैशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से श्री वीर सिंह पुत्र स्व0 श्री मुरारी, निवासी–ग्राम–जैतपुर वैशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ–पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके श्री वीर सिंह पुत्र स्व0 श्री मुरारी, निवासी–ग्राम–जैतपुर वैशपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न0–1 सैक्टर नॉजिल पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला–गौतमबुद्धनगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी01 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या–जी–257, सैक्टर– बीटा–02, आकार–250 वर्गमीटर आवंटन संख्या–बी018061 के सयुंक्त आवंटी श्री अदित्य चतुर्वेदी एवं श्री हरीश चन्द्र राजौर के नाम आवंटित है। जिसमें सह आवंटी श्री हरीश चन्द्र राजौर की मृत्यु दिनांक 12.10.2022 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड के 1/2 भाग को वारिसान के आधार पर उनके पुत्र श्री राजीव चतुर्वेदी पुत्र स्वं0 हरीश चन्द्र राजौर निवासी–ब्लॉक–जी–257, सेक्टर–बीटा–02, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों मे उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामांतरण स्वं0 हरीश चन्द्र राजौर के स्थान पर उक्त भूखण्ड के उनके पुत्र श्री राजीव चतुर्वेदी पुत्र स्वं0 हरीश चन्द्र राजौर निवासी–ब्लॉक–जी–257, सेक्टर–बीटा–02, ग्रेटर नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा
जिला–गौतमबुद्व नगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1905, 19th Floor, Tower-B5, Area-85.00., Panchsheel Greens-II, Sector-16, Greater Noida जो कि Mr. Gaurav Batra & Sh. Khem Karan Batra निवासी KH-166, Kavi Nagar, Ghaziabad के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्वनगर में दिनांक 27.09.2019 को पंजीकृत है। Sh. Khem Karan Batra की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Gaurav Batra ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पिता के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वरिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Gaurav Batra S/o Late Sh. Khem Karan Batra का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# संपादकीय

नई दिल्ली, मंगलवार 5 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## असुरक्षित आधी आबादी

झारखंड में ब्राजील की एक महिला पर्यटक के साथ हुए कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार की घटना से पूरे देश का सिर शर्म से झुक जाना चाहिए। हालांकि मौजूदा माहौल को देखते हुए लगता नहीं कि बलात्कार के एक और मामले पर देश में बैठी सरकार और पूरा समाज यह विचार करेगा कि आखिर इस नैतिक पतन के कारण क्या हैं। फिलहाल इस गंभीर अपराध का विश्लेषण या तो अतिथि देवो भव के दायरे में किया जा रहा है, या फिर इसे झारखंड सरकार की अपराध को रोकने की नाकामी के तौर पर देखा जा रहा है। झारखंड में पिछले महीने ही हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने सरकार पलटने की कोशिश की, लेकिन उसमें उसे नाकामी मिली और चंपाई सोरेन ने झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार को बचा लिया। अब इस घटना के बाद भाजपा झारखंड की कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रही है। साफ तौर पर बलात्कार जैसे गंभीर अपराध के राजनीतिकरण की यह बेहूदा कोशिश है। भाजपा को सवाल उठाने ही हैं तो केवल अपने विरोधी दल की सरकार पर न उठाए, बल्कि पूरे समाज पर उठाए कि आखिर क्या वजह है कि भारत में किसी भी उम्र, जाति और धर्म की लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं। देश की आधी आबादी खुलकर न जी पा रही है, न सांस ले पा रही है, तो क्या इसे सामान्य माना जा सकता है। हम चाहें मंगल पर झंडे गाड़ लें या चांद पर चहलकदमी कर आएं, अगर लड़कियों को धरती पर बेखौफ घूमने नहीं दे सकते, तो फिर विकास और गुरुता की सारी दलीलें बेकार हैं।

ब्राजील की जिस महिला के साथ सामूहिक बलात्कार का शर्मनाक कांड हुआ, वह जानकारी में इसलिए आ गया क्योंकि पीड़िता ने अपने पति के साथ मिलकर खुद इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए साझा की। यह दंपती मोटर साइकिल से विश्व भ्रमण पर निकला है और अब तक 1 लाख 70 हजार से ज्यादा किमी का सफर अपनी-अपनी मोटर साइकिलों से करते हुए झारखंड पहुंचा था। 66 देशों से गुजरते हुए ये लोग भारत पहुंचे थे और पिछले छह महीनों में अलग-अलग राज्यों से होते हुए झारखंड पहुंचे थे, भारत के बाद उन्हें नेपाल जाना था। झारखंड में सात लोगों ने इन पर तब हमला कर दिया, जब ये अपने शिविर में सो रहे थे। पीड़िता के मुताबिक अपराधियों ने इनके साथ मारपीट की, उनका कुछ सामान भी लूटा, लेकिन उनका असली मकसद बलात्कार करना था, जिसे चाकू की नोंक पर उन्होंने किया। इस घटना की जानकारी उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी, लेकिन भाषा की दिक्कत के कारण शुरुआती कार्रवाई में दिक्कत आई, बाद में गूगल ट्रांसलेशन की मदद से पीड़िता ने आपबीती बताई। झारखंड पुलिस ने उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया है और अब तक चार आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जबकि तीन की तलाश बाकी है। इस घटना के बाद कई लोगों ने नाराजगी प्रकट करते हुए याद दिलाया कि हमारी संस्कृति अतिथि देवो भव की है। यह बिल्कुल सही है कि हमारी संस्कृति में अतिथि को देवता की तरह माना गया है। यहां यह भी याद किया जाना चाहिए कि हमारी संस्कृति में नारी को देवी का दर्जा भी दिया गया है। लेकिन संस्कृति की बातों और समाज के संस्कारों में अब जमीन-आसमान का अंतर दिख रहा है। यह पहली बार नहीं है जब किसी विदेशी महिला के साथ ऐसा व्यवहार हुआ है। अभी पिछले साल दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में एक जापानी महिला के साथ 3 लड़कों ने जबरदस्ती होली खेली थी। इस घटना से परेशान होकर महिला भारत छोड़कर बांग्लादेश चली गई। 11 मार्च को उसने इस पूरी घटना के बारे में कई ट्वीट किए थे। इससे पहले मुंबई में एक दक्षिण कोरियाई महिला यू ट्यूबर जब रात को स्ट्रीमिंग कर रही थी, इसी दौरान दो युवकों ने उसके साथ छेड़खानी की थी, यह मामला भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था। मुंबई में ही एक अमेरिकी महिला के सामने अश्लील हरकत करने के आरोप में पुलिस ने एक टैक्सी ड्राइवर को गिरफ्तार किया था।

इन मामलों में पुलिस कार्रवाई हुई, इसलिए लोगों को इसके बारे में पता चला, अन्यथा विदेशी मूल या देश की महिलाओं के साथ कई तरह की ओछी हरकतें होती रहती हैं और जब तक कोई बड़ी घटना न हो जाए, समाज इस पर परेशान नहीं होता। दरअसल समाज मानसिक तौर पर बेहद बीमार हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान में कुछ कसीदे पढ़कर और गाहे-बगाहे नारी सशक्तिकरण की बातों से हम इस बीमारी को छिपाना चाहते हैं। हम लैंगिक समानता जैसी किसी अवधारणा को ईमानदारी से स्वीकार ही नहीं कर रहे हैं, तो फिर उससे उपजी बीमारियों का इलाज तो दूर की बात है। जहां लड़कियों को माल बोल कर उनके साथ भद्दा मजाक हो, अपशब्दों के लिए महिलासूचक शब्द इस्तेमाल में लाए जाएं, जहां बिलकिस बानो के सजायाफ्ता अपराधियों को जेल से बाहर निकाल कर फूल मालाएं पहनाई जाएं और समाज उफ भी न करे, जहां प्रधानमंत्री मणिपुर में नग्न परेड का शिकार महिलाओं के लिए संवेदना के दो बोल ठीक से न बोल सके और संदेशखाली सिर्फ इसलिए पहुंचे कि वहां राजनैतिक लाभ मिलेगा, वहां महिलाओं की बराबरी या सुरक्षा की बात कैसे हो सकती है। अभी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की लड़कियों ने हिजाब पर सवाल किए तो राहुल गांधी ने सीधे कहा कि यह महिलाओं की मर्जी है, वे जो चाहे पहनें। यह जानते हुए भी कि हिजाब राजनैतिक तौर पर एक विवादास्पद विषय है, राहुल गांधी ने इसमें अपनी राय देने से परहेज नहीं किया, क्योंकि यहां सवाल महिलाओं की बराबरी और मर्जी का है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस पर अपनी बेबाक राय दे सकेंगे, इसमें संदेह है। फिलहाल दुनिया में भारत का डंका बजाने का दावा करने वाली सरकार अगर इतना ही सुनिश्चित करे कि झारखंड में हुए अपराध पर दोषियों को कड़ी सजा मिले और लड़कियों के लिए सुरक्षित माहौल बने, तो ही बहुत है। बाकी समाज विचार करे कि आधी आबादी को अपना शिकार बनाने वाली इस मानसिक बीमारी का इलाज उसे किस तरह करना चाहिए।

# 120 हराओ, देश बचाओ!

पटना की गांधी मैदान की इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक रैली में, समाजवादी पार्टी के मुखिया, अखिलेश यादव ने जब 'भाजपा हराओ, देश बचाओ' के नारे के साथ, '120 हटाओ, देश बचाओ' का नारा दिया, इस नारे का अर्थ समझने में एक मिनट लगा। बहरहाल, जब उन्होंने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के सभी अस्सी सीटों पर भाजपा को हराने के संकल्प का जिक्र किया, तो समझते देर नहीं लगी कि 120 का आंकड़ा, उत्तर प्रदेश की 80 और बिहार की 40 सीटों के योग का है। इन 120 सीटों पर भाजपा को हरा दिया, तो भाजपा का केंद्र में सत्ता से बाहर होना तय है। याद रहे कि 2019 के आम चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 सीटें भाजपा और 2 सीटें उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के खाते में गयी थीं और बिहार की 40 में से 39 सीटें भाजपा और उसके सहयोगियों के खाते में। सरल गणित के हिसाब से भी ये 103 सीटें अगर भाजपा और उसके सहयोगियों के हाथ से खिसक जाएं तो, पिछली बार का उसका सहयोगियों समेत आंकड़ा, सवा दो सौ के करीब रह जाएगा और वह सत्ता से बाहर हो जाएगी। ऐसा पूरी तरह से हो सकने की वास्तविक संभाव्यता के प्रश्न से अलग, इस गणित से इस चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश तथा बिहार के चुनावी समीकरणों की, 2024 के चुनाव में भाजपा का खेल बिगाड़ सकने की सामर्थ्य का तो अंदाजा लग ही जाता है।

इसी संदर्भ में 3 मार्च की पटना रैली के संकेत खास महत्व ले लेते हैं। इस रैली में भाग लेने वालों की ठीक-ठीक संख्या की बहस में हम नहीं जाएंगे। बहरहाल, ज्यादातर अनुमानों में एक बात समान है कि यह पटना के गांधी मैदान में हुई अब तक की सबसे बड़ी सभाओं में से एक थी और इसमें श्रोताओं की संख्या का आंकड़ा दस लाख के करीब जरूर रहा होगा। इस रैली में राजद के हरे और कम्युनिस्टों के लाल झंडों की भरमार से और रैली के मुख्य वक्ताओं के भाषणों के दौरान, श्रोताओं के उत्साह से कम से कम इतना तो साफ ही था कि बिहार में इंडिया गठबंधन की मुख्य प्रहार शक्ति के रूप में, राजद और कम्युनिस्ट पार्टियों के नेता और जमीनी स्तर तक के कार्यकर्ता, उत्साह के साथ मैदान में उतर चुके हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि इस रैली से पहले, तेजस्वी यादव के दस दिन के जबर्दस्त सड़क दौरे से पैदा हुई गति और कार्यकर्ताओं के उत्साह को, इस रैली ने और धार दे दी है।

पटना से हुई इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों की इस धमाकेदार शुरूआत को, आने वाले हफ्तों में तथा चुनाव के समय तक किस हद तक बनाए रखा जाता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, इस रैली से कम से कम इतना तय हो गया है कि नीतीश कुमार की पल्टी से, भाजपा ने बिहार में एनडीए के बिखरने तथा उसकी चुनौती के खत्म हो जाने की जो उम्मीदें लगायी होंगी, पूरी होती नजर नहीं आती हैं। नीतीश कुमार के भाजपा के पाले में लौट जाने के बावजूद, इंडिया गठबंधन उसके लिए एक प्रभावी चुनौती बना हुआ है। इस संदर्भ में यह याद दिलाना भी अप्रासंगिक नहीं होगा कि बिहार में विधानसभा के पिछले चुनाव में, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही, भाजपा-जदयू गठजोड़ मैदान में था, राजद के नेतृत्व में महागठबंधन ने उसके लिए हार-जीत की चुनौती खड़ी कर दी थी, जिसमें कुछेक हजार वोट के अंतर से ही नीतीश कुमार की सत्ता में वापसी हुई थी और राजद विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई थी। उसी स्थिति की वापसी भी, बिहार में एनडीए के लिए गंभीर चुनौती खड़ी हो जाने को और उसके लिए 2019 का नतीजा दोहराना, लगभग असंभव हो जाने को तो दिखाती ही है।



राजेंद्र शर्मा

> **अखिलेश यादव के '120 हटाओ' के नारे का विशेष महत्व यह है कि यह हिंदी हृदय प्रदेश में, जो कि भाजपा का गढ़ है, उसे वास्तविक चुनौती दिए जाने की संभावनाओं को सामने ले आता है। भाजपा, दक्षिण और पूर्व से पहले ही बहुत हद तक बाहर है, उत्तर के उसके गढ़ में जहां 2019 के मुकाबले वह पहले ही हर तरह से कमजोर स्थिति में है, अगर उसे तगड़ा झटका भी लग जाए, तो भाजपा को सत्ता से बाहर जाना पड़ सकता है।**

पटना रैली का उत्साही जन सैलाब, इससे आगे और चुनावी संतुलन बदल जाने का इशारा करता है। और इंडिया के खाते में एक से आगे जितनी भी सीटें, उतना ही अखिलेश के नारे को सच करने की दिशा में प्रगति।

और अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश का क्या? पिछले ही दिनों हुए राज्यसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में भाजपा के समाजवादी पार्टी के सात विधायक तोड़कर, अपना आठवां उम्मीदवार जितवा लेने के बाद, भाजपा नेताओं/ प्रवक्ताओं ने बार-बार, 'अबकी बार, अस्सी पार' का नारा दोहराया है। यह एक प्रकार से अखिलेश यादव के 'अस्सी हटाओ' के नारे की उलट है। बहरहाल, भाजपा के इस नारे के सिलसिले में यह दर्ज करना भी जरूरी है कि 2019 के चुनाव में खुद 62 और सहयोगी अपना दल के साथ मिलकर 64 सीटें जीतने के बाद से भाजपा, अन्य चीजों के अलावा पिछले ही दिनों, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्षेत्रीय पार्टी राष्ट्रीय लोकदल को, सपा के साथ उसका गठबंधन तुड़वाकर, अपने पाले में लाने में कामयाब रही है। इसके अलावा, इसी दौरान उत्तर प्रदेश में उसने सुहेलदेव समता समाज पार्टी, निषाद समाज पार्टी आदि, कुछ अपेक्षाकृत छोटी जातिगत आधार वाली पार्टियों को भी, अपने साथ ले लिया है।

इस सब के अलावा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष उपायों से भाजपा यह सुनिश्चित करने में भी कामयाब रही है कि 2019 के चुनाव के विपरीत, इस बार बहुजन समाज पार्टी अपने सीधे नुकसान की संभावनाओं के बावजूद, समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करने के बजाय, तीसरा मोर्चा खोलते हुए अकेले चुनाव लड़े और इस प्रकार, भाजपाविरोधी वोटों का बंटना सुनिश्चित करे। जानकारों के अनुसार तो भाजपा का प्रयास यह भी है कि बसपा, ओवैसी की पार्टी एमएआईएम के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़े, जिससे भाजपा विरोधी वोट का ज्यादा से ज्यादा बंटवारा कर सके। लेकिन विडंबना यह है कि इस सब के बावजूद, इस लोकसभा में सबसे ज्यादा सदस्य भेजने वाले उत्तर प्रदेश में ही भाजपा, विशेष आश्वस्त नजर नहीं आ रही है।

उप्र को लेकर भाजपा के आशंकित होने कुछ अंदाजा इस तथ्य से लग जाता है कि उसने कुल 195 सीटों की अपनी जो सूची जारी की है, उसमें उत्तर प्रदेश की 51 सीटों पर जो उम्मीदवार घोषित किए गए हैं, उनमें पूरी 43 सीटों पर अपने निवर्तमान लोकसभा सदस्यों को उतारने की रक्षात्मक रणनीति का ही सहारा लिया गया है। और तो और भाजपा ने खीरी से, गृहराज्य मंत्री, टेनी को दोबारा उतार दिया है, जिसके बेटे ने किसानों पर जीप चढ़ाकर, चार आंदोलनकारी किसानों और एक पत्रकार की हत्या कर दी थी और खुद टेनी पर भी इस सिलसिले में हत्यारे की मदद करने समेत आरोप लगे थे। शेष 8 सीटें ऐसी हैं, जिन पर 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हार गए थे और इनमें कम से कम तीन सीटों पर, दबबदल के जरिए हथियाए गए बसपा सांसद समेत, दूसरी पार्टियों से आयातित नेता उतारे गए हैं। इसी समीकरण से जौनपुर से, मुंबई से कांग्रेस के विवादों रहे नेता, कृपाशंकर सिंह को उतारा गया है, जो महाराष्ट्र में कांग्रेस की राज्य सरकार में मंत्री भी रहे थे। यानी उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी की डबल इंजन लोकप्रियता के सारे दावों से लेकर, राम मंदिर बनने से लेकर अब काशी व मथुरा में वैसे ही विवादों को हवा दिए जाने के सारे सहारों के बावजूद, भाजपा पिछली बार कामयाबी दिलाने वाले संतुलन में जरा सी भी छेड़छाड़ करने से डर रही है।

बेशक, भाजपा का यह डर अकारण भी नहीं है। इस डर के पीछे एक तो यह तथ्य है कि 2022 के आरंभ में हुए विधानसभाई चुनाव में भाजपा दोबारा सरकार में आ जरूर गयी थी, लेकिन अपनी पचास से ज्यादा सीटें गंवाने के बाद। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने अपने मत फीसद तथा सीटों में उल्लेखनीय सुधार किया था और वह निर्विवाद रूप से मुख्य विपक्षी पार्टी बनकर सामने आई थी। उसी अनुपात में बसपा का ग्राफ नीचे गया था, जो उसके बाद से नीचे ही बैठता गया है। इससे भाजपाविरोधी वोट में बंटवारा कराने की बसपा की सामर्थ्य पहले से काफी कम हो गई है। यही नहीं, विधानसभा चुनाव के बाद सपा से जीते दारासिंह चौहान के भाजपा-प्रेरित दल-बदल के बाद, उनकी ही विधानसभाई सीट पर हुए हाई वोल्टेज उपचुनाव में, आदित्यनाथ सरकार तथा भाजपा के सारी ताकत झोंकने के बाद भी, भाजपा की रिकार्ड वोटों से हार हुई थी। भाजपा की इस हार का एक उल्लेखनीय पहलू यह भी था कि इस बीच इंडिया गठबंधन का विचार सामने आ चुका था और इस उपचुनाव में सपा उम्मीदवार ने, इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार के रूप में ही खुद को पेश किया था और अपनी जीत को भी इसी रूप में पेश किया था।

अब समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर समझौते के साथ, जिसके तहत कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ने जा रही है, इंडिया गठबंधन कमोबेश अंतिम रूप से सामने आ चुका है। लोकदल का भाजपा के पाले में चले जाना बेशक, इंडिया गठबंधन के विचार के लिए उसी प्रकार एक धक्का है, जैसे मायावती का एकला चलो रे का ऐलान। लेकिन, राहुल गांधी की न्याय यात्रा को पिछले दिनों खासतौर पर पूर्वी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोगों का जैसा उत्साहपूर्ण समर्थन मिला था, उससे ऐसा लगता है कि इन धक्कों का नुकसान सीमित ही होगा। दूसरी ओर, अगर इस यात्रा तथा उससे निकली प्रेरणाओं से कांग्रेस अपने 2009 तक के आधार का एक हिस्सा भी फिर से सक्रिय करने में कामयाब हो जाती है, तो इंडिया गठबंधन उप्र में भाजपा के लिए वास्तविक चुनौती बन सकता है। और अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का रोजगार जैसे विशेष रूप से युवाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर जोर, चुनाव में पांसा भी पलट सकता है।

इसलिए, अखिलेश यादव के '120 हटाओ' के नारे का विशेष महत्व यह है कि यह हिंदी हृदय प्रदेश में, जो कि भाजपा का गढ़ है, उसे वास्तविक चुनौती दिए जाने की संभावनाओं को सामने ले आता है। भाजपा, दक्षिण और पूर्व से पहले ही बहुत हद तक बाहर है, उत्तर के उसके गढ़ में जहां 2019 के मुकाबले वह पहले ही हर तरह से कमजोर स्थिति में है, अगर उसे तगड़ा झटका भी लग जाए, तो भाजपा को सत्ता से बाहर जाना पड़ सकता है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विकास का लाभ वंचितों को भी मिले

■ अंजन रॉय

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने शुक्रवार को जारी सकल घरेलू उत्पाद में चौथी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाकर अर्थशास्त्रियों, विशेषज्ञों और वित्तीय बाजारों को भ्रमित कर दिया है। इन जीडीपी आंकड़ों के जारी होने से अर्थशास्त्रियों और टिप्पणीकारों के बीच यह साबित करने के लिए एक-दूसरे को मात देने का दौर शुरू हो गया है कि वे सांख्यिकीय बाजीगरी और कमियां ढूंढने में कितने अच्छे हैं।

इस बार विस्तृत आंकड़ों ने लोगों को चौंका दिया है। आगामी संभावित विकास आंकड़े क्या हो सकते हैं, इस पर अर्थशास्त्री अपना अनुमान और आकलन देते हैं। यह एक स्थापित खेल बन गया है और समाचार पत्र से लेकर समाचार एजेंसियां और अन्य लोग विकास की संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हैं। यह अब एक मानक खेल है।

हुआ यह कि कोई भी अपने पूर्वानुमानों में वास्तविक आंकड़ों के करीब नहीं पहुंच सका। लगभग हर अनुमान 6 से 6.5प्रतिशत के बीच था। अब यह अनुमान से कहीं बहुत अधिक 8.4प्रतिशत हो गया है, जैसा कि एनएसओ ने दिखाया है। अब सवाल यह है कि आंकड़ों में इस अन्तर का समाधान कैसे किया जाये?

इससे सवाल उठता है कि एनएसओ की गणना कितनी सही है। यह चुनावी मौसम में सिर्फ एक सांख्यिकीय हेरफेर भी हो सकता है। आखिरकार, अगले दो महीनों में आम चुनाव होने वाले हैं और उस दौरान बढ़ती अर्थव्यवस्था सरकार के लिए सहायक साबित होगी। सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था को उच्च विकास पथ पर ले जाने में अपनी सफलता का दावा कर सकती है।

> **अर्थव्यवस्था अपने दम पर है और कोई भी सरकार वास्तव में विकास पथ को काफी आगे नहीं बढ़ा सकती है। यह निश्चित रूप से इसे पटरी से उतार सकता है और खस्ताहाल अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए अभिशाप ला सकता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महत्वपूर्ण कारक सरकार के कृत्य और अकृत्य हैं जो अर्थव्यवस्था की दिशा निर्धारित करते हैं- अल्पावधि के साथ-साथ दीर्घावधि में भी।**

इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। विकास की गति है और यदि आप किसी बाज़ार में जाते हैं तो आप इसे अपने चारों ओर देख सकते हैं। दुकानें भरी हुई हैं और भीड़भाड़ है, लोग सामान खरीद रहे हैं, कुछ वर्गों के बीच खर्च करने की होड़ चल रही है। यदि आप मेट्रो ट्रेनों में यात्रा कर रहे हैं, तो आपको अच्छे कपड़े पहने हुए और अच्छे कपड़े पहनने वाले लोग मिलेंगे।

पुराने दिनों के विपरीत, आपको ऐसे बहुत से लोग नहीं मिलेंगे जो वास्तव में बुनियादी न्यूनतम से वंचित हैं। 'हैव-नॉट्स' का पुराना मुहावरा गायब हो गया है और अब टीवी सेटों सहित कोई आकर्षण नहीं रह गया है।

मामले की सच्चाई यह है कि अर्थव्यवस्था अपने दम पर है और कोई भी सरकार वास्तव में विकास पथ को काफी आगे नहीं बढ़ा सकती है। यह निश्चित रूप से इसे पटरी से उतार सकता है और खस्ताहाल अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए अभिशाप ला सकता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि महत्वपूर्ण कारक सरकार के कृत्य और अकृत्य हैं जो अर्थव्यवस्था की दिशा निर्धारित करते हैं- अल्पावधि के साथ-साथ दीर्घावधि में भी।

दो उदाहरण लीजिये। वर्तमान सरकार द्वारा मुद्रा विमुद्रीकरण का अचानक लिया गया कदम अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका था और इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गयी जिसमें खिलाड़ियों का एक बड़ा हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ। अर्थव्यवस्था के कुछ हिस्से- मुख्य रूप से अनौपचारिक छोटे पैमाने के खिलाड़ी-रुक गये थे। वह अल्पावधि में था। बाद में अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ लेकिन बहुत कुछ नुकसान हुआ।

दूसरा उदाहरण- दीर्घकालिक नुकसान का-जो अधिक विवादास्पद है और कई लोग इससे इनकार करेंगे। भारत की पूर्व की संरक्षणवादी और अनेक निषेधों वाली अर्थव्यवस्था, जो आर्थिक प्रगति की ऊंचाइयों को सुरक्षित रखने के लिए थी, भी आपदा साबित हुई थी। दूरसंचार क्षेत्र को आरक्षित रखने से पूरा क्षेत्र प्रभावित हुआ। हम सभी को याद है- यानी, जो अब बूढ़े हो गये हैं- एकमात्र टेलीफोन कनेक्शन प्राप्त करना या उसके बाद कॉल करना कितना मुश्किल हुआ करता था।

दूरसंचार उद्योग को सरकारी नियंत्रणों से मुक्त किये बिना हम कभी भी देश में आईटी क्रांति और उसके बाद समग्र अर्थव्यवस्था पर प्रभाव नहीं डाल सकते। 1956 के औद्योगिक नीति प्रस्ताव द्वारा भारत में उद्योग को कमजोर कर दिया गया था। 1991 में सुधार के पहले कार्यों में से एक इसे कूड़ेदान में फेंकना था।

पिछली तिमाही की जीडीपी वृद्धि के तात्कालिक कारोबार से इस तरह के प्रयासों में जाने का कारण यह है कि लंबे समय से भारत के पास काम करने के लिए कमोबेश एक स्थिर ढांचा है और इससे जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को अपनी तर्कसंगत निर्णय और बात रखने की कुछ हद तक आजादी मिलती है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में एक निश्चित उछाल है, भले ही तिमाहियों में दशमलव बिंदु पर बदलावों में कोई भी बदलाव आया हो।

उछाल का एक प्रमुख कारण स्थिर राजकोषीय ढांचा प्रतीत होता है। अतीत के विपरीत, जब हर बजट के साथ उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और असंख्य अन्य कर बदले जाते थे, अब हमारे पास एक स्थिर कर व्यवस्था है। जीएसटी प्रणाली ने केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क दरों और राज्यों में बिक्री करों में अचानक बदलाव से इंकार कर दिया है।

एक वित्तीय पत्रकार के रूप में मुझे याद है कि कैसे हर बजट के बाद प्रख्यात वकील नानी पालखीवाला स्पष्ट रूप से बताते थे कि कैसे भारतीय उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था को उसकी पूरी क्षमता हासिल करने से रोक रहा है। एक अन्य विशेषज्ञ, पेसीएम. नारियलवाला, विनिर्माण उद्योग के लिए समुचित योजना बनाने के लिए एक स्थिर कर व्यवस्था की आवश्यकता को रेखांकित करते थे।

शुरुआती अड़चनों के बाद, जीएसटी ढांचा अब राउंड स्तर के खिलाड़ियों के लिए कुछ हद तक निश्चितता और संतुष्टि के साथ काम कर रहा है। अर्थव्यवस्था की लय के साथ कर संग्रह बढ़ रहा है। इस साल, जीएसटी संग्रह नॉर्थ ब्लॉक के मंदारिनों के लिए सुखद आश्चर्य लेकर आया। ऐसा प्रतीत होता है कि अब हमारी कर व्यवस्था यथोचित रूप से स्थिर है।

यह भी कम महत्वपूर्ण नहीं है कि उद्योग अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है, औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति के अभाव के कारण यह पिछले तीस वर्षों से अबाधित है। अब यह याद करना मुश्किल है कि प्रतिबंधों की नीति कितनी बेतुकी हो सकती है। एक समय था जब उत्पादकता लाभ प्राप्त करके लाइसेंस प्राप्त क्षमता से अधिक उत्पादन करने के लिए उद्योग की खिंचाई की जाती थी। 1991 के दौर के सुधारों को तब से वापस नहीं लिया गया है और अब हम उन निर्णयों के अच्छे परिणाम देख रहे हैं।

किस सरकार ने क्या हासिल किया, इस पर बहस करना व्यर्थ है। अर्थव्यवस्था एक निरंतरता है और लाभ एक विस्तारित अवधि में छोटे-छोटे अंशों में आते हैं। आर्थिक नीति-निर्माण के लिए महत्वपूर्ण सबक यह है कि यह चिकित्सक के लिए हिप्पोक्रेटीज की शपथ की तरह है: यदि आप कुछ अच्छा नहीं कर सकते तो नुकसान न करें।

## पावन प्रसंग

# जीवन का सापेक्ष दर्शन

सुख-दुख एक समुच्चय की तरह है। जीवन में समस्त संभावनाएं निहित हैं। हम सब अच्छे जीवन की, सफलता की और श्रेयस की कामना करते हैं, लेकिन जीवन तो उतार-चढ़ाव का खेल है। हम सभी कभी न कभी अवसाद और तनाव से आहत होते हैं, तो कभी दुखों से भी हमारा साक्षात्कार होता है। दुखों एवं पीड़ाओं का एकमात्र जीवन में निरंतर बना ही रहता है। जिंदगी में हमेशा सब कुछ अच्छा और सही ही हो ऐसा कैसे संभव है। किसी की जिंदगी में ऐसा नहीं होता। व्यापार, नौकरी, सेहत या रिश्ते इनमें कोई न कोई परेशानी चलती ही रहती है। गलतियों से, दुखों से कब तक बचा रहा जा सकता है। लेखक तोबा बीटा कहते हैं- 'कोशिशें करने से सब सदा सही हो यह जरूरी नहीं, पर ऐसा करने से हमारी गलतियां जरूर कम हो जाती हैं।' हर सुबह हम इसी सोच और संकल्प के साथ दिन शुरू करते हैं कि हमें अपने व्यक्तित्व निर्माण में कुछ नया करना है, क्या करना है, पर हम सोचें कि क्या हमने निर्माण की प्रक्रिया नए पदचिह्न स्थापित करने के प्रयास किए? क्या ऐसा कुछ कर सके कि स्वयं की नजर में हमारे कर्तव्य का कद ऊंचा उठ सके। कहीं ऐसा तो नहीं कि हम भी आम आदमी की तरह यही कहें कि क्या करें, समय ने साथ नहीं दिया। यदि ऐसा हुआ तो हम फिर एकबार दर्पण में स्वयं का चेहरा देखकर उसे न पहचानने की भूल कर बैठेंगे।

अतीत में हमने क्या खोया, क्या पाया इस गणित को हम एक बार रहने दें अन्यथा असफल महत्वाकांक्षाएं, लापरवाह प्रयत्न, कमजोर निर्माण और अधूरे सपने हमारे रास्ते की रोशनी छीन लेंगे। निराशा से हमें भर देंगे इसलिए सिर्फ जीवन के इस आदर्श को सार्थकता देने की कोशिश करें कि 'हमें वही बनना है, जो सच में हम हैं।' क्योंकि सारी समस्या का मूल यही है कि हम जो दीखते हैं, वह होते नहीं हैं। जीवन के इस दोहरेपन में सारी श्रेष्ठताएं अपना अर्थ खो बैठती हैं।

आज इन पंक्तियों की सच्चाई को कौन नकारेगा कि गरीब की गरिमा, सादगी का सौंदर्य, संघर्ष का हर्ष, समता का स्वाद और आस्था का आनंद, ये सब आचरण से पतझड़ के पत्तों की तरह झर गए हैं। जरूरी नहीं कि किसी अन्य के अपने बनाएं नियम हम पर भी सही साबित हों, परेशानी तब आती हैं, जब हम बिना सोचे-समझे दूसरे का अनुसरण करने लगते हैं। इसके बजाय हमें अपनी जड़ों, अपने विचारों पर विश्वास रखना चाहिए। हम अपनी गलतियां नहीं देखते, पर दूसरों की गलतियों पर ज्यादा ही कठोर हो जाते हैं। होना यह चाहिए कि हम अपनी गलतियों के लिए भले ही कठोर हो जाएं, पर दूसरों को आसानी से माफ कर दें। यों जरूरी है कि मन पूर्वाग्रह से मुक्त हो। लेखक क्रिस जैमी कहते हैं- 'किसी को जानना व समझना उतना मुश्किल नहीं है, जितना अपने पूर्वाग्रहों को परे रखना है।'

समता के साथ आदमी बदलता है, मगर जीवन मूल्य नहीं बदलते। याद रखें और दिशाएं बदलती हैं, मगर आदर्श तथा उद्देश्य नहीं। बदलने की यह बात जीवन का सापेक्ष दर्शन है। आज समय ऐसे व्यक्तित्व की प्रतीक्षा कर रहा है जो खुद को बदलने में विश्वास रखता हो और उसी दिशा में प्रयत्न करता हो। जो वह जानता हो कि बुराइयों की जड़ें कमजोर दिखती हैं, पर तब हमारे सक्षम हाथ उन्हें नहीं उखाड़ पाते, क्योंकि वे तेजी से फैलती हैं। आज ऐसे व्यक्तित्व की जरूरत है, जो दूषित संस्कृति से स्वयं को अनछुआ रखकर सत्संस्कारों की परंपरा को पीढ़ियों तक पहुंचाना जानता हो। जो मौलिकता और निर्भयता के साथ सही दिशा में सोचता हो व सही निर्णय लेता हो। जिसकी संवेदनशीलता में करुणा, संतुलन, धैर्य और विवेक जुड़े हों। आवश्यकता है ऐसे व्यक्तित्व की, जो शक्ति का सही नियोजन करना जानता हो। जो समय के साथ चलना संभावनाओं को मूर्तरूप देना, दृष्टिकोण को सम्यक स्वरूप देना जानता हो।

लेखक सी जायबेल सी कहते हैं- 'कठोर चीजें ही पहले टूटती हैं, मुलायम नहीं। कड़क चीजें तो जरा सी चोट में टुकड़े-टुकड़े हो जाती हैं।' कुछ नया करने की चाहत रखने वाले सवालों से नहीं डरते। ऐसा नहीं कि वे सिर्फ दूसरों से सवाल पूछते हैं, जरूरत होने पर खुद से भी सवाल करते हैं। वह रास्ता उन्हें अपने लक्ष्यों और सपनों के करीब ले जाता है, यही इंसान के लिए उजली सुबह होती है। जीवन की सच्ची समझ जीवन में छिपी हुई है। अत: हम जब स्वयं को समझने लगते हैं तो जीवन जीना आसान एवं सहज हो जाता है व जीवन की संभावनाएं जाग्रत हो जाती हैं। जीवन में विकास के लिए जीवन की सही समझ आवश्यक होती हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# शिक्षा को रोज़गारपरक बनाने की ज़रूरत

हमारे देश में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए समय-समय पर योजनाएं और नीतियां बनाई जाती रही हैं। नई शिक्षा नीति 2020 इसका प्रमुख उदाहरण है, इस शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जिससे सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त हो सके। जिसके माध्यम से देश में विकास और परिवर्तन को संभव बनाया जा सके। खास बात यह है कि इस शिक्षा नीति में राज्यों को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपनी आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन कर सकता है। यह शिक्षा नीति देश के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में सहायक साबित होगी। इतना ही नहीं, यह नीति छात्रों में उच्च कौशल क्षमता को भी विकसित करेगा जिससे वह रोजगार से जुड़ सकें।

दरअसल हमारे देश में पिछले कई दशकों से शिक्षा की ऐसी नीति तो जरूर बनाई जाती रही है जिससे शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो सके। लेकिन यह नीति उन्हें रोजगार से नहीं जोड़ सकी, जिससे बड़ी संख्या में नौजवान शिक्षा पूरी करने के बाद बेरोजगार रह गए। उन्हें डिग्री के अनुसार उचित रोजगार नहीं मिल सका जिससे बड़ी संख्या में नौजवान डिग्री प्राप्त करने के बाद बेरोजगार घूम रहे हैं, या फिर परिवार का पेट पालने के लिए मजदूरी करने पर मजबूर हो गए हैं। देश में शहरी क्षेत्रों की तुलना में बेरोजगार नौजवानों का आंकड़ा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक नजर आता है। ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र है राजस्थान के उदयपुर स्थित लोयरा गांव। जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर बड़गांव पंचायत समिति अंतर्गत इस गांव की आबादी लगभग ढाई हजार है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल इस गांव में न केवल शिक्षा बल्कि रोजगार के अवसर भी कम हैं। जिससे अधिकतर युवा रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं।

लोयरा गांव में मात्र दस प्रतिशत युवा ही कॉलेज तक पहुंच पाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अधिकतर युवा 10वीं या बारहवीं के बाद पढ़ाई छोड़कर परिवार के साथ रोजगार की तलाश में पलायन करने लगते हैं। इस संबंध में 23 वर्षीय युवा कैलाश भील कहते हैं कि -गांव में रहकर रोजगार का मिलना कठिन है, इसीलिए अधिकतर युवा उदयपुर शहर या फिर पड़ोसी राज्य गुजरात के अहमदाबाद अथवा सूरत कूच कर जाते हैं। जहां दैनिक मजदूर अथवा लघु उद्योगों में काम करते हैं।

गांव में अशिक्षा और कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण सामाजिक कुरीतियों ने भी अपने पांव पसार रखे हैं। जिसका भरपूर लाभ फाइनेंस कंपनियां उठा रही हैं। शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह लोग उस फाइनेंस कंपनियों के मकड़जाल में फंस कर रह जाते हैं और ब्याज चुकाने के नाम पर और भी अधिक कर्ज के बोझ तले दबते चले जाते हैं। जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति और भी अधिक कमजोर होती चली जाती है।

हालांकि सरकार की ओर से महिलाओं के लिए अनेक प्रकार की स्वरोजगार योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे जुड़कर लोयरा गांव की महिलाएं भी स्वयं को आर्थिक रूप से न केवल सशक्त बना सकती हैं बल्कि आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। इसके अतिरिक्त कई स्वयं सेवी संस्थाओं की ओर से भी महिलाओं को रोजगार से जोड़कर सशक्त बनाने के कार्यक्रम संचालित किये जाते रहते हैं। लेकिन जागरूकता के अभाव में इस गांव की न केवल महिलाएं बल्कि युवा भी लाभ उठाने से वंचित रह जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण भी यह योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित होने की जगह फ़ाइलों तक सीमित होकर रह जाती हैं। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि नई शिक्षा नीति से न केवल लोथरा बल्कि उसके जैसे अन्य गांवों के गरीब, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवार के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान हो जायेगा बल्कि वह उन्हें रोज़गारपरक के रूप में भी तैयार करेगा।

**नीलम चौहान, उदयपुर राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## हैती की जेल में हमला, भगदड़ से 10 की मौत

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में स्थित सबसे बड़ी जेल में हमले और उसके बाद बड़ी संख्या में कैदियों के भागने के दौरान मची भगदड़ में करीब 10 लोगों की मौत हो गई है, जिसके कारण यहां अपराधियों को हिरासत में लेने के लिये 72 घंटे तक आपातकाल और कर्फ्यू लगा दिया गया है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को बताया कि एक सशस्त्र गिरोह ने हैती की सबसे बड़ी जेल पर रविवार को हमला कर बड़ी संख्या में कैदियों को मुक्त करा दिया।



# शहबाज शरीफ ने ली पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ

- राष्ट्रपति भवन में देश के चौबीसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली
- समारोह में सेनाध्यक्ष असीम मुनीर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे



**इस्लामाबाद,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शहबाज शरीफ ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में देश के चौबीसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह दूसरी बार है जब श्री शरीफ ने देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। समाचार पत्र जियो न्यूज के मुताबिक राष्ट्रपति डॉ आरिफ अल्वी ने समारोह में नवनिर्वाचित श्री शरीफ को शपथ दिलाई। इस समारोह में सेनाध्यक्ष असीम मुनीर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस बीच, मुख्य राजनीतिक पार्टियां जैसे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), मुताहिद्दा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) के नेता और अन्य गणमान्य लोग भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इन नेताओं में पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ, पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी शामिल थे। इसके अलावा पंजाब, सिंध और बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मरियम नवाज, मुराद अली शाह और सरफराज बुग्ति भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहे। समारोह स्थल पर विभिन्न देशों के राजदूत और राजनयिक भी मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद श्री शरीफ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गौरतलब है अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक देश के शीर्ष पद पर अपने 16 महीने के कार्यकाल के बाद श्री शरीफ को रविवार को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया । यह दूसरी बार है कि संसद के निचले सदन के सत्र में श्री शरीफ ने अपने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान के खिलाफ 201 वोट मिले जबकि श्री खान के पक्ष में 92 वोट पड़े। श्री शरीफ की जीत की अपेक्षा की जा रही थी, क्योंकि उन्हें पीएमएल-एन के अलावा सात अन्य पार्टियों का समर्थन प्राप्त था।

# प्रधानमंत्री प्रचंड ने गठबंधन सहयोगी से नाता तोड़ा

### मंत्रिमंडल में फेरबदल की है संभावना

**काठमांडू,** 4 मार्च (एजेंसियां)। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओइस्ट सेंटर) के सरकार में सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद सोमवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना है। नेशनल असेंबली की अध्यक्षता के दावे को लेकर हिमालयी साम्राज्य की दो सबसे बड़ी पार्टियों के बीच कथित तौर पर खाई बढ़ती जा रही है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के उपाध्यक्ष सुरेंद्र पांडे ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, आज सरकार बदलेगी और नए मंत्रिमंडल का गठन होगा। मंत्रियों का शपथ ग्रहण भी आज होगा। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' कथित तौर पर सीपीएन (माओइस्ट सेंटर) के अलावा सीपीएन-यूएमएल, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के मंत्रियों को शामिल करेंगे। यह कदम प्रधानमंत्री दहल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री सीपीएन-यूएमएल के के.पी. शर्मा ओली से मुलाकात के बाद उठाया गया है। दोनों ने रविवार को एक नए राजनीतिक गठबंधन पर चर्चा की। हाँलाकि 2020 में, और फिर 2023 में, दोनों सहयोगी अलग हो चुके हैं। काठमांडू पोस्ट ने बताया कि पीएम दहल फेरबदल पर राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल को एक पत्र भेजेंगे और नए मंत्रियों को संभवत: सोमवार शाम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। सोमवार को अधिकारियों की एक बैठक से बाहर आते हुए, माओइस्ट सेंटर के नेता, देवेंद्र पौडेल ने कहा कि यूएमएल के साथ हाथ मिलाने का कदम लंबे समय के लिए वाम एकता बनाने की योजना के साथ उठाया गया है। अखबार ने पौडेल को यह कहते हुए उद्धृत किया है कि एक नया सत्ता समीकरण विकसित हुआ है क्योंकि नेपाली कांग्रेस प्रधानमंत्री के कामकाज में बाधाएं पैदा कर रही है।



## सुडोकू 6486

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

***हल आज ही के अंक में***

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 5 मार्च, 2024 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - यदि आप अपना स्वभाव शांत नहीं रखेंगे, तो उस कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना उत्पन्न हो सकती है। आप शारीरिक थकान महसूस करेंगे। मानसिक अस्वस्थता के कारण किसी काम में मन नहीं होगा।

वृषभ - आपकी तबीयत खराब होने के कारण काम में जल्दी सफलता नहीं मिल सकती है। मन में निराशा का अनुभव होगा। काम के बोझ से मानसिक तनाव और उचाट की स्थिति उत्पन्न होगी। प्रवास में अवरोध आ सकते हैं।

मिथुन - स्फूर्ति और उत्साह से आपके आज का दिन प्रारंभ होगा। मित्रों तथा परिजनों के साथ बाहर घूमने जाएंगे तथा पार्टी का आयोजन होगा। मनोरंजन कर सकते हैं।

कर्क - आज आपको सफलता और आनंद की प्राप्ति होगी। घरेलू वातावरण सुख-शांतिवाला होगा। नौकरी में लाभ हो सकता है। आप विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। आपके काम की कद्र होगी।

सिंह - आपको साहित्य में कुछ नवीन सृजन करने की प्रेरणा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल होने के कारण पढ़ाई में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रिय व्यक्ति से मिलकर आपको खुशी का अनुभव होगा।

कन्या - आज का दिन किसी भी काम के लिए अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य खराब होगा, मन में चिंता महसूस होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होगा। सामाजिक कार्यक्रम में मानहानि हो सकती है।

तुला - आज मांगलिक प्रसंग तथा प्रवास की योजना बन सकती है। सहोदरों के साथ पारिवारिक प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। विदेश में बसने वाले स्वजनों की तरफ से आनंद का समाचार प्राप्त होगा। आज नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

वृश्चिक - परिवार में संघर्ष या मनमुटाव होने की संभावना है, अत: ध्यान रखें। आपको नेगेटिविटी से दूर रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। गलत खर्च न हो इसका ध्यान रखें। तन-मन में बैचेनी रहा करेगी।

धनु - आज व्यापारियों को विशेष लाभ होगा। विदेश स्थित व्यापार से लाभ होगा। आपके हाथ से धार्मिक एवं मांगलिक काम होंगे। स्नेहीजनों और मित्रों का मिलन आनंदित करेगा। आर्थिक लाभ होगा।

मकर - स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। मन में उचाट अनुभव करेंगे। व्यवसाय में सरकार का हस्तक्षेप बढ़ेगा। धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक व्यवहार में वृद्धि होगी। शत्रुओं से परेशानी होगी।

कुंभ - मांगलिक और नए काम का आयोजन करने के लिए अत्यंत शुभ दिन है। अविवाहितों का विवाह आयोजित होगा। पत्नी और संतान के समाचार मिलेंगे। मित्र मंडल तथा बुजुर्गों की ओर से लाभ मिलेगा।

मीन - आज आपके सभी काम सफलतापूर्वक सफल होंगे। नौकरी और व्यवसाय में पदोन्नति होगी। व्यापारियों के रुके हुए पैसे मिलेंगे। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ होगा। आर्थिक लाभ और परिवार में आनंद छाएगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# दक्षिण कोरिया-अमेरिका का वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू

**सियोल,** 4 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल खतरों को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने सोमवार को अपना वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी समुद्री सीमा के पास उत्तर कोरिया की गोलाबारी और मिसाइल प्रक्षेपण से बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों ने 11 दिनों तक चलने वाला वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया। पिछले साल नवंबर में उत्तर कोरिया द्वारा सीमा पर तनाव कम करने के लिए 2018 के अंतर-कोरियाई सैन्य समझौते को रद्द करने के बाद यह पहला सैन्य अभ्यास है। उत्तर कोरिया लंबे समय से मित्र राष्ट्रों के सैन्य अभ्यासों को उसके खिलाफ आक्रामक कार्रवाई करार देते हुए उसकी निंदा करता रहा है। ऐसे अभ्यासों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के रूप मे वह अक्सर मिसाइल प्रक्षेपण करता है। हालांकि सियोल और वाशिंगटन ने कहा है कि यह अभ्यास पूरी तरह से रक्षात्मक है। दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाओं ने कहा कि नवीनतम अभ्यास का उद्देश्य उनकी संयुक्त रक्षा स्थिति को मजबूत करना है। पिछले हफ्ते ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल ली सुंग-जून ने कहा था कि अभ्यास के दौरान उत्तर कोरिया की क्रूज मिसाइलों का पता लगाने और उन्हें रोकने का प्रशिक्षण भी होगा।


# भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी हो रही लगातार मजबूत : जयशंकर

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फ्रांस की सेक्रेटरी जनरल से की मुलाकात



**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। इससे पहले, जयशंकर ने दिल्ली में फ्रांस की सेक्रेटरी जनरल ऐनी-मैरी डेस्कोट्स से मुलाकात की जो भारत दौरे पर हैं। एक्स पर एक पोस्ट में मंत्री ने कहा, आज सुबह फ्रांस की सेक्रेटरी जनरल ऐनी-मैरी डेस्कोट्स का स्वागत कर अच्छा लगा। हमारी रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। विश्वास है कि विदेश कार्यालय परामर्श और रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता इसकी गति को और बढ़ाएगी। 1998 में एक रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत के साथ, भारत-फ्रांस संबंध शिक्षा से लेकर व्यापार और रक्षा तक विभिन्न क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग के साथ बड़ी छलांग लगा रहा है। फ्रांसीस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2018 के बाद इस साल गणतंत्र दिवस पर भारत की अपनी तीसरी यात्रा की। इस दौरान रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और साइबर डिफेंस में सहयोग बढ़ाने के मकसद से एक व्यापक रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर चर्चा की गई थी। इसके अलावा, उपग्रह प्रक्षेपण में सहयोग बढ़ाने और अंतरिक्ष अन्वेषण पहल को आगे बढ़ाने के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और फ्रांस के एरियनस्पेस के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। 2026 को भारत फ्रांस नवाचार वर्ष के रूप में मनाने का भी निर्णय लिया गया है। पिछले महीने, मुंबई में फ्रांसीसी महावाणिज्य दूत जीन-मार्क सेरे-चार्लेट ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वह फ्रांस के मित्र हैं।

## वर्ग पहेली 6486




**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
११. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित
२३. मणिमंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
१९. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6485



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# चीन के दो सत्रों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान केंद्रित



- लैटिन अमेरिकी देशों के औद्योगीकरण विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा चीन

**बीजिंग,** 4 मार्च (एजेंसियां)। हाल ही में चीन के एनपीसी और सीपीपीसीसी पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान केंद्रित हुआ।

बोलीविया के राष्ट्रपति लुइस आर्से ने कहा कि चीन के दो सत्रों का आयोजन हमारे लिए एक अच्छी खबर है। चीन न केवल आर्थिक क्षेत्र में बल्कि तकनीकी क्षेत्र में भी विश्व का एक बहुत महत्वपूर्ण भागीदार है। हमें उम्मीद है कि चीन लैटिन अमेरिकी देशों के औद्योगीकरण विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। क्योंकि चीन के पास तकनीक है और हमारे पास प्राकृतिक संसाधन हैं। औद्योगीकरण प्राप्त करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी के उपयोग से सभी पक्षों को लाभ होता है। एंटीगुआ और बारबुडा के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि दोनों सत्र जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर ध्यान दे सकते हैं, क्योंकि यह दुनिया में हर व्यक्ति से संबंधित है। एंटीगुआ और बारबुडा में हमारे जैसे छोटे द्वीप राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों की अग्रिम पंक्ति में हैं, जो असमान रूप से प्रभावित हैं। हाल के वर्षों में हमारे दोनों देशों के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। चीन एंटीगुआ और बारबुडा का अच्छा दोस्त है और उसने कई क्षेत्रों में हमारी निर्माण क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद की है। इसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। कोस्टा रिका के विदेश मंत्री अर्नोल्डो आंद्रे टिनोको ने कहा कि हमारा मानना है कि चीन भविष्य में भी हमारे क्षेत्र में सहयोग जारी रखने में रुचि रखता है।

# आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर की गोलाबारी



**तेल अवीव,** 4 मार्च (एजेंसियां)। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिण लेबनान और वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भारी गोलाबारी की है। रिपोर्टों में कहा गया है कि आईडीएफ के लड़ाकू विमानों ने दक्षिणी लेबनान के अयता अस शब और कफ़र किला इलाकों के साथ-साथ वेस्ट बैंक में हिजबुल्लाह बुनियादी ढांचे पर गोलाबारी की है। इजराइली हमला हिजबुल्लाह द्वारा कथित तौर पर रविवार को मेटुला, मलकिया और गजर में रॉकेट हमलों के बाद आया है। इजरायली खुफिया विभाग ने कहा है कि उसे आने वाले दिनों में वेस्ट बैंक में तनाव बढ़ने की आशंका है। उसने वेस्ट बैंक के सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों की तैनाती भी बढ़ा दी है। हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरुल्लाह ने भी हाल ही में टेलीविजन पर अपने संबोधन में गाजा की स्थिति और फिलिस्तीनियों की दुर्दशा पर इजराइल की जम कर आलोचना की थी।

## आज का इतिहास

1959-भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं %राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ% के समर्पित कार्यकर्ता शिवराज सिंह चौहान का जन्म।
1965-भारतीय हॉकी के बेहतरीन परिरक्षकों (डिफेंडर) में से एक रहे परगट सिंह का जन्म।
1968-मार्टिन लूथर किंग की हत्या।
1983-आस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी के नेता बाब हाक प्रधानमंत्री बने।
1997-भारत तथा तेरह अन्य देशों ने इंडियन ओशन रिम एसोसियेशन के गठन की घोषणा की।
1999-आज़ाद देश के राष्ट्कुल के कार्यकारी सचिव बोरिस बेरनोवस्की की बर्खास्तगी। फ़िल्म अभिनेता सुनील दत्त ने कोलंबो से अपने 17 सदस्यीय दल के साथ दक्षिण एशिया की 13 हज़ार किलोमीटर लम्बी सद्भावना यात्रा का शुभारम्भ किया।
2001-कोलंबिया के राष्ट्पति परुत्राना चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए। मक्का में ईद के दौरान भगदड़ में 36 यात्री मरे।
2002-राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
2003-अलकायदा का शीर्ष आतंकवादी मुस्तफ़ा अहमद अल-हवसावी रावलपिंडी में गिरफ़्तार।
2006-पाकिस्तान में अलकायदा और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में 100 लोग मारे गये।
2007-अर्जेन्टीना ने भारत द्वारा अदालती कार्रवाई के लिए क्वात्रोची के प्रत्यर्पण दस्तावेज स्वीकृत किये।
2008-महाराष्ट्र के राज्यपाल एस.एम. कृष्णा ने अपने पद से इस्तीफा दिया। भारत ने समुद्र से ज़मीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

**आयोजन** *सीपीपीसीसी के 2,100 से अधिक सदस्य अपने सुझाव पेश करेंगे*

# सीपीपीसीसी का वार्षिक सम्मेलन पेइचिंग में शुरू

**बीजिंग, 4 मार्च (एजेंसियां)। चीनी जन राजनीतिक सलाहकार सम्मेलन (सीपीपीसीसी) का वार्षिक सम्मेलन सोमवार को दोपहर 3 बजे पेइचिंग स्थित जन वृहद भवन में शुरू हुआ। अर्थव्यवस्था, संस्कृति और शिक्षा समेत 34 क्षेत्रों से आए सीपीपीसीसी के 2,100 से अधिक सदस्य चीनी शैली के आधुनिकीकरण का निर्माण बढाने के लिए सुझाव पेश करेंगे। सीपीपीसीसी चीनी विशेषता वाली संस्थागत व्यवस्था है।**

यह चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले बहुदलीय सहयोग और राजनीतिक परामर्श की महत्वपूर्ण संस्था है, संपूर्ण प्रक्रिया के लोक लोकतंत्र के कार्यान्वयन का महत्वपूर्ण तरीका है और राष्ट्रीय शासन व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग भी है। सीपीपीसीसी की राष्ट्रीय कमेटी इस व्यवस्था को लागू करने का राष्ट्रीय संगठन है, जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी, सभी लोकतांत्रिक पार्टियों, निर्दलीय प्रतिनिधियों, जन संगठनों, सभी अल्पसंख्यक जातीयों व जगतों के प्रतिनिधियों, थाईवानी बंधुओं, हांगकांग व मकाओ के बंधुओं और स्वदेश लौटे चीनियों के प्रतिनिधियों और विशेष अतिथियों से गठित है।

इसका मुख्य कार्य राजनीतिक परामर्श, लोकतांत्रिक निरीक्षण और राज्य मामलों के फैसले में भागीदारी और विचार-विमर्श करना है। उक्त तीन कार्य सभी लोकतांत्रिक पार्टियों, अल्पसंख्यक जातीयों व विभिन्न जगतों के लोगों द्वारा चीन की राजनीतिक व्यवस्था में राज्य मामलों में भाग लेने और भूमिका निभाने का अहम विषय और मूल रूप है। इतना ही नहीं, यह सीपीपीसीसी को अन्य राजनीतिक संगठनों से अलग करने का महत्वपूर्ण प्रतीक भी है। सीपीपीसीसी की केंद्रीय कमेटी का कार्यकाल पांच साल का होता है। हर साल एक बार पूर्णधिवेशन का आयोजन होता है। अब, सीपीपीसीसी की 14वीं राष्ट्रीय कमेटी का दूसरा पूर्णाधिवेशन आयोजित हो रहा है।



### हाई-स्पीड रेलवे से 20 लाख से अधिक यात्रियों ने किया सफर

**बीजिंग।** चाइना रेलवे इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी द्वारा सोमवार को जारी जानकारी के मुताबिक, चीन और इंडोनेशिया द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेलवे का संचालन शुरू होने के बाद अब तक 20 लाख से अधिक यात्रियों के लिए सेवा प्रदान की है। चाइना रेलवे इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी के प्रभारी के अनुसार, 17 अक्टूबर 2023 को जकार्ता-बांडुंग हाई-स्पीड रेल लाइन आधिकारिक तौर पर शुरू होने के बाद, 3 मार्च 2024 तक, पिछले 139 दिनों में सुरक्षित रूप से चल रही है और यात्रियों की संख्या 20 लाख से अधिक हो गई है।

## दुनिया को जानें

# नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों का अगला बैच आईएसएस भेजा

**न्यूयॉर्क,** 4 मार्च (एजेंसियां)। नासा-स्पेसएक्स के अंतरिक्ष यात्रियों का अगला जत्था सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुआ। क्रू-8 मिशन रात 10:53 बजे रवाना हुआ। ईएसटी रविवार फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के कॉम्प्लेक्स 39ए से लॉन्च हुआ। नासा ने कहा कि पहले इसे रविवार को उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। क्रू-8 मिशन में नासा के अंतरिक्ष यात्री मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स के साथ-साथ रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन भी शामिल हैं। यह एप्स, डोमिनिक और ग्रेब्योनकिन के लिए पहली अंतरिक्ष उड़ान होगी और बैरेट के लिए आईएसएस पर तीसरा कार्यकाल होगा। क्रू-8 का लिफ्ट ऑफ! स्पेसएक्स ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा। नासा ने एक्स पर लिखा 'हमारे पास लिफ्ट ऑफ है! तीन पहली बार उड़ान भरने वाले और एक अनुभवी स्पेस स्टेशन के रास्ते में हैं।'

# प्रादेशिकी

**प्रथामिकता पर निस्तारित करें जनता की शिकायतें: मयूर दीक्षित**

**नई टिहरी।** जनता मिलन कार्यक्रम सोमवार को जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ जिसमें 20 शिकायते व मांग पत्र प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश का निस्तारण मौके पर किया गया शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को ससमय निस्तारण करने के लिए प्रेषित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागध्यक्षो को निर्देश दिये कि जो शिकायतें व मांग पत्र प्राप्त होती है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तरित करें। जनता मिलन कार्यक्रम में विकासखण्ड चम्बा के ग्राम पंचायत भाटूसैण के गुरु प्रसाद डबराल द्वारा मातलीधार-लवाधार सड़क निर्माण के दौरान सड़क कटान का मलबा गांव के गदरे में डालने की शिकायत की गयी जिस पर लोनिवि चम्बा को मिट्टी हटाने के निर्देश दिए गए।

## दिल्ली में आज होगी कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

**हल्द्वानी,** 4 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, सभी पार्टियां अपने प्रत्याशियों की सूची तैयार करने में जुटी हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है। प्रत्याशियों के नाम की घोषणा में भाजपा ने कांग्रेस से पहले बाजी मार ली है। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड के पांच सीटों में तीन सीटों पर अपने प्रत्याशी भी घोषित कर दिए है। नैनीताल संसदीय सीट से अजय भट्ट, अल्मोड़ा से अजय टम्टा, जबकि टिहरी लोकसभा सीट पर माला राज्यलक्ष्मी शाह को अपना प्रत्याशी बनाकर फिर से उन पर विश्वास जताया है। भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद अब कांग्रेस पार्टी भी जल्द ही अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करने जा रही है। हल्द्वानी स्थित अपने आवास में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 5 मार्च को कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की दिल्ली में बैठक होगी। जिसमें सभी पांचों लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर फाइनल चर्चा की जाएगी। इसके बाद जो पैनल बनेगा, वह सेंट्रल इलेक्शन कमेटी के पास अपनी रिपोर्ट भेजेगा। जिसके बाद सभी पांचों लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

■ **लोकसभा के उम्मीदवारों के नाम होंगे फाइनल**

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के सभी पांचों सीटों पर कांग्रेस पार्टी अपने संभावित प्रत्याशियों के नाम की सूची फाइनल में भेजा जा चुका है। उम्मीद जताई जा रही है कि इलेक्शन कमेटी की आचार संहिता घोषणा से पहले पहली लिस्ट जारी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर कांग्रेस पार्टी अपने मजबूत प्रत्याशी को उतारने जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की पहली प्राथमिकता है कि जो मजबूत प्रत्याशी हैं उसको मैदान में उतर जाए। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी केंद्र और राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है।

### कैबिनेट ने कानून बनाने के लिए दी मंजूरी

# उपद्रवियों से होगी सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई

**देहरादून,** 4 मार्च (देशबन्धु)। सचिवालय में आयोजित धामी सरकार की कैबिनेट बैठक में सोमवार को कई प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। करीब 1 घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन व दंगों के दौरान सरकारी व निजी संम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को ही इसकी भरपाई करनी पड़ेगी। सरकार इसके लिए कानूनी लाने की तैयारी कर रही है जिसके लिए कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। राधा रतूड़ी ने फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि गृह विभाग के अंतर्गत दंगों और अशांति मामलों के दौरान सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की क्षतिपूर्ति दंगाइयों से ही करने के लिए एक क्लेम ट्रिब्यूनल के गठन को मंत्रिमंडल ने




मंजूरी दी है। इसके लिए शीघ्र अध्यादेश बनाने को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान की है। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि अगर उत्तराखंड में दंगों के दौरान किसी भी सरकारी या निजी संपत्ति को कोई नुकसान होता है, तो उपद्रवियों से इसकी वसूली के लिए एक सख्त कानून बनाया जाएगा। आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस कानून को मंजूरी दे दी गई। गौर हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर जल्द ही देश भर में आचार संहिता लगने की उम्मीद जताई जा रही है। सरकार का पूरा फोकस लोकसभा चुनाव से पहले जरूरी योजनाओं और कार्यों को मंजूरी देना है। जिससे जनता में सरकार की विकास की छवि बनी रहे। ऐसे में धामी सरकार ने आज कैबिनेट बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। सचिवालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। वहीं कैबिनेट बैठक एक घंटे तक चली। जिसके बाद मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि वित्त विभाग ने सहायक लेखाधिकारियों के पदों पर प्रमोट होने वाले अधिकारियों के लिए नियमावली में बदलाव करने की अनुमति कैबिनेट ने दे दी है। औद्योगिक विकास विभाग के अंतर्गत संयुक्त निदेशक खनन व संयुक्त निदेशक जीओलॉजी को अब संयुक्त निदेशक के नाम से जाना जाएगा।

**धामी कैबिनेट में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- वित्त विभाग में सहायक लेखाधिकारियों के पदों पर प्रमोट होने वाले अधिकारियों के लिए नियमावली में बदलाव
- केंद्र सरकार के एससी के छात्रों को दी जाने वाली दशमोत्तर छात्रवृत्ति को राज्य सरकार ने किया एडॉप्ट
- अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति दरों में वृद्धि की गई
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विभाग (एनआईटी) सुमाड़ी श्रीनगर को मिली भूमि
- सुमाड़ी को तकनीकी शिक्षा विभाग की 5.335 एकड़ भूमि निशुल्क होगी ट्रांसफर
- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब लाभार्थियों को डेढ़ लाख रुपए की धनराशि राज्य सरकार देगी
- शासकीय विद्यालयों में भर्ती प्रक्रिया पर कैबिनेट की रोक के लिए उच्च शिक्षा में बनाई गई समिति करेगी समीक्षा

**सार संक्षेप**

### लक्सर में बारिश के साथ ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद

**हरिद्वार।** लक्सर क्षेत्र में बीती रात मौसम के करवट बदलते ही बारिश के साथ ओलावृष्टि भी देखने को मिली। जिसके चलते किसानों के खेतों में गेहूं व सरसों की फसल को नुकसान पहुंचा है। साथ ही खानपुर क्षेत्र के एक ग्रामीण के घर पर आकाशीय बिजली गिरने से परिवार के तीन लोग घायल हो गए। वहीं कई घरों में बिजली के उपकरण खराब हो गए। गौर हो कि हरिद्वार के लक्सर में बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं व सरसों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि बारिश व तेज हवा के साथ ओलावृष्टि होने के कारण उनकी साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। गांव सुल्तानपुर, भिककमपुर, रायसी, लक्सर, खानपुर क्षेत्र व पथरी क्षेत्र के गांव शेरपुर, धनपुरा, पदार्था, रानी माजरा, शाहपुर, बादशाहपुर, फेरुपुर, आदि गांव में ओलावृष्टि होने से लोगों की फसल जमीन पर बिछ गई है। वहीं खानपुर क्षेत्र के एक ग्रामीण के घर पर आकाशीय बिजली गिरने से परिवार के तीन लोग घायल हो गए और बिजली के सभी उपकरण खराब हो गए।

### तेंदुआ नहीं युवक उठा ले गया था लड़की,भेजा जेल

**नैनीताल।** जनपद में युवती के अपहरण प्रकरण में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। अब मामले की जांच रेगुलर पुलिस करेगी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम नैनीताल से 21 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र से 22 वर्षीय युवती संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने तलाश करते हुए युवती को मल्लीताल स्थित एक गेस्ट हाउस से बरामद किया। राजस्व पुलिस ने शनिवार को अज्ञात के खिलाफ अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद राजस्व पुलिस ने युवती को होटल छोड़ने के आरोपी आसिफ जलाल को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में चिकित्सा परीक्षण के बाद आरोपी को सीजेएम की न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हल्द्वानी जेल भेज दिया गया। अब आगे मामले की जांच रेगुलर पुलिस करेगी।

### सूरज पंवार ने किया पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**पौड़ी।** जिले के युवा एथलेटिक्स सूरज पंवार ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब सूरज जुलाई में पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे। राज्य के पौड़ी नेशनल स्टेडियम रांसी से सूरज पंवार ने बीते जनवरी में गोवा राष्ट्रीय खेलों के लिए गहन अभ्यास किया। अब सूरज ओलंपिक खेलों में देश के लिए गोल्ड जीतने का लक्ष्य बनाए हुए है। कोच व जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि सूरज ने बीते 28 जनवरी को चंडीगढ़ में हुई नेशनल खेलों में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

**सुडोकू 6486 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

## 7वें दिन भी जारी रहा अंकिता के परिजनों का धरना

**श्रीनगर,** 4 मार्च (देशबन्धु)। अंकिता भंडारी के परिजनों का धरना आज श्रीनगर के पीपलचैरी में सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान उत्तराखंड क्रांति दल के प्रदेश अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने आंदोलन को अपना पूरा समर्थन दिया।

इस दौरान उनके साथ पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कठैत ने सरकार पर प्रदेश में रिसॉर्ट संस्कृति को पनपाने का आरोप लगाया है। अंकिता भंडारी हत्याकांड के आरोपियों को जल्दी सजा दिलाने के लिए आंदोलन पर बैठे अंकिता के माता-पिता को यूकेडी ने अपना समर्थन दिया है। यूकेडी का आरोप है कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। एक तरफ सरकार अंकिता भंडारी हत्याकांड को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की बात करती रही। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी मामला सामान्य कोर्ट में ही चलाया जा रहा है। सरकार अंकिता आंदोलन को तोड़ने की कोशिश भी कर रही है।यूकेडी प्रदेश अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने आरोप लगाया है कि सरकार



■ **उक्रांद ने दिया समर्थन, सरकार पर लगाया आरोप**

दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है। सरकार कथित वीआईपी को भी बचाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने वीआईपी के नाम का भी खुलासा नहीं किया। रिसॉर्ट तोड़ने वाले अधिकारी समेत स्थानीय विधायक पर भी सरकार कार्रवाई करने से बचती रही है। मजबूरन अंकिता के परिजनों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इस दौरान अंकिता की मां सोनी देवी भी भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि वे अपने पति के साथ एक सप्ताह से धरना दे रही हैं। लेकिन उनकी मांगों पर सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया।

### अमृत सरोवर योजना को लेकर डीएम ने ली बैठक

**नई टिहरी,** 4 मार्च (देशबन्धु)। जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल मयूर दीक्षित ने जिला कार्यालय सभागार में जनपद के अन्तर्गत निर्मित मिशन अमृत सरोवर को उपयोगी एवं जीवन्त बनाये जाने के लिए सम्बन्धित विभागो की एक समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में निर्मित सभी अमृत सरोवर की लगातार देखरेख की जाय साथ ही मनरेगा से आवश्यकता पड़ने पर मरम्मत एवं साफ-सफाई का कार्य भी किया जाय। उन्होंने कहा कि जिस विभाग को गतिविधि करने के लिए सरोवर दिये जाने है वे सम्बन्धित विभाग सारी औपचरिकता समयान्तर्गत पूर्ण कर लें। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सरोवर के चारो ओर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखकर सुरक्षा दीवार, रेलिंग आदि की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें साथ ही अमृत सरोवर की गहराई और सुरक्षा के मापदण्डों सम्बन्धी सूचना भी सूचना पट पर अंकित करें।

## भूमि के हस्तांतरण की मंजूरी से रफ्तार पकड़ेगा एनआईटी का निर्माण

**देहरादून,** 4 मार्च (देहरादून)। उत्तराखंड में लंबे समय से चली आ रही एनआईटी कैंपस की मांग को लेकर खींचतान चल रही थी। इसके बाद लगभग 9 साल का अंतराल पूरा होने पर बीते साल 2023 में केंद्र सरकार ने एनआईटी निर्माण को स्वीकृति देते हुए यह साफ किया था कि एनआईटी के दो कैंपस होंगे। इसमें एक श्रीनगर में होगा जबकि दूसरा सुमाड़ी में खोला जाएगा।

इस दिशा में कई हद तक काम भी हुआ और फिलहाल कैम्पस का एक बड़ा हिस्सा चलने भी लगा है। लेकिन आज धामी सरकार ने इसी दिशा में कैबिनेट में बड़ा फैसला लिया। कैबिनेट में राष्ट्रीय औद्योगिकी विभाग द्वारा सुमाड़ी एनआईटी के लिए 5.335 एकड़ भूमि निशुल्क स्थानांतरण को मंजूरी दे दी गई है। उम्मीद है। अब रुका हुआ काम जल्द पूरा हो पायेगा। एनआईटी की मांग को लेकर बीते




कई सालों से उत्तराखंड के श्रीनगर से लेकर देहरादून और दिल्ली के जंतर मंतर तक खूब प्रदर्शन हो रहे थे। इसके बाद केंद्र सरकार ने 6 फरवरी 2023 को कैंपस को लेकर अपनी तरफ से फैसला दिया था, जिससे यह साफ कर दिया था कि एनआईटी कहीं और नहीं बल्कि श्रीनगर में ही खोला जाएगा। इसके दो कैंपस होंगे। एक श्रीनगर और दूसरा पौड़ी के ही सुमाड़ी में होगा। लेकिन विभाग इस असमंजस में था कि आखिरकार कैसे और कहां जमीन तलाशी जाएगी। 2023 के अंतिम महीने में जमीन को तलाशने के बाद आज उत्तराखंड की धामी सरकार की महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया है कि उत्तराखंड सरकार तकनीकी शिक्षा विभाग को निशुल्क जमीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी विभाग एनआईटी बनाने के लिए स्थानांतरित करेगा। बताया जा रहा है कि 60 एकड़ भूमि पर यह एनआईटी बनाई जा रही है, जिसमें 1260 बच्चे न केवल पढ़ेंगे बल्कि उनके रहने की व्यवस्था भी की जाएगी।

### हरिद्वार में बारिश का तांडव

**हरिद्वार,** 4 मार्च (देशबन्धु)। धर्मनगरी हरिद्वार में रुक-रुक कर बारिश जारी है। जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है। तेज बारिश से कई जगहों पर पानी भर गया। विष्णु घाट के पास बाजार में तो इतना ज्यादा पानी भर गया कि देखते ही देखते ही दुकानों में रखा सामान बहने लगा। सामान बह जाने से दुकानदारों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। बमुश्किल दुकानदार और स्थानीय लोगों ने सामान को बचाया। वहीं, बारिश की वजह से दोपहिया वाहन चालक और पैदल आवाजाही करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। बता दें कि उत्तराखंड मौसम विभाग ने बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की थी। जो एकदम सटीक साबित हुई है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी हुई। हालांकि, आज यानी सोमवार को मौसम सामान्य है, लेकिन बीती देर रात जमकर बदरा बरसे। जबकि, ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी हुई। हरिद्वार की बात करें तो देर रात मूसलाधार बारिश हुई। जिस कारण जगह-जगह पर जलभराव हो गया। खासकर विष्णु घाट के पास तो बारिश ने तांडव मचाया। बारिश का पानी दुकानों और मकानों में घुस गया। साथ ही पानी के तेज बहाव में स्कूटी भी बह गई। जबकि, दुकानों के सामान भी पानी में बहते नजर आए।

## स्कूटी और दुकान का सामान बहा जलभराव से लोगों की हुई फजीहत

### दो दिन की बारिश से दो पेयजल प्लांट ध्वस्त

**रामनगर,** 4 मार्च (देशबन्धु)। शहर और आसपास के इलाकों में शनिवार और रविवार को हुई लगातार 2 दिन की बारिश के बाद आम जनजीवन पूरी तरह ठहर गया। इसी के साथ एक बार फिर से ठंड ने अपना असर लोगों पर डालना शुरू कर दिया है। लगातार बारिश के और भी साइड इफेक्ट देखने को मिले हैं। लगातार बारिश के बाद रामनगर की पेयजल आपूर्ति भी सोमवार को पूरी तरह ठप हो गई। बारिश के कारण उत्तराखंड जल संस्थान के पेयजल प्लांट को काफी नुकसान हुआ है। इस कारण सोमवार को रामनगर शहर की पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। इस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड जल संस्थान के जेई गौरव आर्य ने बताया कि लगातार 2 दिन बारिश के बाद विभाग के रामनगर के बलदिया पड़ाव स्थित पेयजल ट्रीटमेंट प्लांट में इसका काफी असर पड़ा है। जेई ने बताया कि जल संस्थान द्वारा नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए प्लांट के समीप बहने वाली कोसी नदी में अस्थाई तौर पर एक मिट्टी का बांध बनाया गया था, जो बारिश के कारण नदी में बह गया। इस कारण वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का जलस्तर कम होने के कारण नगर में आज पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि जेसीबी मशीन के माध्यम से नदी में बहे इस अस्थाई बांध को फिर से बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि विभाग की दूसरी पेयजल योजना रामनगर भंडारपानी मार्ग पर स्थित बांगाझाला में भी पेयजल लाइन के अंदर मलवा आने से यह लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने बताया कि इस लाइन में भी कर्मचारियों द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

## अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलटी बस, आठ घायल

**श्रीनगर,** 4 मार्च (देशबन्धु)। सोमवार को चंडीगढ़ से आ रही एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर देवप्रयाग बछेलीखाल के समीप हाईवे पर पलट गई। हादसा होते ही बस में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस दुर्घटना की सूचना मिलते हुए मौके पर पहुंची देवप्रयाग पुलिस ने राहत-बचाव का कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है



कि इस बस हादसे में आठ यात्रियों को हल्की चोटें आई है। जिन्हें रेलवे के वाहन से सीएचसी देवप्रयाग भर्ती कराया गया है। बस में कुल 34 यात्री सवार थे। सभी यात्री चंडीगढ़ से श्रीनगर आ रहे थे। इस मामले में देवप्रयाग थाना प्रभारी महिपाल रावत ने बताया कि बस में कुल 34 यात्री सवार थे, जिसमें आठ यात्रियों को चोटें आई हैं। जिनका उपचार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने एशियन रिवर राफ्टिंग चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

**शिमला,** 4 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से 4 से 9 मार्च, 2024 तक बसंतपुर के निकट सतलुज नदी में आयोजित की जा रही एशियन रिवर राफ्टिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर चैम्पियनशिप शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, ईरान, इराक, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा इंडोनेशिया सहित 20 टीमें भाग ले रही है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में जिला हमीरपुर के नादौन में राफ्टिंग मैराथन और गत वर्ष जिला शिमला के जुन्गा में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। राज्य में लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए साहसिक खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इससे प्रदेश ने राजस्व बढ़ौतरी के साथ-साथ लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार है इससे हजारों परिवार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र की अधोसंरचना को मजबूत कर राज्य में पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है ताकि एक वर्ष में पांच करोड़ पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, सातवें वित आयोग के अध्यक्ष नंदलाल, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, विधायक हरीश जनारथा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम, हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, कांग्रेस के नेता सतपाल रायजादा और सुरेंद्र मनकोटिया, निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मानसी सहाय ठाकुर, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## हिमाचल में कर्मचारियों व पेंशनरों का संशोधित वेतन मान के एरियर का इंतजार खत्म

■ **एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी**

**शिमला,** 4 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल में कर्मचारियों व पेंशनरों का संशोधित वेतन मान के एरियर का इंतजार खत्म हो गया है। सरकार ने कर्मचारियों व पेंशन भोगियों को छठे पंजाब वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक संशोधित वेतन मान के एरियर के भुगतान की अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक कर्मचारियों व पेंशनरों को प्रत्येक महीने एरियर का 0.25 फीसद वेतन अथवा पेंशन के साथ मिलेगा। एक साल में एरियर का 3 फीसद भुगतान सरकार करेगी। अर्थात अगर किसी कर्मचारी का संशोधित वेतन मान का एरियर 100 रुपए है तो उसे हर साल 3 रुपए



का भुगतान होता रहेगा। वेतन मान के एरियर के साथ साथ सरकार ने कर्मचारियों को जुलाई 2022 में देय डीए की किश्त के एरियर के भुगतान की भी अधिसूचना की है। जुलाई 2022 से देय कर्मचारियों को 4 फीसद डीए मई में देय अप्रैल माह के वेतन में होगा, मगर इससे पहले के डीए की करीब 18 माह के एरियर की रकम कर्मचारियों को किश्तों में मिलेगी। कर्मचारियों डीए का एरियर वित्तीय साल 2024-25 में हर महीने के वेतन के साथ डेढ़ फीसद मिलेगा।

उल्लखनीय है कि प्रदेश में जयराम सरकार ने साल 2022 में छठे पंजाब वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत कर्मचारियों को संशोधित वेतन देने का फैसला लिया। फैसले को लागू करते हुए सरकार ने कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन तो दे दिया , साथ ही पेंशनरों को बढ़ी हुई पेंशन का भुगतान भी किया जा रहा है। मगर जनवरी 2016 से दिसंबर 2021 तक की अवधि में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को बढ़ी हुई दरों पर ग्रेच्युटी तथा अर्जित अवकाश का करोड़ों का भुगतान सरकार ने करना है। इसके अलावा पूर्व सरकार ने संशोधित वेतन के एरियर की पहली किश्त के तौर पर कर्मचारियों को 50-50 हजार का भुगतान किया। कर्मचारियों के एरियर की करीब 10 हजार करोड़ का भुगतान सरकार ने करना है।

# प्रादेशिकी

## मां-बाप का हत्यारोपी वकील पुलिस की पकड़ से दूर

**फर्रुखाबाद,** 4 मार्च (देशबन्धु)। वृद्ध मां-बाप की हत्या करनें के बाद फरार हुए हत्यारोपी वकील की तलाश कर रही पुलिस अभी भी खाली हाथ है। लगभग 11 दिन गुजर जानें के बाद भी हत्यारोपी वकील का कोई सुराग नही मिला है। पुलिस के खबरी व सर्विलांस भी अभी तक उसका पता नहीं लगा पाए। बीते 22 फरवरी को थाना कादरी गेट के बालाजीपुरम कोठा निवासी वकील मनोज पाल नें अपने कैंसर पीड़ित पिता 70 वर्षीय ओम प्रकाश व 65 वर्षीय माँ बबलीपाल को ईंट से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया था। घटना को अंजाम देनें के बाद पत्नी नम्रता को छोकर फरार हो गया। घटना के बाद से पुलिस नें हत्यारोपी की तलाश में दिल्ली, आगरा, मथुरा व कानपुर में उसके ठिकानों में दबिश दी लेकिन वह हाथ नहीं लगा।

# उप्र में सेमीकंडक्टर नीति को लगेंगे पंख

**लखनऊ,** 4 मार्च (देशबन्धु)। योगी सरकार ने हाल ही में यूपी सेमीकंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी देकर उत्तर प्रदेश को उद्योग प्रदेश बनाने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। इस नीति को लागू कर सीएम योगी ने प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स

**■ योगी सरकार सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने पर देगी बंपर छूट**

मैन्युफैक्चरिंग की रीढ़ कहे जाने वाले सेमीकंडक्टर्स के बड़े पैमाने पर निर्माण की राह काफी आसान कर दी है। इस नीति के तहत यूपी में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के इच्छुक निवेशकों को कैपिटल सब्सिडी के साथ ही इंटरेस्ट सब्सिडी, लैंड सब्सिडी, स्टांप फीस और रजिस्ट्रेशन फीस के साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी भारी राहत दी गई है। यही नहीं, योगी सरकार यहां सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाली कंपनियों को कौशल और प्रशिक्षण के लिए भी सहायता देगी, जबकि अनुसंधान एवं विकास केंद्र के साथ ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) स्थापित करने पर भी उन्हें राहत प्रदान की जाएगी। माना जा रहा है कि यूपी की सेमीकंडक्टर नीति भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स



**सेमीकंडक्टर नीति प्रदेश व देश को इस इंडस्ट्री में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : योगेंद्र उपाध्याय**

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया की आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत जारी सेमीकंडक्टर नीति प्रदेश और देश को इस इंडस्ट्री में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसमें निवेशकों को कई तरह से वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं।

**प्रति इकाई अधिकतम सात करोड़ तक मिलेगी इंटरेस्ट सब्सिडी**

नीति में इसका पूरा उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार कैपिटल सब्सिडी के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित सब्सिडी का 50 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा। वहीं इंट्रेस्ट सब्सिडी के रूप में अनुसूचित बैंकों/वित्तीय संस्थानों से प्राप्त ऋण पर 200 करोड़ रुपए तक के निवेश वाली इकाइयों को 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष (ब्याज की दर पर), प्रति इकाई प्रति वर्ष अधिकतम 1 करोड़ रुपए तक प्रतिपूर्ति सात वर्षों तक की जाएगी। प्रति इकाई अधिकतम 7 करोड़ रुपए तक की ही इंटरेस्ट सब्सिडी प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही, भूमि की दर में भी छूट प्रदान की जाएगी। राज्य अभिकरणों से भूमि क्रय करने पर प्रथम 200 एकड़ भूमि के लिए प्रचलित सेक्टर दरों पर 75 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि इकाई अथवा सहायक इकाइयों के लिए भूमि के अतिरिक्त क्रय पर 30 प्रतिशत सब्सिडी की अनुमति होगी। इसके साथ ही स्टाम्प शुल्क और निबन्धन शुल्क के अंतर्गत भूमि की खरीद पट्टे पर 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। दस वर्ष की अवधि के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी पर 100 प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। राज्य में स्थापित फैब इकाइयों को दोहरा पॉवर ग्रिड नेटवर्क प्रदान किया जाएगा। एक ग्रिड (दोनों में से कम) की लागत की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाएगी, जबकि दूसरे ग्रिड की लागत निवेशक द्वारा वहन की जाएगी। इसके अतिरिक्त परियोजना के परिचालनरत होने की तिथि से 25 वर्ष की अवधि के लिए विद्युत की अंत:राज्यीय खरीद पर व्हीलिंग शुल्क ट्रॉसमिशन शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### कौशल व प्रशिक्षण के लिए भी मिलेगी सहायता

चिप डिजाइन और विनिर्माण क्षेत्र में सेमीकंडक्टर उद्योग के सहयोग के लिए एक कुशल जनशक्ति पूल तैयार करने हेतु राज्य सरकार शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग के साथ सहयोग आमंत्रित करेगी। सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में सेमीकंडक्टर कौशल और प्रतिभा विकास गतिविधियों की वृद्धि के लिए प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत, फैकल्टी प्रशिक्षण/तकनीकी कार्यशालाओं/जागरुकता कार्यक्रमों/विशेषज्ञ व्याख्यानों के लिए 5 वर्षों के लिए प्रतिवर्ष 60 लाख रुपए तक, कुल 3 करोड़ रुपए प्रदान किए जाएंगे। वहीं बीटेक और एमटेक स्नातकों के लिए मुख्यमंत्री इन्टर्नशिप योजना के अन्तर्गत 5 वर्षों तक प्रति वर्ष 500 छात्रों तक प्रति छात्र 20,000 रुपए की इन्टर्नशिप सहायता भी प्रदान की जाएगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की स्थापना में विश्व स्तरीय प्रतिभा को प्रवृत करने के लिए, ऐसी प्रतिभाओं के पारिश्रमिक की प्रतिपूर्ति हेतु वन टाइम सपोर्ट के रूप में 12 माह तक की अवधि में अधिकतम 1 करोड़ रुपए प्रति इकाई की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## डॉ.अतुल कृष्ण को उप मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**मेरठ,** 4 मार्च (देशबन्धु)। शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री



केशव प्रसाद मौर्य ने मेरठ गौरव भामाशाह अवार्ड देकर सम्मानित किया। मांगल्या प्रेक्षागृह में विशाल व्यापारी सम्मेलन में पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने यह सम्मान दिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के साथ गर्मजोशी से मिले। सुभारती समूह राष्ट्रहित में अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है, इसके लिए डॉ. अतुल कृष्ण बधाई के पात्र है। सुभारती समूह के द्वारा शिक्षा, चिकित्सा सहित समाज सेवा के अन्य कार्यों से रूबरू होकर सभी की सराहना की। डॉ.अतुल कृष्ण ने उप मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए सुभारती परिसर आगमन पर अभिनंदन किया।

## उप्र में नहरों की सफाई का दें विशेष ध्यान दें : स्वतंत्र देव

**लखनऊ,** 4 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि नहरों की सफाई का विशेष ध्यान दें, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में से संबंधित परियोजनाओं को समय से पूर्ण करायें। पूर्ण पारदर्शिता के साथ आपके द्वारा मांगे गए मनमाफ़िक जगह पर आपको तैनात किया जा रहा है इसलिए अपके कार्यों में कहीं भी कोई लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। आप सभी स्वप्रेरणा से काम करें। नहरों मे टेल तक पानी की पहुंच सुनिश्चित कराएं। आप सभी अपने कर्तव्य का निर्वाहन अच्छे से करिए और अन्नदाता किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में अपना योगदान दें। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें सोमवार को यहां तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन के सभागार में सहायक अभियंता (सिविल) के ऐेक्षिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शितापूर्ण स्थानांतरण कार्यक्रम में कहीं। ऐच्छिक विकल्प चयन आधारित पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया के माध्यम से कुल 928 सहायक अभियंताओ (सिविल) के स्थानांतरण हेतु उनके ऐच्छिक विकल्प लिए गए है जिनके आधार पर स्थानांतरण आदेश अलग से जारी किए




**■ बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों की परियोजनाएं समय से पूरी कराए जाने के दिए निर्देश**

जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में ना पक्षपात है और ना ही भ्रष्टाचार का कोई स्थान। भर्ती और पदस्थापना से लेकर स्थानांतरण तक सभी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न हो रही है। समस्त अभियंता कार्यभार ग्रहण करने के अगले क्षण से ही अपने क्षेत्र के किसानों की खुशहाली के लिए काम करें।

## सार संक्षेप

### छात्र रोनित चौधरी ने किया नाम रौशन



**मेरठ।** एनएएस कॉलेज के बीए प्रथम वर्ष के छात्र रोनित चौधरी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए यूएई फर्स्ट इंटरनेशनल कराटे चौंपियनशिप दुबई में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में लगभग 70 देशों ने भाग लिया और सभी देशों में रोनित चौधरी प्रथम स्थान पर रहा। और वर्ल्ड चौंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया वर्ल्ड चौंपियनशिप 7 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक दुबई में खेली जाएगी। वर्तमान में रोनित कराटे प्रशिक्षक शुभम सिंह एवम सुनील राठी इंडिया कोच से मोदीपुरम में प्रशिक्षण प्राप्तकर रहे हैं। महाविद्यालय आने पर रॉनित चौधरी का प्राचार्य मनोज कुमार अग्रवाल ने स्वागत किया एवं उनके भविष्य के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलक्ष में प्रोफेसर संजीव महाजन, संजय शर्मा, क्रीड़ा सचिव संजय कुमार, शिवा भारद्वाज, डा. मनोज कुमार, अभिषेक भाटिया, प्रदीप चिनोटी आदि उपस्थित रहे।

### गृह विज्ञान के छात्राओं ने लोगों को किया जागरूक

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान में राष्ट्रीय मोटापा दिवस पर छात्राओं ने मोटापे से होने वाली समस्याओं के प्रति जागरूक किया जिनमें ईशा, अर्पिता, अरिबा, सौम्या ने डाइट चार्ट द्वारा लोगों को जागरूक किया। महिमा, शिवानी, नेहा, तन्वी, अंशु, आशी, डिम्पी, सना, अनुपा आदि विभिन्न छात्राओं ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए टिप्स दिए। स्वस्थ शरीर कहीं बेहतर समाज और बेहतर राष्ट्र के निर्माण की नीव बन सकता है। मोटापे की बीमारी को देखते हुए खान-पान में परिवर्तन करके कैसे इस बीमारी को दूर रखा जा सकता है। संतुलित भोजन न केवल शरीर अपितु दिमाग को भी स्वस्थ रखता है जिससे व्यक्ति तनाव मुक्त रहता है। इस कार्यक्रम का आयोजन समन्वयक, प्रोफेसर बिंदु शर्मा, डॉ. निधि चौधरी, डॉ. श्वेता शर्मा, सोनल विहान के निर्देशन में हुआ।

### पर्यावरण सुरक्षा के लिए संयम आवश्यक : भावभूषण

**मवाना/हस्तिनापुर।** प्राचीन गंगा नदी किनारे स्थित कैलाश पर्वत दिगम्बर जैन मन्दिर में विश्व की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए 48 दिवसीय भक्तामर विधान पाठ के 16वें दिन सर्वप्रथम विधानाचार्य सुदीप शास्त्री ने मांगलिक मंत्रों से क्रियाओं का शुभारम्भ किया। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में गुरूवर 108 भावभूषण मुनिराज ने कहा कि संयम ही पर्यावरण की सुरक्षा करने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। तदोपरांत स्वर्ण कलश अभिषेक नरेन्द्र जैन एडवोकेट शान्तिधारा रविन्द्र जैन, रविप्रकाश मोदी रतलाम, अरविन्द अभय कुमार अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले दीप का प्रज्जवलन मंजू जैन ने किया। बा.ब्र. सुनीता दीदी ने विश्व के सभी जीव सुखी रहें ऐसी मंगल भावना के साथ शान्तिधारा का उच्चारण किया। कुछ नियम अपनाकर हम संयम के साथ ही वातावरण की सुरक्षा कर सकते हैं। अगर हम पृथ्वी का दोहन ना करें, पानी बर्बाद न करें, वायु में प्रदूषण ना फेलाएं, अग्नि का जरूरत भर ही इस्तेमाल करे तो हमारे संयमित जीवन से इन सबकी रक्षा हो सकती है, जिसके भयावह परिणामों से बच सकते हैं।

## नगर पालिका चेयरमैन ने समर सेबिल पम्प का किया शुभारंभ



**मवाना,** 4 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक द्वारा वार्ड 23 मौहल्ला कल्याण सिंह में अटौरा रोड स्थित भट्टे वाली मस्जिद के पास नलकूप समरसेबिल पम्प के अधिष्ठापन का कार्य अपनी उपस्थिति में कराया गया। उक्त कार्य का उद्घाटन पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक द्वारा किया गया। पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक द्वारा उक्त स्थल पर आम नागरिको की समस्याएं सुनीं गई और मौके पर ही उनका निस्तारण कराया गया। उक्त नलकूप समरसेबिल पम्प लगाए जाने से स्थल पर उपस्थित नागरिकों द्वारा पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। उक्त अवसर पर अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ पालिका के सभासद पति रियाजुद्दीन, पालिकाकर्मी तिमराज व सम्बन्धित ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

# 1.75 करोड़ रुपए के बजट से बनेंगे फलावदा के 15 मुख्य मार्ग

**मवाना,** 4 मार्च (देशबन्धु)। फलावदा नगर पंचायत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत 1.75 करोड़ रुपए के बजट से फलावदा के 15 मुख्य मार्ग बनाए

**■ चेयरमैन ने किया आरसीसी इंटरलॉकिंग मार्गो का उद्घाटन**

जाएंगे। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने सोमवार को कस्बे के 15 मुख्य मार्ग पर शुरू होने वाले सीसी रोड इंटर लॉकिंग मार्ग एवं नाली आदि निर्माण के विकास कार्यों का नारियल फोड़कर उद्घाटन करते हुए शुभारंभ किया है।

चेयरमैन अशोक सैनी ने बताया कि नगर के मुख्य मार्गों पर सीसी रोड इंटरलॉकिंग मार्ग और नालियों का निर्माण के कार्यों का करीब एक करोड़ 75 लाख रुपए के बजट से नगर में



की गई है। चेयरमैन अशोक सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास की मंशा के अनुरूप ही नगर में निर्माण विकास कार्य तीव्रता के साथ कराए जा रहे हैं एवं कस्बे का

### फलावदा में मुख्य मार्गों पर ये होगा निर्माण कार्य

- राजेंद्र चाय की दुकान से मोहल्ला अंबेडकर रोड
- डॉ.सुभाष चौधरी के मकान से हर्षवर्धन के मकान तक नैडू रोड
- बाबूराम सैनी मोहल्ला सैनियान के मकान से नैडू रोड होली चौक तक
- होली चौक मोहल्ला सेनियान से मोहल्ला कानी पट्टी में मस्जिद मदरसा के पास तक
- मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती से हबीब तीरगर के घर तिराहे तक
- युनूस तीरगर के घर से बबली सैनी के घर तक मोहल्ला कपसाड़ियान
- मोहल्ला कपसाड़ियान से अम्बेडकर धर्मशाला तक
- अम्बेडकर धर्मशाला मोहल्ला पछाली पट्टी से होली चौक मन्दवाड़ी मार्ग तिराहे तक समेत अनेक कार्य होंगे।

विभिन्न 15 मुख्य मार्गों पर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान विकास बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा।

## एक्सल सर्टिफिकेशन कोर्स का समापन



**मेरठ,** 4 मार्च (देशबन्धु)। शोभित यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एवं 70 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में 19 फरवरी से चल रहे 15 दिवसीय का एक्सल सर्टिफिकेशन कोर्स का विधिवत रूप से समापन हो गया। यह कोर्स एनसीसी ग्रुप हेडक्वॉटर के अंतर्गत आने वाली सभी बटालियन के पीआई एवं ऑफिस स्टाफ को एक्सेल में माहिर बनाने के उद्देश्य से बनाया गया था। समारोह के क्लोजिंग एड्रेस में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप हेड क्वॉर्टर मेरठ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप त्यागी रहे।

## योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति लाना करें सुनिश्चित : दीपक मीणा



**मेरठ,** 4 मार्च (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वास्थ्य कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि धीमी प्रगति वाली योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा बच्चो के टीकाकरण में आने वाली समस्याओ का संज्ञान लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आशा के

**■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित**

पदो पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी करने व प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। बैठक में आशा के पदों की संख्या, वैक्सीनेशन, ई-कवच पोर्टल पर डाटा फीडिंग, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, सीएचसी एवं पीएचसी पर डिलीवरी, कोल्ड चौन प्वाइंट, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, जन्म मृत्यु रिपोर्ट, ई-रूपी वाउचर, रोगी कल्याण समिति व्यय रिपोर्ट, एफआरयू की क्रियाशीलता, दवाओं एवं स्वास्थ्य उपकरण की उपलब्धता एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमध्रिपोर्ट की समीक्षा की।

## पीवीवीएनएल की नवनियुक्त प्रबन्ध निदेशक ने संभाला कार्यभार

**मेरठ,** 4 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की नवनियुक्त प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया।



इस अवसर पर एसके पुरवार निदेशक (कार्मिक एवं प्रब.), संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), एनके मिश्र निदेशक (तकनीकी), स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त) एवं मुख्यालय के सभी मुख्य अभियन्ताओं,अधीक्षण अभियन्ताओं, अधिशासी अभियन्ताओं आदि अधिकारियों द्वारा नवनियुक्त प्रबन्ध निदेशक का स्वागत किया गया। उन्होंने वर्ष 2014 में सिविल सर्विस ज्वाइंन की। चंदौली में डीएम एवं कलेक्टर के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत रहीं। वह मेरठ मण्डल में चीफ डेवलेपमेन्ट आफिसर, असिस्टेन्ट मजिस्ट्रेट/असिस्टेन्ट कलेक्टर एवं एडिशनल कमिशनर, मेरठ डिविजन, एडिशनल कमिशनर, कामर्शियल टैक्स के पद पर तैनात रही। इस अवसर पर एसएम गर्ग मुख्य अभियन्ता (कार्मिक एवं मानव संसाधन), विनीत कुमार मुख्य अभियन्ता (तकनीकी), एके वर्मा मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य), संजय कुमार गर्ग अधीक्षण अभियन्ता आदि मौजूद रहे।

## आगामी त्योहारों व लोस चुनावों की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**मवाना,** 4 मार्च (देशबन्धु)। आगामी त्यौहारों व लोकसभा चुनावों से पूर्व प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गया है सोमवार को थाना मवाना में एसडीएम मवाना अंकित कुमार व सीओ सौरभ सिंह ने सर्वसमाज के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक की। सभी को सम्बोधित करते हुए सीओ सौरभ सिंह ने कहा कि आगामी समय में होली,महाशिवरात्रि व ईद जैसे बड़े त्यौहार आ रहे हैं इन त्यौहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सीओ ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को रोकने, शस्त्रों को चुनावों से पूर्व ही जमा कराने की बात कही सीओ ने आगे कहा की त्यौहारों के साथ साथ जल्द ही लोकसभा चुनाव भी आने वाला है चुनावों को पूरी निष्पक्षता के साथ साथ कराने के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं। आगामी लोकसभा चुनावों को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए प्रशासन



**■ कोतवाली में की शांति समिति की बैठक**

का सहयोग करने की अपील की वहीं एसडीएम मवाना अंकित कुमार ने भी सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्ण व्यवस्था से संपन्न कराना प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है इसको सभी लोग याद रखें।


**जागरूक** | *बसंतकालीन गन्ना बुवाई जागरूकता रैली का शुभारम्भ*

# खास गन्ना प्रजातियों की बुवाई के लिए किया गया जागरूक

**मवाना,** 4 मार्च (देशबन्धु)। गन्ना प्रजाति को.-0238 रेड-रॉट बीमारी से ग्रसित हो चुकी है, इस कारण किसान इस प्रजाति की बुवाई करने से तौबा करें। इसके स्थान पर किसान उन्नतशील गन्ना प्रजाति को.-0118 एवं को.-15023 की ही बुवाई करें। इन प्रजातियों की बुवाई के लिये किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सोमवार को मवाना शुगर वर्क्स मवाना गेट पर गन्ना बीज बदलाव कार्यक्रम के तहत बसंतकालीन गन्ना बुवाई जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया।

**■ को-15023 व को-0118 की बुवाई के लिए किया प्रेरित**

**■ गन्ना प्रजाति को.-0238 की बुवाई से करें तौबा**



मुख्य अतिथि ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, मवाना सौबीर सिंह, चीनी मिल के यूनिट हैड संजय चौधरी, वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद कुमार बालियान व चीनी मिल अन्य विभागों के विभागाध्यक्षो ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस मौके पर वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद कुमार बालियान ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य रेड-रॉट बीमारी से ग्रसित हो चुकी गन्ना प्रजाति को.-0238 को प्रतिस्थापित कर गई उन्नतशील गन्ना प्रजाति को.-0118 व को.-15023 की बुवाई के लिये किसानों को जागरूक करना है। यह रैली मवाना शुगर वर्क्स मवाना मिल को आपूर्ति करने वाले सभी गांवो से होकर गुजरेगी, ताकि प्रत्येक कृषक तक चीनी मिल का संदेश पहुंच सके तथा कृषक गन्ना प्रजाति को.-0118 व को.-15023 की बुवाई के लिए प्रेरित हो सकें। इस मौके पर महाप्रबन्धक गन्ना (कार्पोरेट) अभिषेक श्रीवास्तव, उप महाप्रबन्धक विरेन्द्र सिंह, उप महाप्रबन्धक (गन्ना)एसपी सिंह, सहायक महाप्रबन्धक मनोज सिंह के अलावा अन्य विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषकों को नए बीजों पर मिलेगा अनुदान

रैली के माध्यम से चीनी मिल द्वारा गन्ना प्रजाति को.-0118 व को.-15023 की बुवाई पर दी जा रही सुविधाओं के बारे में कृषकों को जानकारी दी जाएगी। चीनी मिल द्वारा को.-15023 के बीज वितरक को 50 रुपए प्रति कुंतल व को.-0118 के बीज वितरक को 30 रुपए प्रति कुंतल का अनुदान दिया जाएगा। को.-15023 की स्वयं के बीज से गन्ना बुवाई करने वाले कृषक को 30 रुपए प्रति कुंतल का अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही को.-0118 व को.-15023 की बुवाई करने वाले कृषकों को ट्राईकोडर्मा 50 प्रतिशत अनुदान पर व चार फुट की दूरी पर गन्ना बुवाई करने वाले कृषकों को बीज शोधन दवाईयां जैसे-ईमिडा कार्बिनडाजिम 100 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराई जायेगी। टॉप बोरर की रोकथाम के लिए लाईट ट्रैप व फैरोमेन ट्रैप पर 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। 15 मार्च के बाद जिन खेतों में टॉप बोरर के अंडे दिखाई देंगे। ट्रैश मल्चर चलाने वाले कृषकों को एक हजार रुपए प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाएगा।

## ट्रैक्टर से कुचल गर्भवती युवती की मौत

**फर्रुखाबाद,** 4 मार्च (देशबन्धु)। ट्रैक्टर से कुचल जाने से गर्भवती युवती शिखा राजपूत की मौत हो हो जाने से परिवार में मातम छा गया। थाना थाना मेरापुर के ग्राम रुखइया निवासी धर्मेंद्र राजपूत की 25 वर्षीय पत्नी शिखा करीब नौ माह की गर्भवती थी। तकलीफ होने के कारण वह आज जेठ पुष्पेंद्र राजपूत के साथ बाइक से कायमगंज में फरीदी के यहां अल्ट्रासाउंड कराने गई थी। पुष्पेंद्र बाइक से वापस घर जा रहा था जब वह कोतवाली कायमगंज के ग्राम मटकी सुरइया के निकट से गुजर रहा था। तेजी से आ रहे चालक ने ट्रैक्टर की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे शिखा सड़क पर जा गिरी और ट्रैक्टर का पिछला पहिया उसके शरीर के ऊपर से निकल गया।

देशबन्धु नई दिल्ली, मंगलवार , 5 मार्च, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17


## काजोल ने बहन तनीषा को जन्मदिन की बधाई दी

**मुंबई**। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने अपनी बहन तनीषा मुखर्जी को जन्मदिन की बधाई दी है।तनीषा मुखर्जी आज अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर काजोल ने इंस्टाग्राम पर तनीषा के साथ एक सेल्फी शेयर की। काजोल ने कैप्शन में लिखा,मेरी बहन को जन्मदिन की शुभकामनाएं, आपका जीवन हमेशा प्रकाश, प्यार और हंसी से भरा रहे, आई लव यू।

# उत्तराखंड : चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**देहरादून,** 4 मार्च (एजेंसियां)। चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए उत्तराखंड का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसके साथ ही चारधाम की यात्रा से पहले बदरीनाथ और केदारनाथ में अस्पताल शुरू हो जाएंगे। इसकी जानकारी स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इन अस्पतालों के लिए उपकरण खरीदने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा चारधाम यात्रा मार्ग पर अनुभवी और प्रशिक्षित मेडिकल टीम को तैनात किया जाएगा ताकि तीर्थयात्रियों को तुरंत स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने तीर्थयात्रियों से अपील की कि वह चारधाम यात्रा आने से पहले अपना मेडिकल टेस्ट जरूर करवाएं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी




■ तीर्थयात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर रहेगा खास फोकस

और स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत के निर्देशानुसार विभाग चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटा हुआ है। चारधाम यात्रा को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी जिसमें चारधाम यात्रा की तैयारियां के साथ-साथ सभी विभागों के बीच आपसी तालमेल को बेहतर किए जाने की बात कही गई। सभी एक टीम के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस बार चारधाम में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 150 लोगों की मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी। टीम को हाई एल्टीट्यूड में काम करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डॉक्टरों की तैनाती 15-15 दिनों के लिए की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव के मुताबिक, इस बार रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में तैनात डॉक्टरों को चारधाम में तैनात नहीं किया जाएगा। इसकी बजाए कुमाऊं और अन्य जिलों से डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ और केदारनाथ के अस्पताल में उपकरण यात्रा से पहले उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इसके लिए शार्ट टेंडर जारी कर दिया जाएगा। डॉ. राजेश कुमार के मुताबिक, चारधाम यात्रा के दौरान मार्ग पर जगह-जगह पर तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच का प्रबंध किया जा रहा है। इस बार शुरुआती चरण में तीर्थयात्रियों की स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस रखा जाएगा। चारधाम यात्रा रूट पर हेल्थ पॉइंट पर मरीजों के स्वास्थ्य की गहनता से जांच होगी। उसके बाद उन्हें आगे जाने दिया जाएगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि चारधाम की यात्रा से पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करवाएं। खासकर हार्ट और ब्लड प्रेशर के मरीजों के साथ-साथ गर्भवती महिलाएं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर ही यात्रा करें। राजेश कुमार ने बताया कि विभाग यात्रियों के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड भी अपने पास रखेगा। यदि तीर्थयात्री को कही भी कोई असुविधा होती है तो वह अपनी जांच करा लें। मौसम के अनुकूल होने पर ही यात्रा करें।

### 11 भाषाओं में जारी होगी एसओपी

स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा में विदेशों के साथ ही देश के तमाम राज्यों से श्रद्धालु आते हैं, लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि उनकी भाषा में स्वास्थ्य गाइडलाइन ना होने के चलते कई बार श्रद्धालुओं को उसे समझने में दिक्कत होती है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस बार कुल 11 भाषाओं में एसओपी जारी की जाएगी। जिसमें बंगाली, गुजराती, तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़, पंजाबी, मराठी और उड़िया भाषा शामिल है। जिससे अन्य राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को उनकी भाषा में स्वास्थ्य संबंधी गाइडलाइन और जानकारी मिल सकेगी। हेल्थ एसओपी चारधाम की वेबसाइट के साथ ही अन्य जगहों पर भी अपलोड होगी।

## प्रेम है मार्ग वैराग का, प्रेम है द्वार विरक्ति का : मोरारी बापू



**अयोध्या,** 4 मार्च (देशबन्धु)। श्रीराम की अवतरण भूमि अयोध्या से प्रवाहित रामकथा का रविवार को समापन हो गया। नौवे दिन न्यास कमेटी के आदरणीय चंपत राय ने अपने भाव को रखते हुए कहा कि जहां कथा चल रही है वह अयोध्या का सूनसान स्थान है। बगल में मणि पर्वत नाम का स्थल है जहां एक महीने का झूला मेला लगता है। क्योंकि चैत्र माह में भगवान का प्रागट्य होने के बाद सावन में भगवान चार महीने के होते हैं सब लोग अपने-अपने झूले को लेकर बड़ी मात्रा में इकट्ठा होते हैं और बाकी सुनसान सड़क है, लेकिन आज इसी स्थान में राम कथा ने इस वीरान भूमि प्रभु के नाम से जागृत कर दिया। कथा के अंतिम दिन मुरारी बापू ने श्रीराम के चरणों में प्रणाम करते हुए कहा की मानस राममंदिर केवल अयोध्या का नहीं, यह मेरे अंत:करण की प्रवृत्ति का निवेदन है,केवल पृथ्वी का मंदिर भी नहीं,यह त्रिभुवन का मंदिर है। यहां ध्वजा फहरेगी तो आसमान झुकेगा,घंटनाद होगा तो देश नृत्य करेगा। यह रामचरितमानस राम मंदिर है। एक ही सत्य को अनेक कोने से,अनेक रूप से देखते हैं,परिक्रमा करते हैं। ये त्रिभुवन गुरु शिव ने गाया है। बापू ने बताया कि अभी दो साल लगेंगे शिखर लगने में,शिखर लगने के बाद एक बार फिर दो साल के बाद कथा गान करने के लिए आऊंगा। यह पूरा सत्कर्म राम लला की दिव्य सेव्य चरणों में रखते हुए रामकथा को विराम दिया गया।

**शावक की देखभाल करने वाले कीपर अजय सिंह को फिर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया**

# बोतल के दूध से पल रहा है बिन मां का शावक

**इटावा,** 4 मार्च (एजेंसियां)। इटावा सफारी पार्क में बिना मां का एक शावक बोतल के दूध से पल बढ़ रहा है। बिन मां का शावक सफारी प्रबंधन के अधिकारियों और कर्मियों की मेहनत के बल पर दूध के सहारे छह माह की जिंदगी बसर करने में कामयाब हो गया है।

पार्क के निदेशक डॉ.अनिल पटेल ने सोमवार को बताया कि शेरनी रूपा ने जिस शावक को छोड़ दिया था वह तीन मार्च को छह माह का हो गया है । शावक पूरी तरह स्वस्थ है। उसकी बेहतर से बेहतर देखभाल की जा रही है । उन्होंने इस शावक की देखभाल करने वाले कीपर अजय सिंह को फिर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और अपनी ओर से 5000 का नगद पुरस्कार भी दिया। सफारी की इस कामयाबी को एक नए इतिहास की नजर से देखा जा रहा है। शेरनी ने दूध नहीं पिलाया तो बोतल से दूध पिलाया, फूड सप्लीमेंट दिए और अच्छी खबर यह है कि मां ने जिसे



शेरनी रूपा ने जिस शावक को छोड़ दिया था वह तीन मार्च को छह माह का हो गया है । शावक पूरी तरह स्वस्थ है। उसकी बेहतर से बेहतर देखभाल की जा रही है : डॉ.अनिल पटेल, पार्क निदेशक

छोड़ दिया था वह शावक आज पूरी तरह स्वस्थ है। इससे पहले देश में कहीं ऐसा मामला सामने नहीं आया है कि शेरनी ने जिस शावक को छोड़ दिया वह जीवित रहे और 6 माह बाद भी स्वस्थ है। विशेषज्ञों से हुई बातचीत का हवाला देते हुए निदेशक पटेल ने बताया कि आमतौर पर शेरनी को लगता है कि शावक नहीं बचेगा तो वह उसे अपनाती नहीं है और दूध भी नहीं पिलाती है। इस शावक को भी शेरनी रुपा ने छोड़ दिया था इसके बाद सफारी प्रशासन इस शावक की जिम्मेदारी उठाई और कीपर अजय सिंह ने मां की तरह पालन पोषण किया।

शेरनी रूपा द्वारा छोड़ दिए गए शावक की बेहतर देखभाल का नतीजा यह निकला है कि मां का दूध पिए बिना और मां का प्यार दुलार पाए बिना भी यह शावक छह माह का हो गया है और अब उछलकूद कर रहा है। उन्होंने बताया कि इटावा सफारी पार्क में शेरनी रूपा ने तीन सितंबर को इस शावक को जन्म दिया था लेकिन जन्म देने की तुरंत बाद रूपा ने इस शावक को अपनाया नहीं तथा उसे दूध भी नहीं पिलाया। शेरनी द्वारा शावक की अनदेखी दिए जाने के बाद सफारी प्रशासन ने उसे अपने हाथ में लिया और सफारी के अस्पताल में रखकर उसकी बेहतर देखभाल की गई।

## चार दिन की बर्फबारी के बाद जम्मू-कश्मीर का मौसम 'गुलजार', खिल उठे लोगों के चेहरे



**श्रीनगर, 4 मार्च ( एजेंसियां )।** जम्मू-कश्मीर में चार दिनों तक लगातार बारिश और बर्फबारी के बाद सोमवार को साफ मौसम देखने को मिला। इसके अलावा सर्द भरी बयार के बीच सूरज की रोशनी ने लोगों का इस्तकबाल कर दिल खुश कर दिया। पिछले चार दिनों से जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी देखने को मिल रही थी। गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में 3 फीट ताजा बर्फबारी हुई, जबकि सोनमर्ग और डूडपथरी में 2 से 3 फीट बर्फबारी हुई। पहाड़ों में हाल ही में हुई बर्फबारी से ऊंचे इलाकों में बारहमासी जल भंडारों के भरने की उम्मीद है जो कठोर गर्मी के महीनों के दौरान विभिन्न जल निकायों को बनाए रखते हैं। श्रीनगर में सोमवार को न्यूनतम तापमान माइनस 2, गुलमर्ग में माइनस 12 और पहलगाम में माइनस 6 रहा। लद्दाख क्षेत्र में, लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 3.9, कारगिल में माइनस 15 और द्रास में माइनस 11.8 रहा। जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री, माता वैष्णो देवी आधार शिविर शहर कटरा में 5.2 डिग्री, बटोट में 0.4 डिग्री, भद्रवाह में 0.1 डिग्री और बनिहाल में 1 डिग्री सेल्सियस रहा।

## दिबाकर बनर्जी ने 'लव सेक्स और धोखा 2' के लिए 6,000 कलाकारों का लिया ऑडिशन

**मुंबई,** 4 मार्च (एजेंसियां)। फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 के लिए फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी ने विभिन्न भूमिकाओं के लिए 6,000 से अधिक कलाकारों का ऑडिशन लिया। यह फिल ?म 2010 में बनी स्लीपर हिट का सीक्वल है।

फिल्म निर्माता दिबाकर बनर्जी ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को चुनने के लिए कड़ी मेहनत की। इस बात का ध्यान रखा कि किरदार कहानी में फिट बैठ सके। एक सूत्र ने कहा कि दिबाकर बनर्जी ने भूमिका के लिए लगभग 6,000 कलाकारों का ऑडिशन लिया। ऑडिशन लेते समय उनका विजन साफ था कि वह किस किरदार के लिए लोग चुन रहे हैं। इस पर उन्होंने काफी रिसर्च की थी। इसके लिए दिबाकर ने एकता कपूर के साथ मिलकर कुछ दिनों तक लगभग 10 से 12 घंटे तक भारतभर के यूट्यूबर्स की बहुत सारी फोटोज और वीडियो देखी। फिल्म 2010 की स्लीपर हिट लव सेक्स और धोखा का सीक्वल है। दिबाकर की पहली दो फिल्मों खोसला का घोसला और ओए लकी, लकी ओए के बाद यह उनकी तीसरी फिल्म है। सीक्वल का दर्शक बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सूत्र ने बताया कि वह इस फिल ?म की भूमिका के



लिए नेचुरल चेहरे चाहते थे। ताकि वह दर्शकों से आसानी से जुड़ सके। यह फिल ?म प्रभावशाली लोगों के बारे में बात करने जा रही है जो आम थे और कम समय में इंटरनेट सनसनी बन गए। दिबाकर चाहते थे कि कलाकार दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाएं। बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत लव सेक्स और धोखा 2 एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी।

## शिवरात्रि पर 36 घंटे खुला रहेगा काशी विश्वनाथ मंदिर



**वाराणसी,** 4 मार्च (एजेंसियां)। महाशिवरात्रि पर होने वाली मंगल आरती के बाद वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर 36 घंटे खुला रहेगा। मंदिर पदाधिकारियों ने त्योहार के मौके पर 10 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है, जिसे ध्यान में रखते हुए गर्भगृह को दर्शन के लिए खोले रखने का निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रबंधन ने भीड़ को नियंत्रित करने का पूरा प्रबंध भी कर लिया है। मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने कहा कि श्रद्धालु चार कतारों में मंदिर के दर्शन कर सकेंगे। वे 9 मार्च सुबह 11 बजे तक झरोखा दर्शन कर सकेंगे। इस अवधि में स्पर्श-दर्शन (शिवलिंग को छूकर प्रार्थना करना) की व्यवस्था उपलब्ध नहीं होगी। उन्होंने कहा कि इस मौके पर श्रद्धालुओं के लिए वीआईपी टिकट की सुविधा नहीं रहेगी और आम श्रद्धालुओं को किसी वीआईपी दर्शन की वजह से परेशान नहीं किया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर के नवीनीकरण और प्रधानमंत्री द्वारा 13 दिसंबर 2021 को इसका उद्घाटन किए जाने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी दर्ज की गई है। आमतौर पर यहां नव वर्ष, महाशिवरात्रि और श्रावण के माह में अधिक श्रद्धालु आते हैं। बता दें कि पिछले साल महाशिवरात्रि के मौके पर यहां 6.88 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे थे। अधिकारियों ने इस महाशिवरात्रि पर बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई है।

श्रद्धालुओं के लिए वीआईपी टिकट की सुविधा नहीं रहेगी और आम श्रद्धालुओं को किसी वीआईपी दर्शन की वजह से परेशान नहीं किया जाएगा

## सारा अली खान की फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई,** 04 मार्च (एजेंसियां) बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिये अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी। उषा मेहता ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान खुफिया रेडियो स्टेशन की शुरुआत



की थी, जिसके लिए वह पूरे देश में मशहूर भी हुई थीं। कन्नन अय्यर के निर्देशन में बनी ए वतन मेरे वतन में सारा अली खान के अलावा सचिन खेडेकर, अभय वर्मा, स्पर्श श्रीवास्तव, एलेक्स ओ नील और आनंद तिवारी भी हैं। ऐ वतन मेरे वतन को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने बनाया है। ऐ वतन मेरे वतन 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

# हुमा कुरैशी ने अपनी खूबसूरत तस्वीरों से फैंस को किया दीवाना

**मुंबई,** 4 मार्च (एजेंसियां)। एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी स्ट्रीमिंग पॉलिटिकल सीरीज महारानी के तीसरे सीजन की तैयारियों में जुटी हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने चाहने वालों के लिए बेहद खूबसूरत फोटो शेयर की है। जिस पर फैंस मोहित हो गए हैं।

इंस्टाग्राम पर शेयर फोटो में हुमा को व्हाइट क्रॉप टॉप, पीच लेयर्ड स्कर्ट और मैचिंग कोट पहने देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने इसमें अपने बालों को खुला रखा। एक्ट्रेस जल्द ही पॉलिटिकल ड्रामा स्ट्रीमिंग शो महारानी 3 में दिखाई देंगी, जिसमें वह बिहार की मुख्यमंत्री की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस सीरीज का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया था। ट्रेलर में रानी भारती के किरदार हुमा को अपने राजनेता पति की कथित हत्या के लिए जेल में सजा काटते हुए दिखाया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि रानी भारती के बच्चों पर हमला किया जाता है। इसी को लेकर एक्ट्रेस उन लोगों से हिसाब चुकाने के लिए जमानत पर बाहर आती हैं, जिन्होंने उनके पति की हत्या की साजिश रची थी।

ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि कैसे बिहार की राजनीति में पुराने खिलाड़ी अपने क्षेत्र पर पकड़ बनाए रखते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि कैसे जहरीली शराब से बिहार में कई लोगों की मौत हो जाती है और इसका राजनीति से क्या संबंध है। सीरीज महारानी का तीसरा सीजन 7 मार्च को सोनी लिव पर रिलीज होगा।




# पुरुषों की तुलना में महिलाओं को माइग्रेन का तीन गुना खतरा क्यों?

### माइग्रेन एक बहुत ही आम सिरदर्द है और लगभग 15 प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है: डॉ. प्रवीण गुप्ता

**माइग्रेन से पीड़ित लोगों के परिवार में माइग्रेन का महत्वपूर्ण इतिहास होता है और मासिक धर्म के दौरान इसकी स्थिति बिगड़ जाती है।**

**नई दिल्ली**, 4 मार्च (एजेंसियां)। विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं सिरदर्द से ज्यादा पीड़ित होती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हार्मोन में बदलाव के कारण माइग्रेन (तेज सिरदर्द) पुरुषों की तुलना में महिलाओं में तीन गुना अधिक होता है। माइग्रेन एक गंभीर सिरदर्द है जो आम तौर पर एक तरफ से शुरू होता है। इसके लक्षणों में मतली या उल्टी और शोर के प्रति चिड़चिड़ापन शामिल है। यह आमतौर पर चार घंटे से अधिक समय तक रहने वाला सिरदर्द है, लेकिन यह 72 घंटे तक भी रह सकता है।

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रधान निदेशक डॉ. प्रवीण गुप्ता ने बताया कि माइग्रेन एक बहुत ही आम सिरदर्द है और लगभग 15 प्रतिशत



आबादी को प्रभावित करता है। माइग्रेन से पीड़ित लोगों के परिवार में माइग्रेन का महत्वपूर्ण इतिहास होता है और मासिक धर्म के दौरान इसकी स्थिति बिगड़ जाती है। महिलाओं और पुरुषों का अनुपात एक से तीन गुना है। आर्टेमिस हॉस्पिटल के डॉ. सुमित सिंह ने कहा कि यह शरीर के हार्मोन में चक्रीय परिवर्तन के कारण होता है। एस्ट्रोजन के नाम से जाना जाने वाला महिला सेक्स हार्मोन माइग्रेन पैदा करने का मुख्य कारण है। डॉ. सुमित सिंह ने बताया कि जो महिलाएं हार्मोनल गोलियां खाती हैं या हार्मोनल गर्भ निरोधकों का इस्तेमाल करती हैं, उनमें माइग्रेन का खतरा बहुत ज्यादा होता है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2019 के अनुसार, दुनिया भर में माइग्रेन 18 से 49 साल की महिलाओं में अधिक होता है। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में माइग्रेन बार-बार होता है। गुरुग्राम स्थित मेदांता द मेडिसिटी में न्यूरोलॉजी के अध्यक्ष प्रोफेसर विनय गोयल ने बताया कि माइग्रेन एक बहुत ही आम सिरदर्द है। यह पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक आम है। माइग्रेन का निदान हमेशा नैदानिक होता है और इसके लिए एक अच्छे चिकित्सक या न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श की जरूरत होती है और कभी-कभी एमआरआई की भी जरूरत होती है।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 3.50 प्रतिशत |
| पॉवरग्रिड | 2.63 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.03 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.90 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.77 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.49 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.75 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.32 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.32 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# देश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र का उद्घाटन

**नई दिल्ली**, 4 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को हरियाणा के हिसार स्थित जिंदल स्टेनलेस में इस क्षेत्र में देश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का वर्चुअल उद्घाटन किया।

■ **स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए दुनिया का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र**

इस्पात मंत्रालय ने बताया कि यह परियोजना स्टेनलेस स्टील उद्योग के लिए दुनिया का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र और रूफटॉप तथा फ्लोटिंग सोलर यूनिट्स वाला दुनिया का पहला ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र है। इस अत्याधुनिक संयंत्र का लक्ष्य हर साल कार्बन उत्सर्जन में 2,700 टन की कमी लाकर दो दशकों में 54 हजार टन कार्बन फुटप्रिंट कम करना है। मंत्री ने हरित एवं टिकाऊ भविष्य के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि एक सरकार के रूप में हम 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कंपनियों, नागरिकों और राज्य सरकारों को हरित विकास तथा हरित रोजगार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना न केवल सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है बल्कि जिम्मेदार औद्योगिक प्रथाओं की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए मूल्यवान रोजगार के अवसर भी पैदा करती है। मंत्री ने अन्य उद्योग हितधारकों से उत्साहपूर्वक स्वच्छ प्रौद्योगिकियां अपनाने, हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में देश की परिवर्तनकारी यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने और एक कर्तव्यनिष्ठ औद्योगिक परिदृश्य को बढ़ावा देने का आग्रह किया। सिंधिया ने सरकार के कदमों का उल्लेख किया, जिसमें हरित इस्पात उत्पादन के प्रत्येक पहलू के लिए कार्य बिंदुओं की पहचान करने के लिए 13 टास्क फोर्स की स्थापना और घरेलू स्तर पर उत्पादित स्क्रैप की उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्टील स्क्रैप रीसाइक्लिंग नीति का कार्यान्वयन शामिल है। मंत्री ने इस्पात क्षेत्र में देश की प्रगति, एक शुद्ध आयातक से एक शुद्ध निर्यातक बनने और कच्चे इस्पात का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बनने के लक्ष्यों पर भी प्रकाश डाला।



परियोजना न केवल सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है बल्कि जिम्मेदार औद्योगिक प्रथाओं की क्षमता को प्रदर्शित करते हुए मूल्यवान रोजगार के अवसर भी पैदा करती है : ज्योतिरादित्य सिंधिया

# सरकार सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर लॉन्च करेगी : राजीव चंद्रशेखर

**चेन्नई**, 4 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार को जल्द ही प्रतिष्ठित भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर लॉन्च करने की उम्मीद है, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप एक अकादमिक-सरकारी-निजी क्षेत्र-स्टार्ट-अप भागीदारी वाला संस्थान होगा। उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास में ऑल इंडिया रिसर्च स्कॉलर्स समिट (एआईआरएसएस) 2024 के उद्घाटन सत्र में एक वर्चुअल संबोधन के दौरान यह बात कही।

रिसर्च सेंटर उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों के सहयोग से सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस अनुसंधान शिखर सम्मेलन के संदर्भ में, सबसे महत्वपूर्ण विकास जल्द ही घोषित होने वाला भारत सेमीकंडक्टर रिसर्च सेंटर है, जो वास्तव में एक वैश्विक मानक अकादमिक-सरकारी-निजी क्षेत्र-स्टार्ट-अप भागीदारी वाला संस्थान होगा। शुरुआत में एक संस्थान के रूप में सेमीकंडक्टर कॉम्प्लेक्स लिमिटेड के साथ सह-स्थित बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बाद में केंद्र को एक स्वतंत्र अर्धचालक अनुसंधान संगठन में बदल दिया जाएगा जो अमेरिका और ताइवान के शीर्ष संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा और सहयोग करेगा, और आने वाले वर्षों में खुद को सेमीकंडक्टर अनुसंधान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।



देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र, जो सिर्फ दो साल पहले शुरू किया गया था, जीवंत है और तेजी से बढ़ रहा है : चन्द्रशेखर

चन्द्रशेखर ने बताया कि अनुसंधान केंद्र में भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र होगा जो मटिरियल से लेकर भौतिकी से लेकर विज्ञान तक ट्रांजिस्टर से लेकर उपकरणों से लेकर पैकेजिंग से लेकर सिस्टम इनोवेशन तक विविध क्षेत्रों में अनुसंधान पर काम और सहयोग करेगा।

मंत्री ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र, जो सिर्फ दो साल पहले शुरू किया गया था, जीवंत है और तेजी से बढ़ रहा है।

# सरसों तेल सस्ता; दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली**, 4 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल सस्ता हो गया जबकि दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 15 रिंगिट फिसलकर 4009 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट की तेजी के साथ 45.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 146 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये और अरहर दाल 500 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई।

# इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स की स्थापना

**नई दिल्ली**, 4 मार्च (एजेंसियां)। उपभोक्ताओं की बढ़ती पसंद और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों की आवश्यकता से प्रेरित, भारत का ऑटोमोटिव क्षेत्र विकास के लिए मेक इन इंडिया बल्कि भारत में डिजाइन करने की क्षमता को गति देने के उद्देश्य से बिजनेस स्कूल एक्सएलआरआई ने इंडियन स्कूल फॉर डिजाइन ऑफ ऑटोमोबाइल्स (आईएनडीईए) की स्थापना की घोषणा की है। संस्थान ने कहा कि यह भारत में ऑटोमोबाइल डिजाइन के लिए अपनी तरह का पहला समर्पित फिनिशिंग स्कूल है। एक्सएलआरआई के पूर्व छात्र और ऑटोमोबाइल उद्योग विशेषज्ञ अविक चट्टोपाध्याय के सहयोग से इसकी शुरूआत की गयी है। इसके तीन स्तंभ होंगे जिसमें अंतर्ज्ञान और औद्योगिक ज्ञान का संतुलन, समृद्ध उद्योग इंटरफ़ेस और वैश्विक विचार एवं अनुप्रयोग का प्रदर्शन शामिल है। इसका लक्ष्य दुनिया के कुछ अग्रणी और सबसे सम्मानित डिजाइनरों को विजिटिंग फैकल्टी के रूप में स्कूल में लाना है।

XLRi ONLINE LEARNING

आईएनडीईए ऑटोमोबाइल डिजाइन और प्रबंधन में मास्टर डिग्री से लेकर डिजाइनरों के अभ्यास के लिए रिफ्रेशर और सीएक्सओ के लिए इंडक्शन तक विभिन्न कार्यक्रमों की पेशकश करेगा। वार्षिक कैलेंडर के हिस्से के रूप में सेमिनार, मास्टर-क्लास और कार्यशालाओं की भी योजना बनाई जाएगी। ऑटोमोबाइल रेस्टोरेशन में एक कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। ऑटोमोबाइल डिजाइन और प्रबंधन में परास्नातक एक साल का स्नातकोत्तर कार्यक्रम होगा जिसमें स्क्रीनिंग प्रक्रिया के माध्यम से सभी स्नातक स्कूलों से हर साल 20-25 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। पाठ्यक्रम के विवरण को अंतिम रूप दिया

## ऐप स्टोर के लिए समुचित टिकाऊ भविष्य जरूरी

**बेंगलुरु।** फोनपे के इंडस ऐपस्टोर के लॉन्च पर एक आकर्षक पैनल चर्चा में ऐप स्टोर के लिए टिकाऊ बिजनेस मॉडल के महत्वपूर्ण मुद्दे पर वक्ताओं ने अपनी बात रखी। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पैनल ने भारतीय बाजार के भीतर अद्वितीय चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऐप स्टोर के लिए टिकाऊ बिजनेस मॉडल पर विचार-विमर्श किया।

# सकारात्मक रुझान के बीच शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई**, 4 मार्च (एजेंसियां)। ब्याज दर में इस वर्ष के अंत में कटौती शुरू होने की उम्मीद में विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और पावर समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही।

■ **बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में कारोबार**

■ **सेंसेक्स 66.14 अंक चढ़कर 73,872.29 अंक निफ्टी 27.20 अंक की बढ़त लेकर 22,405.60 अंक पर बंद**



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 66.14 अंक चढ़कर 73,872.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.20 अंक की बढ़त लेकर 22,405.60 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियों में लिवाली हुई लेकिन छोटी कंपनियों के शेयर लुढ़क गए। मिडकैप 0.16 प्रतिशत बढ़कर 40,025.84 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.78 प्रतिशत टूटकर 45,495.26 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1426 में लिवली जबकि 2525 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां हरे जबकि शेष 25 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के 10 समूहों में तेजी रही। इस दौरान ऊर्जा 1.71, वित्तीय सेवाएं 0.25, दूरसंचार 0.50, यूटिलिटीज 1.45, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.17, धातु 0.14, तेल एवं गैस 1.88, पावर 1.67 और रियल्टी समूह के शेयर 0.13 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़त रही। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.08, जापान का निक्केई 0.50, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन के एफटीएसई में 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 97 अंक की तेजी के साथ 73,903.09 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,747.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली की बदौलत दोपहर से पहले 73,990.13 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए अंत में यह पिछले दिवस के 73,806.15 अंक के मुकाबले 0.09 प्रतिशत की बढ़त लेकर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 25 अंक बढ़कर 22,403.50 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 22,358.30 अंक के निचले जबकि 22,440.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,378.40 अंक की तुलना में 0.12 प्रतिशत मजबूत होकर 22,405.60 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एनटीपीसी 3.50, पावरग्रिड 2.63, रिलायंस 1.03, एक्सिस बैंक 0.90, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, टेक महिंद्रा 0.64, बजाज फिनसर्व 0.61, भारती एयरटेल 0.57, इंडसइंड बैंक 0.30, बजाज फाइनेंस 0.21, कोटक बैंक 0.14, एचडीएफसी बैंक 0.13, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.13, मारुति 0.12 और सन फार्मा 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.49, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.75, टाटा स्टील 1.32, अल्ट्रासिमको 1.32, इंफोसिस 1.05, टाइटन 0.87, आईटीसी 0.75, एशियन पेंट 0.62, टीसीएस 0.62, एचसीएल टेक 0.58, विप्रो 0.46, नेस्ले इंडिया 0.41, एलटी 0.28, एसबीआई 0.12 और टाटा मो

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 97 अंक की तेजी के साथ 73,903.09 अंक पर खुला लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,747.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

# मूडीज ने भारत के विकास दर का अनुमान बढ़ाया

**मुंबई**, 4 मार्च (एजेंसियां)। मूडीज इन्वेस्टर सर्विस ने सोमवार को भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया और उम्मीद जताई कि देश 2024 में जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

मूडीज ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से ज्यादा विकास हुआ। इसके कारण हमें अपना 2024 का विकास अनुमान 6.1 से बढ़ाकर 6.8 फीसदी करना पड़ा है। यह संशोधन 2023 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था के 8.4 फीसदी की दर से बढ़ने के बाद किया गया है। मूडीज ने कहा कि उसे आगामी लोकसभा चुनाव के बाद सरकार की नीति में निरंतरता जारी रहने और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान दिए जाने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी को उम्मीद है कि प्रमुख विनिर्माण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के कारण निजी क्षेत्र के निवेश में तेजी आएगी। एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की तीसरी और चौथी तिमाही की तेजी चालू कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में भी बनी हुई है।




## 2025 में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा के एक अर्थशास्त्री ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा वित्त वर्ष 2024 के लिए 7.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान का हवाला देते हुए, अर्थशास्त्री जाह्नवी प्रभाकर ने कहा कि स्ट्रॉन्ग मैक्रोइकोनोमिक फंडामेंटल्स को देखते हुए, वित्त वर्ष 2025 में खपत और निवेश के बने रहने की संभावना है, भले ही विकास दर बहुत ऊंची न रहे।

# सरकार का वाहन उद्योग को बढ़ावा देने का योजना

**नई दिल्ली**, 4 मार्च (एजेंसियां)। सरकार की तरफ से गठित एक समिति उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन योजना के तहत वाहन कंपनियों को तिमाही प्रोत्साहन देने और अधिक कल-पुर्जों को योजना में शामिल करने की मांग पर गौर करेगी।



■ **भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव करेंगे समिति की अध्यक्षता**

भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने सोमवार को कहा कि इस साल वाहन क्षेत्र की पीएलआई योजना के तहत सालाना प्रोत्साहन दिया जाएगा लेकिन मंत्रालय में गठित एक समिति वाहन क्षेत्र के मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के अनुरोधों पर गौर करेगी। कुरैशी ने कहा कि एक मांग यह है कि योजना में कुछ उन्नत वाहन प्रौद्योगिकी (एएटी) उपकरणों को शामिल किया जाए। हमारे पास केवल 103 उपकरण हैं। भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडे ने कहा था कि सरकार ने वाहन क्षेत्र की पीएलआई योजना में अधिक कल-पुर्जों को शामिल करने की मांग की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता भारी उद्योग मंत्रालय के एक अतिरिक्त सचिव करेंगे और इसमें एआरएआई जैसी जांच एजेंसियों और वाहन उद्योग के प्रतिनिधियों समेत 11 सदस्य होंगे।

# शर्तों के साथ बांग्लादेश, यूएई में प्याज के निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली**, 4 मार्च (एजेंसियां)। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना जारी कर बताया कि केंद्र सरकार ने 64,400 टन प्याज के निर्यात को बांग्लादेश और यूएई नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के जरिए निर्यात की मंजूरी दे दी है।

50 हजार टन प्याज को बांग्लादेश में निर्यात करने की मंजूरी दी गई है। इसके अलावा 14,400 टन प्याज को भी यूएई निर्यात करने की मंजूरी मिली है। अधिसूचना में आगे कहा गया है कि उपभोक्ता मंत्रालय से परामर्श लेने के बाद ही नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड बांग्लादेश में प्याज को निर्यात करने के तरीकों के बारे में रूपरेखा निर्धारित करेगा। सरकार चाहती है कि निर्यात व्यवस्थित तरीके से हो। सरकार घरेलू कीमतों पर कड़ी नजर रख रही है और नहीं चाहती कि वे नियंत्रण से बाहर हो जाएं।

■ **सरकार चाहती है व्यवस्थित तरीके से हो निर्यात**

■ **सरकार घरेलू कीमतों पर रख रही कड़ी नजर**

एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को 14,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति देने वाली अधिसूचना में प्रत्येक तिमाही के लिए 3,600 मीट्रिक टन की सीमा रखी गई है। इससे पहले केंद्र सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को प्याज को निर्यात करने के संबंध में निर्धारित किए गए नियमों में संशोधन किया था। दरअसल, प्याज को निषिद्ध सूची से हटाकर फ्री सूची में लाया गया। प्याज फ्री सूची में 31 मार्च 2024 तक रहेगा। केंद्र सरकार ने यह कदम ऐसे वक्त में उठाया है, जब घरेलू बाजार में प्याज की पूर्ति में जहां कमी देखने को मिल रही है, वहीं मांग भी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया कदम उपयोगी माना जा रहा है। हालांकि, सरकार-से-सरकार शिपमेंट को मित्र देशों के साथ प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए अनुमति दी जा रही है।



जुलाई, 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

## भारत ने अफ्रीका के लिए चावल निर्यात को दी मंजूरी


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ग्लोबल साउथ तक भारत की पहुंच बनाने के लिए तीन अफ्रीकी देशों में 1,10,000 टन चावल के निर्यात की इजाजत दी है। ऐसा उन देशों की खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के किया गया है। भारत के विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, तंजानिया को 30,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है, जबकि जिबूती को 30,000 टन टूटे चावल और गिनी बिसाऊ को 50,000 टन टूटे चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए 2023 से गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## सार संक्षेप

### ओला इलेक्ट्रिक को पीएलआई-ऑटोमोटिव सर्टिफिकेट मिला

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) मानेसर ने ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए भारी उद्योग मंत्रालय की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के तहत पहला पीएलआई - ऑटोमोटिव सर्टिफिकेट प्रदान किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ओला इलेक्ट्रिक की बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन ओला एस1 प्रो (जेन2) ने ऑटोमोटिव पीएलआई प्रमाणपत्र के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत डीवीए के मानदंडों को पूरा किया, जो उन्नत ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी उत्पादों के स्वदेशीकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। उन्हें आईसीएटी से यह प्रमाणपत्र मेक इन भारत अभियान के प्रति उनके समर्पण और घरेलू उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए मिला है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना (एनईएमएमपी) 2020 की शुरुआत की गयी थी। यह योजना देश के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और अपनाने के लक्ष्य और समय सीमा निर्धारित करती है।

### एडीआईए ने स्पाइसजेट में खरीदे शेयर




**नई दिल्ली।** अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए) ने हाल ही में खुले बाजार से स्पाइसजेट के शेयर खरीदे हैं। एयरलाइन के प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा, कि हां, एडीआईए ने खुले बाजार से एयरलाइन के शेयर हासिल किए हैं। एक एयरलाइन अधिकारी ने दावा किया कि स्पाइसजेट में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की हिस्सेदारी में 5.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो दिसंबर 2023 में 0.33 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी 2024 में 6.21 प्रतिशत हो गई। स्पाइसजेट ने हाल ही में एरीज़ अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड और एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित कुछ निवेशकों के साथ एक प्रीफेरेंशियल इश्यू से कुल 1060 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया था। एयरलाइन अधिकारियों के अनुसार इन फंडों का एक हिस्सा पिछली देनदारियों को चुकाने में इस्तेमाल किया जाएगा। 28 फरवरी को, स्पाइसजेट ने एयरकैप की सहायक कंपनी, सेलेस्टियल एविएशन के साथ बातचीत के जरिए अपने 250 करोड़ रुपए के विवाद को सुलझा लिया था।

### सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी एफ 15 5जी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी सैमसंग ने 600 एमएएच बैटरी वाला नया गैलेक्सी एफ15 5जी के लॉन्च की आज घोषणा की, जो उपयोगकर्ताओं को कई सेगमेंट-केवल सुविधाओं के साथ एक बेहतर स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है जिसकी शुरुआती कीमत 11999 रुपए है।

# खेल जगत

## एआईएफएफ में हो रही घटनाओं से दुखी हूं : शाजी प्रभाकरन



**नई दिल्ली।** यह मामला तब शुरू हुआ था, जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपने महासचिव शाजी प्रभाकरण को पिछले साल नंवबर में विश्वासघात करने के कारण टर्मिनेट कर दिया था। यह कल्याण चौबे और शाजी प्रभाकरन की जोड़ी थी, जिन्होंने एआईएफएफ में एक नया अध्याय लिखा। चौबे, फुटबॉल के शासी निकाय के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने वाले पहले पूर्व खिलाड़ी बने थे। नई आशा और ढेर सारे वादों के साथ दोनों ने भारतीय फुटबॉल की बेहतरी के लिए काम करना शुरू किया, लेकिन फिर अचानक सब कुछ बिखर गया। अपनी बर्खास्तगी के बाद प्रभाकरन ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक मामला दायर किया। इसमें उन्होंने आरोप लगाया गया कि उनकी बर्खास्तगी गलत थी। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि यह फैसला एआईएफएफ के संविधान और उनके नियुक्ति पत्र के नियमों और शर्तों की अनदेखी करके लिया गया था। जिसके बाद हाई कोर्ट ने शाजी प्रभाकरन को टर्मिनेट करने के एआईएफएफ के फैसले पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी।

# दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 25 रन से हराकर हासिल किया शीर्ष स्थान

**बेंगलुरु,** 4 मार्च (एजेंसियां)। यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 10वें मैच में कप्तान मेग लैनिंग ने अर्धशतक जमाया, जबकि बाएं हाथ की स्पिनरों जेस जोनासेन और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 25 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। इस तरह दिल्ली कैपिटल्स बेहतर नेट रन रेट के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

**महिला प्रीमियर लीग 2024**

लैनिंग ने अपनी 41 गेंदों में 55 रनों की पारी के दौरान छह चौके और एक छक्का लगाया। पिछले संस्करण की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए कहे जाने के बाद 163/8 का मामूली स्कोर बनाया। इसके बाद जोनासेन और पर्पल कैप हासिल करने वाली राधा यादव के साथ गेंदबाज हरकत में आईं। जोनासेन ने अपने चार ओवरों में निजी स्कोर 3-22 और राधा यादव ने 3-20 रखा। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जाइंट्स को 20 ओवरों में 138/8 पर रोक दिया और लगातार तीसरी जीत हासिल की। उनके अब चार मैचों में छह अंक हैं, जो गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के समान है, जिनके भी छह अंक हैं, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के 1.251 की तुलना में उनका स्कोर 0-402 कम है। यूपी वारियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के चार-चार अंक हैं और वे पांच टीमों की प्रतियोगिता में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस शून्य अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर है, क्योंकि वह इस सीजन में अब तक सभी चार मैच हार चुकी है। पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान मेग लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की पारी को संभाला, हालांकि तीसरे ओवर में उन्होंने साथी सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का विकेट खो दिया। शेफाली ने चार मैचों में दो अर्द्धशतक बनाए थे। उन्होंने मेघना सिंह द्वारा अपने पैड पर डाली गई गेंद को सीधे लौरा वोल्वार्ड्ट के पास भेज दिया, जो 13 रन पर थीं। लैनिंग और एलिस कैप्सी ने दूसरे विकेट के लिए 38 रन जोड़े। इससे पहले मेघना 17 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाकर फुल एंड वाइड का शिकार बनीं। जमीमा रोड्रिग्स ज्यादा देर तक टिक नहीं पाईं, जबकि एनाबेल सदरलैंड ने 12 गेंदों में 20 रन बनाए। शिखा पांडे (8 में से 14) के देर से किए गए आक्रमण ने दिल्ली कैपिटल्स को 20 ओवरों में 163/8 के बराबर स्कोर तक पहुंचने में मदद की। गुजरात टाइटंस के लिए मेघना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थीं। उन्होंने 4-37, जबकि एशले गार्डनर ने 2-37 हासिल किए। गुजरात जायंट्स ने 164 रनों का पीछा करते हुए पारी की तीसरी गेंद पर लौरा वोल्वार्ड्ट का विकेट खो दिया। जब बोर्ड पर एक भी रन नहीं था, शिखा पांडे ने स्टंप उखाड़ने के लिए बल्ले और पैड के बीच के अंतर से एक रन हासिल किया। स्कोर 28/2 हो गया, जब कप्तान बेथ मूनी पांचवें ओवर में जोनासेन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गईं। इसके बाद जोनासेन ने फोबे लीचफील्ड को 15 रन पर वापस भेज दिया और गुजरात टाइटंस 34/3 पर सिमट गई।



लैनिंग ने 41 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली

**संक्षिप्त स्कोर**

दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 163/8 (मेग लैनिंग 55, ऐलिस कैप्सी 27, मेघना सिंह 4-37, एशले गार्डनर 2-37) ने गुजरात जायंट्स को 20 ओवर में 138/8 (एशले गार्डनर 40, जेस जोनासेन 3-22, राधा यादव 3-20) 25 रन से।

## दिल्ली कैपिटल्स की मेग लैनिंग ने कहा कि हमारा टॉप-6 सबसे बेस्ट

ऑस्ट्रेलिया की पूर्व महिला कप्तान मेग लैनिंग ने बेशक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन उनका बल्ला खामोश नहीं हुआ है। भारत में खेले जा रहे महिला प्रीमियर लीग में मेग लैनिंग दिल्ली कैपिटल्स टीम की कप्तानी कर रही हैं, जहां वो बल्ले और अपनी कप्तानी दोनों से धूम मचा रही हैं। रविवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स पर 25 रनों की जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स इस सीजन में टॉप पर पहुंच चुकी है। इस जीत के बाद कप्तान मेग लैनिंग ने कहा कि उनके सहित सभी शीर्ष छह बल्लेबाज अपनी-अपनी ताकत के अनुसार खेलते हैं। मेग लैनिंग दोनों टीमों के बल्लेबाजों में से एकमात्र खिलाड़ी थीं, जिन्होंने पचास के आंकड़े को पार किया। मैच के बाद मेग ने कहा कि हमने वास्तव में जो कुछ भी कहा है, वह अपनी ताकत के अनुसार खेलना है। हमारे सभी शीर्ष छह की अपनी-अपनी ताकतें हैं। जब तक खिलाड़ी अपना बेस्ट दे रहे हैं, हम उनका समर्थन करेंगे। हम यहां स्वतंत्रता के साथ खेलना चाहते हैं, खासकर यहां की परिस्थितियां को ध्यान में रखकर। विकेट काफी सपाट और आउटफील्ड तेज है। हम अपनी शैली में खेलकर अच्छा कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम ऐसा करना जारी रखेंगे।



# आईपीएल से पहले एमएस धोनी के फेसबुक पोस्ट से बढ़ा सस्पेंस



**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 से पहले सीएसके के कप्तान एमएस धोनी के एक फेसबुक पोस्ट ने फैन्स के बीच सस्पेंस बढ़ा दिया है। 'नए सीजन और नई 'भूमिका' के लिए इंतजार नहीं कर सकता। बने रहें! ये वो शब्द हैं जो एमएस धोनी ने अपने पोस्ट में लिखें हैं। इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर फैंस धोनी की नई भूमिका को लेकर सवाल पूछ रहे हैं। हर कोई उनके नए रोल के बारे में जानने के लिए बेताब है। कुछ यूजर्स का कहना है कि धोनी अपने बैटिंग आर्डर में बदलाव करने की बात कर रहे हैं, तो कुछ ये भी कयास लगा रहे हैं कि कहीं धोनी बतौर खिलाड़ी संन्यास लेकर किसी नई भूमिका में सीएसके के साथ नजर तो नहीं आएंगे। धोनी की कप्तानी में ही चेन्नई टीम ने पिछला यानी 2023 सीजन अपने नाम किया था। तब उन्होंने फाइनल में गुजरात टाइटन्स को हराया था। उस समय धोनी ने कहा था कि आईपीएल 2024 में खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर होगा। हालांकि, उनकी इस नई पोस्ट ने एक बार फिर आईपील 2024 के आगाज से पहले फैंस के बीच हलचल तेज कर दी है।

## सीएसके का मैच विनर प्लेयर आधे सीजन से हुआ बाहर

आईपीएल 2024 के आगाज में अब चंद हफ्ते बाकी हैं, लेकिन इससे पहले डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स को करारा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि न्यूजीलैंड के विस्फोटक ओपनर डेवोन कॉनवे आधे से ज्यादा सीजन तक टीम से बाहर हो सकते हैं। डेवोन कॉनवे को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बाएं अंगूठे पर चोट लग गई। उन्हें इस हफ्ते सर्जरी करवानी है, जिससे वह कम से कम आठ हफ्ते तक बल्ला नहीं उठा पाएंगे। चोटिल होने के कारण उन्हें पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और फिर टेस्ट से भी बाहर होना पड़ा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस मामले में अपडेट देते हुए कहा है कि स्टार ओपनर डेवोन कॉन्वे चोटिल हो गए हैं और उन्हें ठीक होने में कम से कम आठ हफ्ते लगेंगे। इस ताजा अपडेट के अनुसार यह स्पष्ट है कि कॉनवे आईपीएल 2024 के पहले हाफ में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से होने जा रही है और पहले मैच में सीएसके का सामना चन्नई के चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से होगा।

# युवराज और हरभजन के बीच भिड़ंत के साथ लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी की होगी शुरुआत



- लीग में एरोन फिंच, क्रिस गेल और अन्य बड़े नाम भी शामिल
- सीजन के मुकाबले 90-90 बॉल के होंगे

**कैंडी,** 4 मार्च (एजेंसियां)। भारत के दिग्गज क्रिकेटर हरभजन सिंह और युवराज सिंह 8 मार्च से पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होने वाले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के पहले मैच में भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी का दूसरा सीजन श्रीलंका में 8 मार्च से शुरू होने जा रहा है। इस साल लीग के सभी मैच श्रीलंका के पल्लेकेले स्टेडियम में खेले जाएंगे। युवराज न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स का नेतृत्व करेंगे, जिसमें डैन क्रिश्चियन, इसुरु उदाना, जेरोम टेलर, रिकार्डो पॉवेल, चमारा कपुगेदारा, राहुल शर्मा और लाहिरू थिरिमाने जैसे कुछ बड़े नाम शामिल हैं। दूसरी ओर हरभजन सिंह के नेतृत्व वाली दुबई जाइंट्स में शॉन मार्श, रिचर्ड लेवी, थिसारा परेरा, फिदेल एडवर्ड्स और बेन लॉफलिन जैसे खिलाड़ी हैं। दोनों ही टीमें कागज पर काफी मजबूत हैं और टूर्नामेंट के शुरुआती दिन शानदार प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार होंगे। इस बीच टूर्नामेंट के आगाज से पहले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के निदेशक शावेन शर्मा ने कहा कि हम इस नए प्रारूप में इससे अधिक रोमांचक टूर्नामेंट ओपनर की उम्मीद नहीं कर सकते थे। हरभजन और युवराज दोनों को पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है और श्रीलंका में भी उनके फैंस की कमी नहीं है। हम पहले मैच के लिए बड़े पैमाने पर दर्शकों की उम्मीद कर रहे हैं।

# तमिलनाडु को हराकर फाइनल में पहुंचा मुम्बई

**मुम्बई,** 4 मार्च (एजेंसियां)। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन की मदद से मुंबई रणजी ट्रॉफी 2023-24 के सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु को पारी और 70 रनों से हराकर फाइनल में पहुंच गई है। मुंबई रिकॉर्ड 47वीं बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। मुम्बई ने इससे पहले वर्ष 2015-16 सत्र में रणजी ट्राफी का खिताब जीता था। फाइनल में मुंबई का सामना विदर्भ और मध्य प्रदेश के बीच हो रहे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। कल के 353 के स्कोर आगे खेलते हुए मुम्बई 25 रन और जोड़ते हुए तीसरे दिन पहली पारी 378 रनों पर सिमट गई थी। आखिरी विकेट के लिए तनुष और तुषार देशपांडे के बीच 88 रनों की साझेदारी की। तनुष ने 89 रनों की नाबाद पारी खेली। मुंबई को पहली पारी में 232 रनों की बढ़त मिली थी।

**रणजी ट्रॉफी 2023-24**

इसके बाद दूसरी पारी में भी मुम्बई की घातक गेंदबाजी का तमिलनाडु के बल्लेबाज सामना नहीं सके। तमिलनाडु की पूरी टीम 51.5 ओवर में 162 रनों पर सिमट गई। तमिलनाडु के शीर्ष तीन बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। बाबा इंद्रजीत ने सर्वाधिक 70 की पारी खेली, प्रदोष पॉल ने 25 रन जबकि विजय शंकर ने 24 रनों और कप्तान साई किशोर 21 रन बनाकर आउट हुए। तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हार का सामना करना पड़ा।

मुंबई की ओर से शम्स मुलानी से चार विकेट लिये। जबकि शार्दुल ठाकुर, मोहित अवस्थी और तनुष कोटियन ने दो-दो बल्लेबाज कों आउट किया।

ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के अपने करियर की पहली शतकीय 109 रनों पारी तथा मुशीर खान 55 रन और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रनों अर्धशतकीय पारी बदौलत मुम्बई ने कल नौ विकेट पर 353 रन बना लिये थे। इससे पहले मुंबई के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे ने तमिलनाडु की मजबूत बल्लेबाजी पर कहर बरपाया। एक समय तमिलनाडु ने मात्र रन पर चार गंवा दिए थे और ऐसा लग रहा था कि उनकी पहली 100 रन तक भी नहीं पहुंच पाएगी। इसके बाद ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर और विजय शंकर ने छठे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी करके तमिलनाडु को 100 के पार पहुंचाया। विजय ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि सुंदर ने 138 गेंद में 43 रन पारी खेली। तमिलनाडु की पहली पारी 64.1 ओवर में 146 रन पर सिमट गई। मुंबई के लिए तुषार ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए, मुशीर खान, तनुश कोटियन और शार्दुल ने दो-दो विकेट मिले।

## यश ठाकुर की नाबाद 97 रनों की पारी ने विदर्भ को संभाला

यश राठौड़ की नाबाद 97 रनों की पारी की मदद से रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल विदर्भ ने छह विकेट पर 343 रन स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। सोमवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने दूसरी पारी में छह विकेट के नुकसान पर 343 रन बना लिए हैं और उसकी बढ़त 261 रनों की हो गई। विदर्भ ने आज सुबह एक विकेट पर 13 रन के स्कोर आगे खेले हुए धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा किया। कप्तान अक्षय वाडकर 77 रन, अमन मोखाड़े 59 रन, करुण नायर 38 रन और ध्रुव शोरे 40 रन बनाकर आउट हुए।

# कमिंस आईपीएल 2024 में होंगे सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (देशबन्धु)। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने आईपीएल 2024 क्रिकेट में एडन मरक्रम की जगह अपना नया कप्तान नियुक्त किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने यह घोषणा 'एक्स' पर की। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया को पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और बीते बरस वनडे क्रिकेट विश्व फाइनल में हरा खिताब जिताया लेकिन अब तक उन्होंने अभी तक दुनिया की सबसे महंगे क्रिकेट लीग आईपीएल में किसी भी टीम की कप्तानी नहीं की है। यह पहला मौका होगा जब कमिंस किसी आईपीएल टीम की कप्तानी करेंगे। सनराइजर्स ने साथ ही ब्रायन लारा की जगह न्यूजीलैंड के डैनियल विटोरी को अपना चीफ कोच नियुक्त करने के साथ निजी कारणों से इस बार उपलब्ध न होने पर डेल स्टेन की जगह न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रेंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2024 में अपने अभियान का आगाज कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 23 मार्च को ईडन गार्डन में मैच से करने के बाद दूसरा मैच 27 मार्च को अपने घर हैदराबाद में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी। मरक्रम की कप्तानी में 2023 आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद 14 लीग मैचों में मात्र चार मैच ही जीत पाई थी।कमिंस ने 2023 में पूरा ध्यान ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर देने के कारण आईपीएल में नहीं खेले थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस को बीते बरस नीलामी में 20 करोड़ 50 लाख में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम में ने कमिंस के साथ ऑस्ट्रेलिया के ही ट्रेविज हेज और श्रीलंका के ऑलराउंडर वनिंदु हसरंगा को आईपीएल 2024 के लिए अपनी टीम में जोड़ा है।



# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट हुए यशस्वी जायसवाल

**यशस्वी जायसवाल, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका का नाम शामिल**

**नई दिल्ली,** 4 मार्च (एजेंसियां)। आईसीसी ने फरवरी 2024, प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए तीन खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया है। इस लिस्ट में भारत के इन-फॉर्म ओपनर यशस्वी जायसवाल, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पथुम निसांका का नाम शामिल है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जायसवाल ने अब तक दमदार प्रदर्शन किया और पहली बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए। हैदराबाद टेस्ट 28 रनों से हारने के बाद भारत की शुरुआत खराब रही, लेकिन जायसवाल के शानदार फॉर्म की बदौलत भारत ने वापसी की। यशस्वी ने विशाखापत्तनम और राजकोट में बैक-टू-बैक दोहरे शतक बनाए। साथ ही टेस्ट पारी में उन्होंने सर्वाधिक 12 छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। 22 साल के जायसवाल ने फरवरी के अंत में 112 की औसत से कुल 560 रन बनाए। 22 साल और 49 दिन की उम्र में बैक-टू-बैक दोहरे शतक ने उन्हें सर डोनाल्ड ब्रेडमैन और विनोद कांबली के बाद टेस्ट में दो दोहरे शतक बनाने वाले दुनिया के तीसरे सबसे युवा बल्लेबाज के रूप में भी पहचान दी। जायसवाल आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अग्रणी रन-स्कोरर सूची में भी शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरी ओर विलियमसन को मार्च 2023 के बाद पहली बार इस अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है, जब दक्षिण अफ्रीका पर न्यूजीलैंड की पहली टेस्ट श्रृंखला जीत में शतकों की एक और श्रृंखला सुर्खियों में रही। फरवरी के दौरान विलियमसन ने दो टेस्ट मैचों में 403 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार भी मिला।



# सुक्खू ने एशियन रिवर राफ्टिंग चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

**शिमला,** 4 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से चार से नौ मार्च, 2024 तक बसंतपुर के निकट सतलुज नदी में आयोजित की जा रही एशियन रिवर राफ्टिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर चैम्पियनशिप शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, ईरान, इराक, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा इंडोनेशिया सहित 20 टीमें भाग ले रही हैं। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में जिला हमीरपुर के नादौन में राफ्टिंग मैराथन और गत वर्ष जिला शिमला के जुन्गा में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। राज्य में लोगों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए साहसिक खेल गतिविधियों का आयोजन करवाया जा रहा है। इससे प्रदेश ने राजस्व बढ़ौतरी के साथ-साथ लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होती है।

**प्रतियोगिता में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, ईरान, इराक, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा इंडोनेशिया सहित 20 टीमें ले रही भाग**




मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार है इससे हजारों परिवार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र की अधोसंरचना को मजबूत कर राज्य में पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है ताकि एक वर्ष में पांच करोड़ पर्यटकों के आगमन का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, सातवें वित आयोग के अध्यक्ष नंदलाल, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, विधायक हरीश जनारथा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम, हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, कांग्रेस के नेता सतपाल रायजादा और सुरेंद्र मनकोटिया, निदेशक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मानसी सहाय ठाकुर, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# चिली ओपन : फाइनल मुकाबले में सेबेस्टियन बेज ने एलेजांद्रो को हराया

**सैंटियागो,** 4 मार्च (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को 3-6, 6-0, 6-4 से हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 इवेंट और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ 23 वर्षीय सेबस्टियन बेज सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के बेस्ट 19वें नंबर पर पहुंच जाएंगे और अपने हमवतन फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल कर लेंगे। रविवार को मिली जीत के साथ बेज ने दो हफ्ते तक अपना विजय रथ जारी रखा, जिसमें उन्होंने रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 और चिली ओपन जीता। बात अगर चीली ओपन फाइनल मुकाबले की करें तो टेबिलो ने तेज शुरुआत की और शुरुआती सेट अपने नाम कर लिया। हालांकि, बेज ने दमदार वापसी की और दो सेट लगातार जीते। बेज ने मैच के बाद कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं।



## सार संक्षेप

### पावर लिफ्टिंग में सिरसा के गुरजाप सिंह ने जीता गोल्ड

**सिरसा।** नई दिल्ली में रविवार को आयोजित मिस्टर इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिरसा निवासी गुरजाप सिंह ने पॉवर लिफ्टिंग में गोल्ड व स्ट्रोंगमेन में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवांवित किया है। गुरजाप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया। बेटे के गोल्ड जीतकर आने की खुशी में परिजनों ने गुरजाप का मुंह मीठा करवाकर बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। गुरजाप सिंह ने बताया कि उसके परिवार में सभी सदस्य खिलाड़ी हैं। उसने बताया कि 2021 से लगातार वह आरके फिटनेस जिम में अभ्यास कर रहा है। इससे पूर्व भी गुरजाप पांच बार गोल्ड मैडल जीत चुका है, जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

### कश्मीर सरकार पदक विजेताओं को देगी नगद पुरस्कार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने पहली बार 'खेल नीति 2022' के अंतर्गत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद ने बताया कि खेल नीति 2022 के तहत बहुत जल्द आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। इस समारोह में केन्द्रशासित प्रदेश के उप-राज्यपाल एवं खेल परिषद के अध्यक्ष मनोज सिन्हा खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देंगे। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को दिया जाएगा, जिन्होंने वर्ष 2021-22 और 2022-23 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राज्यपाल सिन्हा द्वारा पहले ही नगद पुरस्कार की मंजूरी दे दी है। इस समारोह में जिम्नास्टिक, तलवारबाजी, मार्शल आर्ट (वुशु), पेंचक सिलेट, मुक्केबाज़ी, जूडो, वॉलीबॉल, पावरलिफ्टिंग, रोलर स्केटिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले करीब 400 खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने हालांकि इस समारोह की निश्चित तिथि की अभी घोषणा नहीं की है लेकिन बहुत इसकी घोषणा करेंगे।

### केएल राहुल लंदन से भारत लौटे, आईपीएल में वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर हैं और मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। इस बीच बताया गया है कि राहुल मेडिकल चेकअप के बाद लंदन से भारत लौट आए हैं। क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने सोमवार को बताया कि वह पुनर्वास के लिए बेंगलुरु में एनसीए में रहेंगे और आईपीएल 2024 से पहले पूरी तरह से फिट होने के लिए काम करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान को जल्द ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी मिल जाएगी। सूत्र ने कहा कि यह कोई बड़ी चोट नहीं थी, लेकिन वह 100 फीसदी फिट महसूस नहीं कर रहे थे और कोई बड़ा जोखिम नहीं लेना चाहते थे।